

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

कुछ इस तरह मैंने जिंदगी को आसान कर लिया, किसी से माफी मांग ली, किसी को माफ कर दिया।

दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



शिकायत कम और शुक्रिया ज्यादा करने से जिंदगी आसान हो जाती है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, मंगलवार, 01 जुलाई, 2025 | अषाढ़ शुक्ल पक्ष: षष्ठी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 180 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज़ ब्रीफ

### तेजपाल सभ्रवाल 30 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित प्रेस शाखा में कार्यरत अधीक्षक तेजपाल सभ्रवाल अपनी तीस वर्षों की संतोषजनक सेवा पूरी करने पर सेवानिवृत्त हो गए। तेजपाल ने विभाग में 31 जुलाई 1995 को लिपिक के पद पर अपनी सेवाएं आरंभ की थी। उन्होंने प्रेस शाखा के प्रेस फेसिलिटि अनुभाग में 1997 से अपनी ज्वाइनिंग की थी और अधीक्षक के पद पर तक कार्य किया। तेजपाल अपनी मृदुभाषी व तत्काल फाइल कार्य निपटाने की कार्यशैली के धनी थे और मीडियाकर्मियों में एक कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी के रूप में जाने जाते थे। मुख्यमंत्री सहित अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों व मंत्रियों की प्रेस कान्फ्रेंस मुख्यालय पर करवाने में उनकी अग्रणी भूमिका रहती थी। इसके अलावा समय-समय पर फील्ड में प्रेस पार्टियां ले जाने के लिए भी विभाग के लिए तत्परता से कार्य करते थे। तेजपाल के सेवानिवृत्त पर हरियाणा सिविल सचिवालय के कार पार्किंग में स्थित डॉ. अम्बेडकर सभागार में विदाई पार्टी समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रेस शाखा के प्रभारी संयुक्त निदेशक डॉ. साहिब राम गोदारा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया।

### रेलवे के यात्री किराये बढ़े

**नई दिल्ली (अप्रस)।** भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से वृद्धि की गयी है। बड़े शहरों की उपनगरीय तथा मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है। रेल मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय रेलवे ने एक जुलाई से मेल-एक्सप्रेस गाड़ियों के अनारक्षित द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी एवं गैर वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा सभी प्रकार की वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की एक समान वृद्धि की है। सूत्रों के अनुसार साधारण पैसेंजर श्रेणी की ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं की गयी है, जबकि 501 किलोमीटर से 1500 किलोमीटर तक दूरी के टिकट पर पांच रुपये, 1501 से 2500 किलोमीटर के टिकट के लिए 10 रुपये तथा 2501 से 3000 किलोमीटर तक किराये पर 15 रुपये बढ़ाये गये हैं।




# हिमाचल में भारी बारिश से 285 सड़कें बंद लैंडस्लाइड के बाद टनल में घंटों फंसे रहे यात्री

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली/ चंडीगढ़/शिमला। पंजाब, हरियाणा,** हिमाचल प्रदेश में रविवार से ही तेज बारिश हुई। जिसके चलते हिमाचल में लैंडस्लाइड से प्रदेशभर की 285 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। मानसून के बाद से राज्य में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में 3 ने जान गंवाई है।

हिमाचल के मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर थलौट की भुभु जोत टनल के पास सोमवार सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इससे टनल के अंदर 5 घंटे तक कई गाड़ियां फंसी रहीं। अलर्ट के चलते सोमवार को हिमाचल के 4 जिलों में स्कूल बंद हैं।

**बिहार में 5 की मौत:** बिहार के भोजपुर, बक्सर और नालंदा में बिजली गिरने से 5 की मौत हो गई। वहीं, गया के इमामगंज में लगुराही वाटरफॉल में रविवार को अचानक पानी बढ़ गया। तेज बहाव में 6 लड़कियां बह गईं। स्थानीय लोगों ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

मौसम विभाग के अनुसार, 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में बारिश होगी। उत्तराखंड और झारखंड में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत 12 राज्यों में तेज बारिश का ऑरेंज और 17 राज्यों में यलो अलर्ट है।



### जम्मू में मकान पर बिजली गिरी, परिवार की जान बची

जम्मू शहर के बाहरी इलाके में सोमवार सुबह करीब 7 बजे एक घर पर बिजली गिरी, जिससे घर को काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि घटना जम्मू जिले के बिश्नाह तहसील के धिनाडी खुर्द गांव की है। बिजली गिरने के कारण घर के कई सारे इलेक्ट्रॉनिक सामान खराब हो गए।

### पठानकोट में मूसलाधार बारिश से रणजीत सागर बांध प्रोजेक्ट रोड बंद

पंजाब के पठानकोट जिले में हुई मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई। रणजीत सागर बांध परियोजना को जाने वाले प्रोजेक्ट रोड पर व्यू प्वाइंट के निकट और शाहपुरकंडी से धारकला को जोड़ने वाली सड़क पर भारी लैंडस्लाइडिंग के कारण मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। इससे स्थानीय लोगों और परियोजना कर्मियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लैंडस्लाइडिंग की सूचना मिलते ही रणजीत सागर बांध परियोजना के कम्युनिकेशन मंडल के एसडीओ गुरमुख सिंह, राजकुमार और जूनियर इंजीनियर ठाकुर सुरजीत सिंह मक्खन, साथ ही पेस्को सिक्योरिटी के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर अनिल भट्ट और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। सरकारी मशीनरी और जेसीबी की मदद से मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। हालांकि, सड़क पर गिरी बड़ी चट्टानों को तोड़कर हटाने में काफी समय लगा तब जाकर रास्ता क्लीयर किया गया।



### शिमला में 3 सेकेंड में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरी

हिमाचल में शिमला के भट्टाकुफर में सोमवार को 5 मंजिला मकान 5 सेकेंड में ढह गया। फोरलेन के लिए कटिंग की वजह से मकान की नींव हिल गई थी। बारिश होने के बाद नींव से मिट्टी धंस गई, जिस वजह से बिल्डिंग सुबह करीब 8 बजे गिर गई। हालांकि खतरे को देखते हुए बीती रात 12 बजे ही इसे खाली करवा दिया गया था। यह मकान रंजना वर्मा का है। इस मकान के गिरने से साथ के 2 घरों को भी खतरा पैदा हो गया है।

# तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाका 12 मजदूरों की मौत और 34 जख्मी

ब्लास्ट के वक्त फैक्ट्री में मौजूद थे करीब 150 लोग

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**संगारेड्डी।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह दवा बनाने वाली फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हो गया। घटना में 12 मजदूरों की मौत हो गई, 34 लोग जख्मी हैं। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ।

राज्य के श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी ने कहा कि अबतक 4 शव बरामद हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी।आईजी वी सत्यनारायण ने बताया कि घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ, डीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों के साथ ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौजूद हैं। ब्लास्ट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। रिएक्टर में तेजी से केमिकल रिएक्शन होने से ब्लास्ट की संभावना जताई गई है।



### पीएम मोदी ने जताया दुख

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करके ब्लास्ट की घटना पर दुख जताया। पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की।

# मजीठिया जांच में नहीं कर रहे हैं सहयोग: विजिलेंस

बोली - पंजाब और हिमाचल लेकर गए, संदिग्ध प्रॉपर्टी की जांच नहीं हो पाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ जांच तेज कर दी है। पंजाब के पूर्व डीजीपी सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय, ईडी के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर, पूर्व पीए तलबीर सिंह गिल और मजीठिया के करीबी माने जाने वाले लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। सोमवार को को विजिलेंस टीम मजीठिया को लेकर हिमाचल प्रदेश के शिमला के मशोबरा एरिया और पंजाब के कई स्थानों पर गई थी, लेकिन विजिलेंस का आरोप है कि मजीठिया ने वहां जाकर जांच में सहयोग नहीं किया। ऐसे में संदिग्ध संपत्ति की जांच नहीं हो पाई।



उधर, कारोबारी मनजिंदर सिंह बिट्टू औलख और जगजीत सिंह चहल ने मोहाली स्थित विजिलेंस ऑफिस में पेश होकर दोपहर 1.30 से शाम 4.30 बजे तक पूछताछ में सहयोग किया। दोनों पर ड्रग तस्करी और मजीठिया से घनिष्ठ संबंध होने के आरोप हैं।

मीडिया से बात करते हुए दोनों ने कहा कि अगर हमने कोई गलत काम किया हो तो चौराहे पर खड़ा कर गोली मार देना चाहिए। साथ ही उन्होंने मांग की कि पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हरदयाल सिंह मान से भी पूछताछ होनी चाहिए।

इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने इस मामले में यू-टर्न लेते हुए कहा है कि यदि विजिलेंस उसी केस की जांच कर रही है, जो उन्होंने दर्ज करवाया था, तो वह जांच में सहयोग देने को तैयार हैं।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वर्ष 2026 के लिए भारत की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे पीएम मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी सात जुलाई को रियो डि जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वर्ष 2026 के लिए भारत की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे। पीएम मोदी दो जुलाई से नौ जुलाई तक घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह घाना, नामीबिया और त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद के विदेश सत्रों को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही उन्हें कुछ देशों द्वारा अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी अलंकृत किये जाने की संभावना है।

विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दामू रवि ने कहा प्रधानमंत्री 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करेंगे। यह यात्रा 30 वर्षों के बाद हो रही है। राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने अभी-अभी भारी जीत के बाद पदभार संभाला है। घाना के साथ भारत के संबंध ऐतिहासिक हैं। हमारे संबंधों के कई दशकों के दौरान, यह बहुआयामी रहा है।दोनों देश अपने आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की



दिशा में काम करेंगे। आर्थिक एजेंडा वार्ता पर हावी होगा। भारत और घाना के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग तीन अरब डॉलर है, मुख्य रूप से बड़े सोने के आयात के कारण। इस यात्रा के दौरान कृषि, पश्चिम अफ्रीका में टीका विकास केंद्र, रक्षा सहयोग, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कुछ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के निमंत्रण पर पीएम मोदी 3-4 जुलाई, 2025 से त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह पीएम मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली यात्रा है, और 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। यह यात्रा एक उपयुक्त समय पर हुई है, क्योंकि इस वर्ष, 2025 में, देश त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय प्रवासियों के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने की याद में है। बताया गया है कि वर्तमान में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों भारतीय मूल के हैं, संयोग से, दोनों महिलाएं हैं, दोनों वकील हैं, और दोनों को अपनी भारतीय जड़ों और विरासत पर गर्व की गहरी भावना है, और वे खुद को भारत की बेटियों के रूप में वर्णित करते हैं।

रवि ने कहा कि सत्रहवां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन छह और सात जुलाई को रियो, ब्राजील में हो रहा है। रियो शिखर सम्मेलन का विषय समावेशी और सतत शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मजबूत करना है। भारत अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा। सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा का ब्रिक्स शिखर सम्मेलन खंड 6-7 जुलाई को होगा और द्विपक्षीय यात्रा खंड आठ जुलाई को होगा। राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रपति लूला के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

**जीएसटी** | जीएसटी के 8 साल पूरे, पिछले 5 सालों में दोगुनी हुई टैक्स वसूली

# टैक्स कलेक्शन के आंकड़ों ने नया रिकॉर्ड बनाया

2024-25 में हर महीने 1.84 लाख करोड़ टैक्स कलेक्शन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** देश में जीएसटी लागू हुए सोमवार को 8 साल पूरे हो गए हैं। 1 जुलाई 2017 को देश में जीएसटी लागू किया गया था। इस दौरान टैक्स कलेक्शन के आंकड़ों ने नया रिकॉर्ड बनाया है। वित्त वर्ष 2024-25 में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 22.08 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो 5 साल पहले 2020-21 में सिर्फ 11.37 लाख करोड़ था। यानी, 5 साल में टैक्स वसूली लगभग दोगुनी हो गई है। 2024-25 में हर महीने औसत जीएसटी कलेक्शन 1.84 लाख करोड़ रुपए रहा। ये 5 साल पहले 2020-21 में 95 हजार करोड़ रुपए था।

**टैक्सपेयर्स की संख्या भी दोगुनी से ज्यादा बढ़ी:** जीएसटी लागू होने के वक्त 2017 में रजिस्टर्ड टैक्सपेयर्स की संख्या 65 लाख थी, जो अब बढ़कर 1.51 करोड़ से ज्यादा हो गई है। इससे सरकार का टैक्स बेस भी मजबूत हुआ है। सरकार का कहना है कि जीएसटी लागू होने के बाद टैक्स कलेक्शन और टैक्स बेस दोनों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इससे देश की फिस्कल पोजिशन मजबूत हुई है और टैक्स सिस्टम ज्यादा पारदर्शी और आसान बना है।

**इकोनॉमी की हेल्थ दिखाता है जीएसटी कलेक्शन:** जीएसटी कलेक्शन इकोनॉमिक हेल्थ का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। हायर कलेक्शन मजबूत उपभोक्ता खर्च, औद्योगिक गतिविधि और प्रभावी कर अनुपालन का संकेत देते हैं। अप्रैल महीने में बिजनेसेज अक्सर मार्च से वर्ष के अंत के लेन-देन को क्लियर करते हैं, जिससे टैक्स फाइलिंग्स और कलेक्शन्स में वृद्धि होती है। केपीएमजी के नेशनल हेड अभिषेक जैन ने कहा कि अब तक का हाईएस्ट जीएसटी कलेक्शन मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था को दर्शाता है।




### इतिहास में सबसे बड़ा टैक्स कलेक्शन अप्रैल 2025 में

सरकार ने अप्रैल 2025 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से 2.37 लाख करोड़ रुपए जुटाए थे। सालाना आधार पर इसमें 12.6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी। ये जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड है। इससे पहले हाईएस्ट जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड अप्रैल 2024 में बना था। तब सरकार ने 2.10 लाख करोड़ रुपए जुटाए थे।




# ड्रग्स के खिलाफ अभियान में पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी

# अमृतसर में 60 किलो हेरोइन बरामद, 9 आरोपी गिरफ्तार

पाकिस्तान और कनाडा से संचालित किया जा रहा था ड्रग सिंडिकेट : डीजीपी गौरव यादव

जेल से मोबाइल फोन के जरिए चल रहे नेटवर्क को पकड़ा, कई हवाला लिंक उजागर : सीपी अमृतसर गुरप्रीत भुल्लर



अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**अमृतसर, 30 जून।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत चलाई जा रही 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के तहत नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजस्थान पुलिस के सहयोग से पाकिस्तान आधारित तस्कर तनवीर शाह और कनाडा आधारित हैंडलर जोबन क्लेर द्वारा संचालित एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करते हुए राजस्थान के बाड़मेर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से 60.302 किलो हेरोइन की बड़ी खेप बरामद की है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

इस कार्रवाई के दौरान पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर से तस्करों और हवाला ऑपरेटरों समेत कम से कम नौ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के गांव रामपुरा के गगनदीप सिंह उर्फ गगन (23, गांव खुरमनियां के जशनप्रीत सिंह उर्फ जशन (20), गांव बोपाराय बाज के गुरसाहिब सिंह (25), जम्मू-कश्मीर के गांव कल्याणा के राजीव पंजगोत्रा उर्फ राजवीर (29), फतेहपुर ब्राह्मणा, जम्मू-कश्मीर के सोमनाथ (62), सिम्बल कैंप, जम्मू-कश्मीर के पुरुषोत्तम सिंह उर्फ काला (50), अमृतसर के गांव मूलेचक के कुलविंदर सिंह (24), जम्मू-कश्मीर के गांव टांडा की रजिंदर कौर (42) के रूप में हुई है। इसके अलावा एक हवाला ऑपरेटर को भी गिरफ्तार किया गया है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह ड्रग कार्टेल पाकिस्तान आधारित तस्कर तनवीर शाह और कनाडा आधारित तस्कर जोबन क्लेर द्वारा स्थानीय किंगपिन गुरसाहिब सिंह की मदद से संचालित किया जा रहा था, जो पहले से ही गोइंदवाल साहिब जेल में बंद है और जेल के अंदर से मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर इस नेटवर्क को लगातार चला रहा था। उन्होंने बताया कि जेल अधिकारियों की मदद से उसका फोन बरामद कर लिया गया है और कनाडा-पाकिस्तान से जुड़े नेटवर्क की गहराई से जांच के लिए उसका प्रोडक्शन वारंट हासिल किया गया है। डीजीपी ने बताया कि इस मामले में आगे-पीछे के सभी संबंधों की जांच की जा रही है।

विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि यह ऑपरेशन पिछले महीने गुरसाहिब सिंह को छेहर्टा से 1 किलो हेरोइन समेत गिरफ्तार करने के तुरंत बाद शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि जेल में होने के बावजूद आरोपी गुरसाहिब अपने भतीजे जशनप्रीत सिंह और साथी गगनदीप सिंह, जिन्हें 102 ग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार किया गया था, के जरिए यह नेटवर्क चला रहा था।

उन्होंने बताया कि इन दोनों आरोपियों से पूछताछ के दौरान बाड़मेर में 60 किलो हेरोइन की बड़ी खेप का पता चला। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान हवाला ऑपरेटर की गिरफ्तारी से ड्रग मनी के लेन-देन के हवाला नेटवर्क का भी भंडाफोड़ हुआ है।

**सीमा पार से नशे की तस्करी कर पंजाब भेजे जा रहे थे**

यह कार्रवाई डीसीपी (डी) सिटी रविंदरपाल सिंह, एडीसीपी (डी) जगबिंदर सिंह, एडीसीपी-2 हरपाल सिंह, एसीपी (डी) यादविंदर सिंह, एसीपी वेस्ट शिवदर्शन सिंह, एसएचओ छेहर्टा विनोद शर्मा, सीआईए-1 इंचार्ज अमोलकदीप सिंह और सीआईए-2 इंचार्ज रवि कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि भारत-पाकिस्तान सीमा पार से नशे की तस्करी कर स्थानीय डिस्ट्रीब्यूशन चैनलों के जरिए राजस्थान के रास्ते पंजाब भेजे जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के तनवीर शाह से जुड़े पांच अन्य आरोपियों की भी पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है। इस संबंध में अमृतसर के थाना छेहर्टा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-बी, 21-सी, 27-बी और 29 के तहत एफआईआर नंबर 118, दिनांक 17/06/2025 दर्ज की गई है।

# पंजाब बाल विवाह मुक्त राज्य बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, 58 मामलों को सफलतापूर्वक रोका गया : डॉ. बलजीत कौर

पंजाब सरकार की बाल विवाह के खिलाफ निरंतर लड़ाई के ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं

गांव-गांव चल रही जागरूकता मुहिम बाल विवाह रोकने में सहायक, प्रदेशभर में एक्शन टीमें सक्रिय



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 जून।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य को बाल विवाह की बुराई से मुक्त करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि सरकार के सक्रिय हस्तक्षेप और जागरूकता अभियानों के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक विभाग द्वारा समय पर कार्रवाई कर 42 बाल विवाहों को सफलतापूर्वक रोका गया, जबकि जनवरी 2025 से मार्च 2025 के बीच 16 अन्य मामलों को भी रोका गया। इस प्रकार पिछले 15 महीनों में पंजाब में कुल 58 बाल विवाह टाले गए हैं। मंत्री ने कहा कि यह उत्साहजनक उपलब्धि पंजाब सरकार की बच्चों के अधिकारों और उनके सुरक्षित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने दोहराया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है और इसे पूरी तरह समाप्त करने के लिए सख्त रोकथाम उपाय किए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 चौबीसों घंटे सक्रिय है, जिसके माध्यम से कोई भी नागरिक बाल विवाह या बच्चों से संबंधित किसी भी प्रकार के शोषण या दुर्व्यवहार की सूचना गोपनीय रूप से दे सकता है। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है, ताकि लोगों को निडर होकर रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, अपने गांव के सीनियर सेकेंडरी सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपल और बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिन्हें बाल विवाह रोकथाम अधिकारी नियुक्त किया गया है, को भी इस प्रकार की घटनाओं की तुरंत जानकारी दी जा सकती है, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। डॉ. बलजीत कौर ने आगे कहा कि जो भी माता-पिता या व्यक्ति बाल विवाह करवाने या उसे प्रोत्साहित करने का प्रयास करेगा, उसके विरुद्ध क़ानून के अनुसार कड़ी सजा का प्रावधान है। उन्होंने बल देते हुए कहा कि बाल्यावस्था बच्चों के भविष्य को संवारने का समय है और इस उम्र में विवाह करना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिए सरकार द्वारा विवाह के मौसम में विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। ये जागरूकता कार्यक्रम जिले और गांव स्तर पर शीघ्र ही प्रारंभ किए जाएंगे ताकि बाल विवाह के मामलों पर सख्ती से अंकुश लगाया जा सके।

अंत में डॉ. बलजीत कौर ने शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों, सरपंचों, गैर-सरकारी संगठनों और जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने में सरकार का सहयोग करें, ताकि हर बच्चे के लिए एक प्रगतिशील और सुरक्षित पंजाब का निर्माण हो सके।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 121वें दिन 83 नशा तस्कर गिरफ्तार

# 65 किलो हेरोइन व एक लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद

नशा छुड़ाने के प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने 44 व्यक्तियों को नशा छोड़ने के इलाज के लिए सहमत किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 जून।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार प्रदेश से नशों के पूरी तरह खात्मे के उद्देश्य से चलाई जा रही ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ मुहिम के 121वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 83 नशा तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 65.4 किलो हेरोइन, 1.2 किलो अफीम और 1.04 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इसके साथ ही बीते 121 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 19,801 हो गई है।

यह ऑपरेशन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों के तहत राज्य के सभी 28 जिलों में एक साथ चलाया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एसएसपी को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के आदेश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी गठित की है। ऑपरेशन की जानकारी साझा करते हुए स्पेशल डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अरपित शुक्ला ने बताया कि 92 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 1300 से अधिक पुलिस कर्मचारियों की भागीदारी वाली 200 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 417 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके दौरान प्रदेश में 56 एफआईआर दर्ज की गईं। उन्होंने बताया कि दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 424 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की।

स्पेशल डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य से नशा समाप्त करने के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - प्रवर्तन, नशा मुक्ति और रोकथाम (ई डी पी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के तहत 44 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए सहमत भी किया है।

# उद्योगों को अब हर साल नहीं लेनी होगी फायर एनओसी : तरुनप्रीत सिंह सौंद

मान सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए इमारतों की ऊँचाई सीमा 18 से बढ़ाकर की 21 मीटर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 जून।** पंजाब सरकार ने राज्य में अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक बनाने और उद्योगों के लिए कारोबार करने की प्रक्रिया को और सरल व बेहतर बनाने के लिए अहम कदम उठाए हैं। उद्योगों और आम नागरिकों के लिए पंजाब फायर एंड इमरजेंसी सर्विस एक्ट, 2024 लागू किया गया है। औद्योगिक इमारतों की अनुमत ऊँचाई अब 18 मीटर से बढ़ाकर 21 मीटर कर दी गई है।

पंजाब भवन में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि 27 जून को निदेशालय, पंजाब फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज (स्थानीय निकाय विभाग) द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, विभिन्न उद्योगों के जोखिम वर्गीकरण के आधार पर कई उद्योगों के फायर सेफ्टी एन.ओ.सी. की वैधता अवधि 1 वर्ष से बढ़ाकर 3 से 5 वर्ष कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उद्योगों को 3 श्रेणियों में बांटा गया है, और केवल वे उद्योग जो उच्च जोखिम या अत्यधिक खतरनाक स्तर के हैं, उन्हें ही वार्षिक एन.ओ.सी. की आवश्यकता होगी। कम जोखिम वाले उद्योगों के लिए एन.ओ.सी. की वैधता 5 वर्ष तथा मध्यम जोखिम वाले उद्योगों के लिए 3 वर्ष होगी। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से लालफीताशाही पर अंकुश लगेगा और उद्यमी अपना कारोबार और अधिक आसानी से चला सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि कम जोखिम वाले उद्योगों की सूची में 43 उद्योग, मध्यम जोखिम वाले उद्योगों की सूची में 63 उद्योग, और उच्च जोखिम वाले उद्योगों की सूची में 39 उद्योग शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योग्य आर्किटेक्ट द्वारा तैयार की गई अग्निशमन ड्राइंग/योजना को विभाग द्वारा स्वीकार किया जाएगा। किसी अन्य सलाहकार या एजेंसी से अग्निशमन ड्राइंग/योजना की जांच कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

उद्योग मंत्री ने कहा कि फायर एन.ओ.सी. प्राप्त करने के लिए आवेदन करते समय मालिक/अधिकृत व्यक्ति द्वारा 53 बिंदुओं की एक विस्तृत चेकलिस्ट प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को भी समाप्त कर दिया गया है। सौंद ने कहा कि अधिसूचना के अनुसार अब इमारत के मालिक को ऑनलाइन वार्षिक स्व-प्रमाणीकरण प्रस्तुत करने की अनुमति होगी। उन्होंने कहा कि सरकार के इन फैसलों से उद्योगों को राहत मिलेगी और वे अपना अधिक ध्यान व्यापारिक विकास की ओर केंद्रित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उद्योगों को अनावश्यक अनुमतियाँ लेने से भी छुटकारा मिलेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला लड़की का शव, पुलिस ने की जांच शुरू

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 30 जून।** सोमवार सुबह पुलिस को नाभा साहिब क्षेत्र में बने एक होमस्टे के बाहर से एक लड़की का शव बरामद हुआ है। इस संबंधी जानकारी देते हुए थाना जीरकपुर के जांच अधिकारी लाभ सिंह ने बताया के उन्हें सुबह करीब 4.15 बजे एक फोन आया था कि नाभा साहिब क्षेत्र में स्थित बंसल इजी होमस्टे के आगे एक लड़की का शव पड़ा हुआ है जिसने चौथी मंजिल से छलांग लगा दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस पार्टी ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी। उन्होंने बताया के उषा बोध (20) नामक लड़की जो की राजीव गांधी गवर्नमेंट कॉलेज शिमला की बीएससी फर्स्ट ईयर की छात्रा थी और करीब 15 दिन पहले अपनी पढ़ाई के साथ संबंधित ट्रेनिंग के लिए यहां आई थी और कमरा किराए पर लिया था। जांच में लड़की के कब्जे में से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है इसीलिए यह मामला संदिग्ध है। पुलिस ने लड़की के परिजनों को सूचित कर दिया है जो की कल यहां पहुंच जाएंगे। लड़की के परिजनों के आने के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी। सबको डेराबस्सी की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

## डेरा बस्सी ट्रक यूनियन हुई डिजिटल, विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 30 जून।** ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देते हुए डेरा बस्सी मुबारकपुर ट्रक ऑपरेटर यूनियन ने अब अपना कामकाज डिजिटल कर दिया है। हलका विधायक और पंजाब ट्रांसपोर्ट विंग के प्रधान सरदार कुलजीत सिंह रंधावा की मौजूदगी में यूनियन में डिजिटल एलईडी स्क्रीन सिस्टम का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर विधायक रंधावा ने कहा कि वे इस ट्रक यूनियन से पिछले लंबे अरसे से जुड़े हुए हैं और यह उनके लिए गर्व की बात है कि यूनियन लगातार तरक्की कर रही है। उन्होंने बताया कि अब पुकार (बुलावा) की प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया गया है, जिससे पारदर्शिता और रफ्तार दोनों बढ़ेंगी। अब जहां पहले कागजों पर ट्रक ऑपरेटरों को बुलाया जाता था, वहीं अब 65 इंच की बड़ी एलईडी स्क्रीन पर सारा डेटा दिखाया जाएगा। इससे यूनियन के सदस्यों को कामकाज में आसानी होगी।

रंधावा ने कहा कि डेरा बस्सी ट्रक यूनियन का औद्योगिक इकाइयों के साथ तालमेल बेहतरीन है और यहां कोई विवाद नहीं होता। यह पूरे पंजाब के लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद यूनियन का काम और भी मजबूत हुआ है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि ट्रांसपोर्ट मंत्री के साथ नई ट्रांसपोर्ट पॉलिसी को लेकर कल मीटिंग रखी गई है, जिसमें यूनियन के सदस्यों की राय भी शामिल की जाएगी।

यूनियन प्रधान सुखदीप सिंह फौजी ने बताया कि यूनियन में करीब 1000 ट्रक शामिल हैं, जबकि पिछली सरकार के दौरान यह संख्या आधी रह गई थी। बीते तीन साल में यूनियन ने दोबारा रफ्तार पकड़ी है और नए वाहन भी जुड़े हैं। आने वाले दिनों में ट्रकों में जीपीएस सिस्टम लगाने की योजना है, जिसके लिए कुछ कंपनियों से बातचीत चल रही है। इस अवसर पर विधायक रंधावा ने एक घंटे तक यूनियन दफ्तर में बैठकर ऑपरेटरों, कमेटी मेंबरों और स्टाफ के साथ बातचीत कर समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। डिजिटल सिस्टम की शुरुआत से यूनियन में कामकाज और पारदर्शी होगा, जिससे ट्रांसपोर्टरों को सीधा फायदा मिलेगा।

## पंजाब सरकार ने दिव्यांग सैनिकों और शहीदों के आश्रितों को 3.69 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी की : मोहिंदर भगत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 जून।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने युद्ध अथवा ऑपरेशंस के दौरान सेवाएं निभाते हुए दिव्यांग हुए सैनिकों और शहीद सैनिकों के आश्रितों को वित्तीय सहायता के रूप में 3,69,07,500 रुपये की एक्स-ग्रेशिया राशि वितरित की है।

इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने बताया कि यह वित्तीय सहायता राज्य के 9 जिलों के 18 दिव्यांगजनों और शहीद सैनिकों के परिवारों को प्रदान की गई है।

सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्री भगत ने कहा कि पंजाब के वीर पुत्रों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है और उनके परिवारों के साथ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। यह एक्स-ग्रेशिया राशि देश के लिए इन बहादुरों द्वारा की गई बेमिसाल सेवा के प्रति धन्यवाद और सम्मान का विनम्र संकेत है।

उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण और सम्मान के लिए निरंतर हर संभव कदम उठाती रहेगी।


**DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES**

DRAW TIME: 06:00 PM ONWARDS DRAW DATE:30/06/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 10 GOLD MONDAY WEEKLY LOTTERY

**MRP Rs 10/- Per Ticket**

1st Prize Amount (10)Rs.10,000/-,Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Total Prize Amount Rs.10500/- each)
6897

2nd Prize Amount (10)Rs.2000/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.200/-, Total Prize Amount Rs.2200/- each)
9292

3rd Prize Amount (100)Rs.500/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs.550/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0250 | 0787 | 1419 | 2262 | 4593 | 5248 | 7058 | 7165 | 9439 | 9951 |

4th Prize Amount (100)Rs.200/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.20/-, Total Prize Amount Rs.220/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0888 | 1306 | 2007 | 2394 | 2464 | 4739 | 4972 | 6349 | 8276 | 8612 |

5th Prize Amount (2000)Rs.100/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.10/-, Total Prize Amount Rs.110/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0020 | 0028 | 0038 | 0108 | 0151 | 0159 | 0168 | 0264 | 0277 | 0287 |
| 0316 | 0325 | 0337 | 0469 | 0491 | 0504 | 0507 | 0728 | 0764 | 0795 |
| 0894 | 1018 | 1075 | 1127 | 1131 | 1307 | 1438 | 1500 | 1581 | 1624 |
| 1643 | 1654 | 1655 | 1668 | 1680 | 1700 | 1703 | 1723 | 1892 | 1993 |
| 2032 | 2037 | 2073 | 2092 | 2176 | 2187 | 2310 | 2343 | 2363 | 2400 |
| 2406 | 2519 | 2606 | 2609 | 2679 | 2701 | 2707 | 2718 | 2730 | 2862 |
| 2866 | 3002 | 3060 | 3104 | 3147 | 3316 | 3338 | 3367 | 3418 | 3471 |
| 3510 | 3531 | 3537 | 3553 | 3561 | 3570 | 3592 | 3638 | 3649 | 3698 |
| 3704 | 3788 | 3878 | 3901 | 3920 | 3932 | 3937 | 3998 | 4078 | 4079 |
| 4147 | 4152 | 4176 | 4199 | 4203 | 4243 | 4253 | 4576 | 4710 | 4797 |
| 4851 | 4876 | 4904 | 4927 | 5060 | 5088 | 5105 | 5108 | 5155 | 5190 |
| 5211 | 5222 | 5348 | 5352 | 5386 | 5395 | 5423 | 5492 | 5497 | 5523 |
| 5528 | 5555 | 5834 | 5983 | 6057 | 6058 | 6087 | 6137 | 6153 | 6259 |
| 6288 | 6292 | 6381 | 6431 | 6496 | 6600 | 6722 | 6727 | 6777 | 6842 |
| 6944 | 6962 | 7030 | 7047 | 7065 | 7090 | 7112 | 7116 | 7166 | 7247 |
| 7253 | 7288 | 7357 | 7360 | 7444 | 7530 | 7533 | 7619 | 7836 | 7889 |
| 7897 | 7912 | 7970 | 8092 | 8118 | 8248 | 8279 | 8344 | 8413 | 8493 |
| 8494 | 8594 | 8599 | 8682 | 8760 | 8813 | 8905 | 8976 | 8984 | 8994 |
| 9151 | 9163 | 9172 | 9187 | 9291 | 9313 | 9361 | 9474 | 9484 | 9522 |
| 9554 | 9615 | 9689 | 9755 | 9769 | 9783 | 9823 | 9844 | 9901 | 9981 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly check the final result with Official Gazette Notification


# 30 ग्राम हेरोइन सहित एक काबू



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 30 जून।** सोमवार को बलटाना पुलिस ने 30 ग्राम हीरोइन सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंधी जानकारी देते हुए पुलिस चौंकी बलटाना के प्रभारी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह 11.00 बजे बलटाना पुलिस के एएसआई नाथीराम पुलिस पार्टी के सहित चॉइस होटल वाली रोड़ पर मौजूद थे तो उन्हें सामने से एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर वापस जाने लगा जिसे एएसआई नाथीराम ने रोक कर पूछताछ की। जिस दौरान उस व्यक्ति ने अपना नाम साहिल राणा उम्र 25 वर्ष पुत्र सतविंदर सिंह वासी गांव बसई थाना चबेवाल जिला होशियारपुर हाल किराएदार संत कृपाल सिंह नगर पभात जीरकपुर बताया। इसके बाद उसे व्यक्ति की नियमों के अनुसार तलाशी ली गई तो उसकी पेंट की जेब में से प्लास्टिक के लिफाफे में पैक की हुई 30 ग्राम हीरोइन बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा नंबर 315 दिनांक 30 जून 2025 अधीन धारा 21 61 85 एनडीपीएस एक्ट दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि आरोपी को कल अदालत में पेश किया जाएगा।

# 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए हवलदार विजिलेंस ब्यूरो द्वारा रंगे हाथों काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 जून।** प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी मुहिम को जारी रखते हुए पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने आज जिला पटियाला के पुलिस चौकी पातड़ां में तैनात हवलदार मनदीप सिंह को 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में आज यहां जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि इस आरोपी पुलिस कर्मचारी को जिला संगरूर की तहसील मूनक के गांव झलूर निवासी एक व्यक्ति द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया कि उक्त पुलिस कर्मचारी ने उससे 30,000 रुपये की रिश्वत मांगी है और रिश्वत न देने की स्थिति में उस पर आर्म्स एक्ट के तहत झूठी एफआईआर दर्ज करने की धमकी दी है।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायत की जांच के बाद पटियाला रेंज की विजिलेंस ब्यूरो टीम ने जाल बिछाया और दो सरकारी गवाहों की उपस्थिति में हवलदार मंजीत सिंह को 30,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। मौके पर ही उससे रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली गई।

इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के थाना पटियाला रेंज में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पुलिस कर्मचारी को कल अदालत में पेश किया जाएगा और मामले की आगे की जांच जारी है।

# सात सालों बाद बढ़ी बिजली की दरें, लाइन लोस 29 प्रतिशत से घटकर पहुंचा 10 फीसदी पर

घरेलू श्रेणी के बिजली के बिलों में वर्ष 2024-25 और वर्ष 2014-15 की तुलना में वृद्धि 9.6 प्रतिशत से कम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** प्रदेश के 74 लाख बिजली उपभोक्ताओं को बिजली के बड़े बिलों का करंट लगना शुरू हो गया है। सात साल बाद हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग की ओर से 28 मार्च के आदेशानुसार हरियाणा डिस्काम की टैरिफ याचिका पर बिजली दरों में संशोधन यानी बढ़ाए गए हैं। बढ़ाई गई बिजली दरें पहली अप्रैल से लागू हो चुकी हैं और मई व जून माह में आए भारीभरकम बिजली बिलों से उपभोक्ताओं को झटका लगा है।

हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के आदेश पर वित्तीय वर्ष 2017-18 के बाद टैरिफ वृद्धि की गई है। पिछले एक दशक में वित्तीय वर्ष 2014-15 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक, एटीएंडसी (समग्र तकनीकी और वाणिज्यिक) लॉसेस 29 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत के स्तर पर लाया गया है।

संशोधित बिजली टैरिफ संरचना के अनुसार, सभी श्रेणियों के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम मासिक शुल्क समाप्त कर दिया गया है। श्रेणी-I के घरेलू उपभोक्ताओं (2 किलोवाट तक के कनेक्टेड लोड और 100 यूनिट तक की मासिक खपत वाले) के मासिक बिलों में वित्तीय वर्ष 2014-15 की तुलना में 49 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक की कमी आई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की दरों (एमएमसी के बिना) से तुलना करने पर, बिलों में वृद्धि 10 प्रतिशत के भीतर है। हालांकि, पिछली टैरिफ संरचना (एमएमसी के साथ) की दरों से तुलना करने पर, बिल की राशि में काफी कमी आई है। इसके अतिरिक्त, श्रेणी-II के उपभोक्ताओं (5 किलोवाट तक के कनेक्टेड लोड वाले) के लिए, वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में बिलों में 3 प्रतिशत से 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2014-15 की तुलना में, इस श्रेणी के अधिकांश उपभोक्ताओं के बिलों में कमी दर्ज की गयी है, जिसमें केवल कुछ स्लैब में 1 प्रतिशत से कम की वृद्धि देखी गई है। कुल घरेलू उपभोक्ताओं में से लगभग 94 प्रतिशत श्रेणी I और II में आते हैं। श्रेणी-III के उपभोक्ताओं के लिए, वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में वृद्धि 5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक है। इस श्रेणी में कम खपत स्तरों के लिए, प्रतिशत वृद्धि अधिक लग सकती है। हालांकि, इस श्रेणी में केवल 6 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ता ही आते है।

### विपक्ष के चार गुणा बढ़ोतरी के दावे को बताया भ्रामक

विपक्ष की ओर से बिजली बिलों में चार गुणा के बढ़ोतरी के दावे को भ्रामक बताते हुए सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि हरियाणा में घरेलू श्रेणी के लिए निश्चित शुल्क (फिक्स्ड चार्जेस) जीरो रुपये से 75 रुपये/किलोवाट तक और उच्चतम ऊर्जा स्लैब 7.50 रुपये/ यूनिट पर बनाए रखा गया है। जबकि, इसके विपरीत, पड़ोसी राज्यों में निश्चित शुल्क 110 रुपये/किलोवाट तक और ऊर्जा शुल्क 8 रुपये/यूनिट तक है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की दरें वित्तीय वर्ष 2024-25 और वित्तीय वर्ष 2014-15 की तुलना में घरेलू श्रेणी के बिलों में मामूली वृद्धि और श्रेणी-I के लिए कमी भी दर्शाती है।

### पड़ोसी राज्यों में एलटी व एचटी निश्चित शुल्क

घरेलू श्रेणी के बिजली के बिलों में वित्तीय वर्ष 2024-25 और वित्तीय वर्ष 2014-15 की तुलना में वृद्धि 9.6 प्रतिशत से कम है। एचटी उपभोक्ताओं के लिए, वित्तीय वर्ष 2024-25 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक टैरिफ संशोधन लोड और खपत के आधार पर 7 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की मध्यम वृद्धि को दर्शाता है। एल टी श्रेणी में, विभिन्न उपभोक्ताओं में वृद्धि अपेक्षाकृत मध्यम है, जो 4 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक है। पड़ोसी राज्यों की तुलना में, हरियाणा एलटी और एचटी दोनों उपभोक्ता श्रेणियों में काफी कम बिजली टैरिफ चार्ज करता है, जिससे यह दोनों खंडों के उपभोक्ताओं के लिए एक लागत प्रभावी विकल्प बन जाता है। पड़ोसी राज्यों में एचटी उपभोक्ताओं के लिए निश्चित शुल्क 450 रुपये/किलोवाट तक और एचटी उपभोक्ताओं के लिए 475 रुपये/किलोवाट तक हैं, जबकि ऊर्जा शुल्क एल टी के लिए 8.95 रुपये/यूनिटऔर एचटी के लिए 7.75 रुपये/यूनिट तक है।

# गजेंद्र फौगाट को लंदन में प्राइड ऑफ जाट समाज का अवॉर्ड

इंग्लैंड की धरती पर आठवां जाट मेला धूमधाम से सम्पन्न

विदेशी धरती पे फौगाट के गीत सक्सेस वाली लाइन का पोस्टर किया लांच

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल




**रोहतक, 30 जून।** विदेशी धरती पे देसी गाने का पोस्टर लांच करके जाट मेला मनाया गया, मेले में गजेंद्र फौगाट को जाट समाज यूके प्राइड अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

यह जानकारी देते हुए जाट समाज यूके के संस्थापक व लंदन के काउंसलर रोहित अहलावत ने बताया कि जाट मेला लंदन का मुख्य उद्देश्य इंग्लैंड में रहने वाले भारतीयों को उनकी संस्कृति से जोडना है। इस मेले में विदेश में बसने वाले हरियाणे के लोगों में देसी संस्कृति के गीत, नृत्य, खान-पान, पहनावा व रिश्तों का प्रसार करने का प्रयास किया जाता है। इसी कड़ी में मेले के टाइटल गीत जाट मेले मैं आके देखो जी के लेखक गायक गजेंद्र फौगाट को जाट समाज प्राइड के खिताब से नवाजा गया है ।

नहडी ने सबका मन जीत लिया । लंदन में जन्मे अव्युक्त अहलावत ने देशी गाने पर नाच कर अपनी शानदार प्रस्तुति दी ।

लंदन में रह रहे युवा, बच्चों और बुजुर्गों ने पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को और मजबूत किया। मेला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का प्रयास भी है। युवाओं के रोजगार के लिए भी ज़ोर दिया गया ।रोहित अहलावत ने बताया कि हरियाणा के मशहूर लोकगायक गजेन्द्र फोगाट ने विदेश में बसे हरियाणवी युवाओं को खास तोहफ़ा देते हुए अपना नया गाना सक्सेस वाली लाइन समर्पित किया है। ये गाना उन सभी युवाओं के लिए है जो विदेशों में रहकर भी अपनी मिट्टी, अपनी बोली, अपनी संस्कृति से जुड़े हुए हैं। गजेंद्र फौगाट ने बताया कि हर महीने संस्कृति से लबरेज साफ सुथरे एक गीत को उन्हीं के चैनल से रिलीज किया जाएगा। इस मेले के आयोजन में प्रवीण अहलावत, विक्रम रावत, विजय राठी, तेजपाल सिंह, हरीश दहिया, कुलदीप अहलावत, सुखविंदर नारा, लोकेश मान, विकास धनखड़, सुधीर डागर, संजय देशवाल, अनिल मलिक, दुष्यंत तोमर ने तन मन धन से सहयोग दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### तहसीलदार अनिल बिढान ने सुनी जन समस्याएं



**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** संयुक्त कार्यालय परिसर में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उपमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए नागरिकों की समस्याओं को मौके पर सुना गया और उनका समाधान सुनिश्चित किया गया। शिविर की अध्यक्षता तहसीलदार अनिल कुमार बिढान ने की। लोगों ने इस समाधान शिविर में कुल दस समस्याएं प्रस्तुत की। तहसीलदार बिढान ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और प्रभावी समाधान करें ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। समाधान शिविर में अनेक विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समाधान के लिए मौके पर ही कार्यवाही शुरू की। तहसीलदार अनिल कुमार बिढान ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सोमवार तथा वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि लोगों को सुविधाजनक और पारदर्शी तरीके से सेवाएं प्रदान की जा सकें। शिविर में अधिकारियों ने सभी उपस्थित लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी और उन्हें इनका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग और कर्मचारी हुए सम्मानित



**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** हांसी के वार्ड नंबर 4 में चौथे वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन गरिमामय माहौल में किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं, सम्माननीय बुजुर्गों और समर्पित वार्ड कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।समारोह के संयोजक वार्ड पार्षद शकुंतला सैनी और पूर्व पार्षद अजय सैनी रहे, जिन्हें टीम अजय सैनी का सहयोग प्राप्त रहा।मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी विष्णु शर्मा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जबकि अध्यक्षता समाजसेवी विनय जैन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपरिषद उप प्रधान अनिल बंसल,अनुराग सैनी, बीजेपी नेत्री नेहा धवन और लक्ष्य रेवाड़ी मंच पर उपस्थित रहे। समारोह में वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक सेवा और जिम्मेदार नागरिकों के योगदान की सराहना की। पार्षद शकुंतला सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और आयोजन की खूब सराहना हुई।

### रोजगार मेले में 131 युवाओं को प्रदान किए जॉब ऑफर लेटर

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले के दौरान 157 युवाओं ने नौकरियों के लिए पंजीकरण करवाया, जिनमें से 131 युवाओं को पात्रता के अनुसार जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। मेले में एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और प्रार्थियों व नियोक्ताओं को रोजगार मेले में भागीदारी व कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए हर महीने इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ममता कुमारी ने बताया कि रोजगार मेले में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस द्वारा 45 युवाओं को, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस द्वारा 15, पुखराज हेल्थ केयर द्वारा 12, एलआईसी जीवन बीमा द्वारा 20, एलआर ऑटोमोबाइल द्वारा 19 तथा राजधानी ग्लाससेस द्वारा 20 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में रोजगार विभाग, राजकीय आईटीआई कैथल, श्रम विभाग कैथल, राजकीय बहू तकनीकी संस्थान चीका, एमएसएमई विभाग कैथल, उच्चतर शिक्षा विभाग व उद्योग विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### भाजपा नेत्री ने पौधरोपण कर वितरित किए पौधे

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** भाजपा कार्यकर्ताओ नें भाजपा नेत्री सुमित्रा झाँ के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत पौधरोपण किया। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं में फलदार और छायादार पौधे भी वितरित किए। इस दौरान भाजपा नेत्री सुमित्रा झा नें बताया कि मानव जीवन पूर्ण रूप से स्वस्थ तभी होगा जब कदम-कदम पर पौधे लगेंगे। पौधरोपण जीवन के लिए बेहद जरूरी है। आक्सीजन देने वाले पौधों की महत्ता को दरकिनार नहीं किया जा सकता। हमें मुफ्त में आक्सीजन पेड़-पौधे ही देते हैं। बढ़ती जनसंख्या और घटते पेड़-पौधे मानव जीवन के अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। पर्यावरण संतुलन से ही मानव सुरक्षित व खुशहाल रहेगा। आक्सीजन तो हम बिना किसी रूकावट के लेते हैं तो फिर पौधरोपण के प्रति उदासीनता क्यों ?

# नारायण सेवा केंद्र कैथल में प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 30 जून।** नारायण सेवा केंद्र कैथल में प्रमाण पत्र वितरण एवं कृत्रिम अंग वितरण समारोह संपन्न हुआ। राजेश गर्ग संरक्षक नर नारायण सेवा समिति, अभिषेक गुप्ता, सुरेश किच्छानिया, पं. जय भगवान शर्मा, राजेंद्र पाल गर्ग नरवाना, अशोक शर्मा, सुभाष गोयल, डॉ दीपक और डॉ रितेश की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विधायक आदित्य सुरजेवाला ने शिरकत की। उन्होंने संस्थान से प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए और जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग भी भेंट किए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। शाखा कैथल के संरक्षक सतपाल मंगला और सचिव डॉ अनिल जिंदल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने संस्था के कार्यो को सराहा। मंच संचालन कर रहे सहसचिव डॉ. नरेश गर्ग ने कहा कि सेवा केवल सहायता नहीं, एक संस्कार है जो जीवन बदलता है। यह केंद्र एक विचार है जहां कोई अकेला नहीं होता। डॉ विवेक गर्ग ने बताया कि नारायण सेवा केंद्र कैथल में अब तक 110 से अधिक कृत्रिम अंग, 7869 फिजियोथेरेपी सेशन, 88 से अधिक कंप्यूटर प्रशिक्षणार्थी, 22 मोबाइल रिपेयरिंग विद्यार्थी, 43 से अधिक महिलाओं को सिलाई कौशल, 23 व्हीलचेयर और 43 कान की मशीनें निशुल्क प्रदान किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यहां चल रहे प्रशिक्षण कंप्यूटर मोबाइल रिपेयरिंग और सिलाई, सिर्फ रोजगार नहीं देते बल्कि ये आत्मसम्मान लौटाते हैं।

# धर्मसिंह को इन्द्री नंबरदार यूनियन का सर्वसम्मति से प्रधान बनाया

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी



**इन्द्री, 30 जून।** इन्द्री नंबरदार यूनियन इन्द्री के चुनावों में धर्म सिंह नंबरदार को सर्वसम्मति से नंबरदार यूनियन का प्रधान चुना गया ओर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में नंबरदार मौजूद रहे। अपनी नियुक्ति के बाद प्रधान धर्म सिंह ने कहा कि यूनियन के सदस्यों ने उनको जो यह नई जिम्मेवारी सौंपी है उसको वो पूरी ईमानदारी से निभाने का काम करेगें ओर नंबरदारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने ओर उनका हल निकालने का काम करेगें। नंबरदारों के हित के लिए कार्य करेगें। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधान जगमाल कांबोज ने कुछ दिन पहले अपना त्यागपत्र दे दिया था। उन्होंने अपने कार्यकाल में अच्छे काम किए है ओर आज उनको पगड़ी देकर व नतमस्तक होकर आगे की कार्यवाही की गई है। नंबरदार रामफल ने कहा कि नंबरदार एसोसिएशन एक गैर राजनीतिक संगठन है। आज हुई नंबरदारों की मींटिग में नंबरदारों को आ रही समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि सभी की सहमति से धर्म सिंह को प्रधान बनाया गया है। धर्मसिंह तहसील में ही हमेशा उपलब्ध होते है। प्रदीप कांबोज ने कहा कि किसी भी एसोसिएशन को चलाने के लिए संगठन की अति आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त प्रधान धर्मसिंह काफी लंबे समय से तहसील में कार्य कर रहे है। उनकी एकनिष्ठ व ईमानदारी को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपी गई है। मराठ सुरजीत सिंह ने कहा कि धर्मसिंह को प्रधान बनाया गया है ओर तीन सदस्यों को जिला की कमेटी में भेजा जा रहा है। उन्होंने सभी चुने गए प्रतिनिधियों को बधाई दी। नंबरदार पंकज कांबोज ने कहा कि पिछले प्रधान का कार्यकाल समाप्त होने पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। उन्होंने नवनियुक्त प्रधान धर्मसिंह को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वो सभी नंबरदारों को साथ लेकर चलेगें ओर उनकी समस्याओं का हल निकलवाने का काम करेगें। नई कार्यकारिणी से एसड़ीएम से मुलाकात भी की। इस मौके पर एसड़ीएम अशोक मुंजाल ने उनको बधाई देते हुए बताया कि नंबरदारों की मानदेय संबधी कुछ मांग थी जोकि कुछ समय से पैंडिग थी उसको पूरा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में नंबरदारों को मानदेय हर महीना मिल जाया करेगा। इस अवसर पर तेजपाल नठौड़ी को वरिष्ठ उपप्रधान, विक्रम, दिलबाग बतान व नरेन्द्र को उपप्रधान, वेदपाल भाटी को महासचिव, नरेन्द्र चहल व जयदेव को सह सचिव, सुरजीत सैनी को कैशियर, पवन मेहता को सह कैशियर, जयदेव को मीडिया प्रभारी, बचन सिंह कश्यप को सह मीडिया प्रभारी,रणधीप सिंह व विनोद को कानूनी सलाहकार, प्रदीप कांबोज, रामफल व पंकज कांबोज को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

# लघु सचिवालय में लगे वाटर कूलर खराब, पानी के लिए भटक रहे फरियादी

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 30 जून।** लघु सचिवालय परिसर में विभिन्न विभागों के कार्यालय स्थित हैं। जिनमे रोजाना हजारों की संख्या में फरियादि पहुंचते हैं। लघु सचिवालय में पहुंचने वाले फरियादियों में बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा शामिल है भीषण गर्मी का मौसम चल रहा हैं। ऐसे में इस चिलचिलाती गर्मी में लघु सचिवालय में आने वाले फरियादी पानी के लिए तरस रहे हैं। लम्बे समय से लघु सचिवालय के प्रथम व द्वितीय स्थल परिसर में लगे वाटर कूलर तकनीकी खराबी के कारण बंद है। भीषण गर्मी में फरियादियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है या फिर पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। वाटर कूलर बंद होने के कारण आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन जिम्मेदारों का इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं है।

तहसील में अपने निजी कार्य के लिए पहुंचे विभिन्न गावों के ग्रामीणों ने नाम ने लिखने की शर्त पर बताया कि लघु सचिवालय में वाटर कूलर खराब होने के कारण लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना प? रहा है। लोगों का कहना है कि जब प्रशासनिक अधिकारियों के सचिवालय का यह हाल है तो शहर का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। लघु सचिवालय में हजारों लोग हर रोज किसी न किसी कार्य के लिए आते हैं, लेकिन लघु सचिवालय में उचित पीने का पानी न होने के कारण इधर उधर पानी पीकर आते हैं। लघु सचिवालय में प्रशासन ने पीने के पानी के लिए कई वाटर कूलर लगवाए थे, लेकिन कई महीनों से वाटर कूलर खराब होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि लघु सचिवालय में खराब पड़े वाटर कूलरों को ठीक कराया जाए।

# स्योंसर पहुंची नवीन जिंदल फाउंडेशन की मेडिकल वैन, 85 लोगों को वितरित की मुफ्त दवाइयां

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलसत्य

**पिहोवा, 30 जून।** लोगों के स्वास्थ्य की घर द्वार पर ही जांच करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही मेडिकल वैन सोमवार को गांव स्योंसर में पहुंची। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में टीम ने 85 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें निशुल्क दवाई दी।

इनमें से 15 लोगों के मुफ्त लैब टेस्ट भी किए गए। डॉ. प्रमोद ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल का विजन है कि आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही महंगी चिकित्सा से उन्हें राहत दिलाने के लिए लोगों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिंदल की इस पहल का सबसे अधिक लाभ महिलाओं और बुजुर्गों को मिल रहा है। जो बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं काट सकते। मुफ्त दवाई देने के साथ-साथ टीम लैब टेस्ट करके लोगों को समय रहते बीमारी से जागरुक रहने के लिए भी प्रेरित करती हैं।

इसके साथ-साथ टीम में शामिल महिला स्टाफ गर्भवती महिलाओं एवं युवतियों को संतुलित आहार के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ उनके शरीर में कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन आदि की मात्रा को चेक करता है। लोगों को उचित खान-पान और शरीर में पनप रही बीमारी के संकेत पहचान के बारे में भी अवगत किया जाता है। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि संकल्प पत्र में किए गए वादे को पूरा करते हुए कुरुक्षेत्र व कैथल दोनों जिलों में मेडिकल वैन सेवाएं लगातार जारी हैं। जिनको अब लगभग एक वर्ष पूरा हो गया है। उधर, गांव में मेडिकल कैंप के साथ नवीन संकल्प शिविर भी लगाया गया।

जिसमें यशस्वी योजना सहित सरकार की अन्य योजनाओं के पांच लाभार्थियों तक सेवा पहुंचाई गई। इस मौके पर सुलतान मोर, सोमदत्त शर्मा, प्रदीप मोर, आकाश कुमार, राजेश शर्मा, दीप शिखा गगोई, चेतन शर्मा व रोशन आदि मौजूद थे।

# हरियाणा सरकार लिखी बोलेरो को ट्रैफिक पुलिस ने किया जब्त

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 30 जून।** 15 साल पुराने पेट्रोल और 10 साल पुराने डीजल वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चला रखा है। इसी कड़ी में शहर के रेलवे रोड पर ट्रेफिक पुलिस नें एक बोलेरो गाड़ी को कागज न दिखाने की स्थिति में इंपाउंड कर दिया। ट्रेफिक इंचार्ज सतीश सैनी नें जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को रूटीन चेकिंग के दौरान एक पुरानी गवर्नमेंट आफ हरियाणा लिखी बोलोरो गाड़ी को रोक कर चेकिंग की गई। जब चालक को गाड़ी के कागजात दिखाने के लिए कहा गया तो चालक गाड़ी के कागजात दिखाने में असमर्थ रहा। जांच के बाद पता चला की गाड़ी 2013 मॉडल है। ऐसे में गाड़ी को इंपाउंड कर दिया गया। दरअसल, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी), प्रदूषण फैलाने वाले 10 साल पुराने डीजल, 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को बंद करने के आदेश बहुत पहले दे चुका है। सुप्रीम कोर्ट भी दिल्ली-एनसीआर के लिए इस बाबत आदेश जारी कर चुका। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। प्रदूषण को रोकने, एयर क्वालिटी इंडेक्स सुधारने के लिए यह कदम उठाया गया है। ट्रैफिक इंचार्ज के मुताबिक पुराना वाहन सड़क पर दौड़ता मिला तो उसे इम्पाउंड किया जाएगा, मालिक पर जुर्माना भी होगा। ऐसे में उन्होंने पुराने वाहनों को सड़कों पर न दौड़ाने की नसीहत दी हैं।

# गिरते लिंगानुपात में सुधार को लेकर मीटिंग

## प्रसव पूर्व लिंग जांच और भ्रूण हत्या रोकने के लिए दिए आवश्यक दिशानिर्देश

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 30 जून।** इलाके के विभिन्न गांवों रामगढ़, दिलोवाली, हरिपुरा, प्योदा, दुब्बल, गुहणा, दीवाल, जुलानी खेड़ा, सजूमा, चंदाना आदि में गिरते लिंगानुपात की गहन समीक्षा एवं उसमें सुधार हेतु सार्थक कदम उठाने के लिए उपमंडल नागरिक अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव मित्तल की अध्यक्षता में एक अहम मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य निरीक्षक, एलएचवी, वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर, ब्लॉक आशा को-ऑर्डिनेटर आदि ने भाग लिया। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए डॉ. राजीव मित्तल ने प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण और भ्रूण हत्या रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए जरूरी दिशानिर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पीएचसी एवं गांव स्तर पर मौजूदा लिंगानुपात की समीक्षा करते हुए आदेश दिया कि जिन गांवों का लिंगानुपात 900 से कम है उन सभी गांवों के सम्बंधित कर्मचारियों की जवाबदेही तय करते हुए सभी को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि लिंगानुपात को दुरूस्त करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। जिनका काफ़ी हद तक प्रभाव देखने को मिल रहा है और भ्रूण हत्या में भारी गिरावट देखने को मिली है। ऐसे समय हमें और भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। समाज के पूर्ण सहयोग के साथ लिंगानुपात में सुधार लाना बहुत आसान होगा। जिसके लिए गांवों में सरपंच, पंच व अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ समय-समय पर मीटिंग की जाएंगी और आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित करेंगे। मीटिंग में निर्देश दिये गए कि सभी बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी (पुरुष एवं महिला तथा आशा वर्कर्स सुनिश्चित करेंगे कि कहीं भी अगर कोई प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण या भ्रूण हत्या करने के अपराध की सूचना मिले तो तुरंत उसे उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाएं ताकि अपराधियों पर उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। मीटिंग में डॉ. मीनू शर्मा, डॉ. विवेक, डॉ. कपिल, डॉ. साहिल, डॉ. हिमांशु, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर निर्मला व सुमित्रा, स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेश कुमार व देवीरानी और ब्लॉक आशा कॉर्डिनेशन सुनीता देवी आदि ने भी भाग लिया।

# साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि : सीएम रेखा गुप्ता बोलीं, 'वंचित तबकों की आवाज थे वो'

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



**नई दिल्ली, 30 जून।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को भाजपा के दिवंगत नेता और पूर्व सीएम डॉ साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। सीएम रेखा ने कहा कि डॉ साहिब सिंह वर्मा समाज के वंचित तबकों की आवाज थे।

उन्होंने कहा, दिल्ली की राजनीति में श्रमिकों, किसानों और वंचित समाज की प्रखर आवाज रहे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. साहिब सिंह वर्मा जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक नमन।

उन्होंने कहा, सेवा और सिद्धांत उनका संकल्प था। दिल्ली देहात से संसद तक उनका जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, सादगी और सतत संघर्ष का प्रतीक रहा। उनकी राष्ट्रभक्ति और जनसेवा का तपस्वी जीवन आने वाली पीढ़ियों को सदा प्रेरणा देता रहेगा।

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूर्व सीएम डॉ. साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर उन्हें सरल व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा, आज दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साहिब सिंह वर्मा जी सरल व्यक्तित्व के धनी थे। उनके विचार हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देते रहेंगे।

दिल्ली विधानसभा के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने पूर्व सीएम डॉ. साहिब सिंह वर्मा को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री, लोकप्रिय जननेता साहिब सिंह वर्मा जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन। उनका जनसेवा, सादगी और सिद्धांतों से भरा जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पूर्व सीएम डॉ. साहिब सिंह वर्मा को याद करते हुए कहा कि किसान नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय डॉ. साहिब सिंह वर्मा जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।

भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और दिल्ली देहात की बुलंद आवाज डॉ. साहिब सिंह वर्मा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रार्थना सभा में जाकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि साहिब सिंह जी का जीवन जनसेवा व ग्रामीण विकास के लिए पूरी तरह समर्पित रहा है।

# 2003 की मतदाता सूची चुनाव आयोग वेबसाइट पर अपलोड, 4.96 करोड़ मतदाताओं को नहीं देना होगा कोई दस्तावेज

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**पटना, 30 जून।** भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बिहार की 2003 की मतदाता सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इस सूची में 4.96 करोड़ मतदाताओं के नाम हैं। इससे विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में काफी आसानी होगी, क्योंकि अब करीब 60 प्रतिशत मतदाताओं को कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा नहीं करना पड़ेगा।

चुनाव आयोग के 24 जून 2025 के निर्देशों के अनुसार, 2003 की मतदाता सूची को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, यह सूची ऑनलाइन भी उपलब्ध होगी, ताकि कोई भी व्यक्ति इसे डाउनलोड कर सके और मतदाता सूची में नाम जोड़ने या संशोधन के लिए फॉर्म के साथ इसका उपयोग कर सके।

इस सुविधा से मतदाताओं और बीएलओ दोनों को फायदा होगा। जिन मतदाताओं के नाम 2003 की सूची में हैं, उन्हें केवल अपने विवरण सत्यापित करने और फॉर्म जमा करने की जरूरत होगी। इसके अलावा, जिन लोगों का नाम इस सूची में नहीं है, लेकिन उनके माता-पिता के नाम हैं, उन्हें अपने माता-पिता के लिए कोई अतिरिक्त दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी। ऐसे मतदाताओं को केवल अपने लिए दस्तावेज जमा करने होंगे।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के तहत हर चुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन जरूरी है। पिछले 75 वर्षों से आयोग वार्षिक आधार पर गहन और संक्षिप्त संशोधन करता रहा है। यह प्रक्रिया इसलिए जरूरी है, क्योंकि मतदाता सूची में लगातार बदलाव अपरिहार्य है। मृत्यु, प्रवास, शादी, नौकरी, शिक्षा या 18 वर्ष की आयु पूरी करने जैसे कारणों से इसमें बदलाव होते रहते हैं।

संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय नागरिक, जो उस निर्वाचन क्षेत्र के निवासी हों, मतदाता के रूप में पंजीकरण के पात्र हैं। यह कदम मतदाता सूची को पारदर्शी बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।


अल्पकालीन सूचना

समाहरणालय जहानाबाद

(मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)

बिहार सरकार

**जब्त वाहनों का शास्ति (Penalty) पर मुक्त कराने हेतु अल्पकालीन सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपर मुख्य सचिव, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 633 दिनांक 25.01.2023 के आलोक में दिनांक 31.12.2021 के पूर्व मद्यनिषेध अन्तर्गत जब्त वाहनों का सामूहिक अधिहरण कर नीलामी करने का आदेश दिया गया है।
वाहन मालिक/हितबद्ध में व्यक्तियों को सूचित किया जाना है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित नियमावली 2022, यथा संशोधित नियमावली, 2023 के नियम 12 (क) वाद में निहित उपबंधों के आलोक में प्रपत्र–4 में अपना आवेदन बीमाकृत मूल्य के 10% से कम और 05 (पाँच) लाख रूपये से अधिक नहीं होगी। विभागीय नियमानुसार प्रपत्र–4 में भर कर जब्त वाहन को छोड़ाने/मुक्त कराने हेतु दिनांक 20.07.2025 तककार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। जब्त वाहन का विवरणी निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | थाना का नाम | कान्ड संख्या | अधिहरण वाद संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन संख्या | वाहन स्वामी का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | मखदुमपुर टेहटा थाना | 170/2023 | 01/DM/2025 | ट्रक | HR69D-8505 | संजय पिता– नाजीर, गली नं0 4 हरीनगर, परानामी मांदिर, गनौर, जिला– सोनीपथ, राज्य हरियाणा। | |

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से भी प्राप्त की जा सकती है।

जिला दंडाधिकारी–सह–समाहर्त्ता
जहानाबाद

PR- 007280 ( Excise ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# नीतू घनघस, स्वीटी बूरा ने एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट के फाइनल में किया प्रवेश

अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन



**हैदराबाद, 30 जून।** विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घनघस ने रेलवे की मंजू रानी को हराकर सोमवार को एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट के 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना चंचल (साई एन) से होगा। विश्व चैंपियन स्वीटी बूरा ने भी 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया पुलिस की बबीता बिष्ट को 5:0 से हराया।

ओलंपिक खेलों टोक्यो 2020 की पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने स्नेहा (उत्तर प्रदेश) को पहले राउंड में रेकहर (आरएससी) 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दिन में दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन ने घरेलू मैदान पर एक बार फिर प्रभावित किया, वी. लक्ष्य को 5:0 के स्पष्ट निर्णय से हराया और ज्योति (आरएसपीबी) के खिलाफ 51 किग्रा के फाइनल मुकाबले में जगह बनाई।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और तेलंगाना खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में तेलंगाना मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में देश भर से शीर्ष-स्तरीय नाम और उभरती हुई संभावनाएं एक साथ आती हैं। 15 प्रतिभागी इकाइयों के साथ - जिनमें हाल ही में आयोजित एलीट नेशनल्स, मेजबान तेलंगाना, साई एनसीओई संयुक्त टीम और टॉप्स टैलेंट एंड डेवलपमेंट स्क्वॉड की 12 इकाइयां शामिल हैं - यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय पूल को परिष्कृत करने और भविष्य के सितारों की खोज करने के लिए बीएफआई की चल रही पहल का हिस्सा है।

65 किग्रा वर्ग में, पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (टॉप्स) ने अमिता कुंडू (एआईपी) को 5:0 से हराकर जीत हासिल की और अब शशि (आरएसपीबी) से भिड़ेंगी, जिन्होंने तेलंगाना की यशी शर्मा को इसी अंतर से हराया। प्रीति (टॉप्स) और तनु (एसएससीबी) ने अपने-अपने 54 किग्रा सेमीफाइनल जीतकर एक रोमांचक फाइनल में जगह बनाई, जबकि बेबीरोजाना चानू (आरएसपीबी) और कमलजीत कौर गिल (एआईपी) 57 किग्रा में आगे बढ़ीं, बाद वाली ने 3:2 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल की।

अन्य उल्लेखनीय नामों में, अल्फिया पठान (आरएसपीबी) ने दूसरे दौर में आरएससी जीत दर्ज कर 80 किग्रा फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना स्वीटी से होगा। रितिका (एसएआई एन) और शिवानी तोमर (एआईपी) क्रमशः नेहा (आरएसपीबी) और मनकीरत कौर (पीयूएन) पर निर्णायक जीत के बाद 80+ किग्रा फाइनल में आमने-सामने होंगी।

राष्ट्रीय शिविर के लिए स्थान तय होने के साथ, फाइनल में स्थापित चैंपियन और दावेदारों की अगली लहर के बीच उच्च-गुणवत्ता वाली प्रतियोगिता होने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम कल हैदराबाद के सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में समाप्त होगा।


संघ लोक सर्विसेज आयोग

परीक्षा/भर्ती परीक्षण (आरटीएस)का कार्यक्रम–2026

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | अधिसूचना की तिथि | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि | परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | यूपीएससी आरटी/परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 10.01.2026 (शनिवार) | 2 दिन |
| 2. | यूपीएससी परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 17.01.2026 (शनिवार) | 2 दिन |
| 3. | कंबाइंडजियो-साइंटिस्ट (प्रिलिमनरी) परीक्षा,2026 | 03.09.2025 | 23.09.2025 | 08.02.2026 (रविवार) | 1 दिन |
| 4. | इंजीनियरिंग सर्विसेज(प्रिलिमनरी) परीक्षा, 2026 | 17.09.2025 | 07.10.2025 | 08.02.2026 (रविवार) | 1 दिन |
| 5. | सीबीआई (डीएसपी) एलडीसीई | 24.12.2025 | 13.01.2026 | 08.02.2026 (रविवार) | 2 दिन |
| 6. | सीआईएसएफ एसी(ईएक्सई) एलडीसीई-2026 | 03.012.2025 | 23.12.2025 | 08.02.2026 (रविवार) | 1 दिन |
| 7. | एन.डी.ए. एवं एन.ए. परीक्षा (1), 2026 | 10.12.2025 | 30.12.2025 | 12.04.2026 (रविवार) | 1 दिन |
| 8. | सी.डी.एस. परीक्षा (1), 2026 | | | | |
| 9. | सिविल सर्विसेज (प्रिलिमनरी) परीक्षा, 2026 | 14.01.2026 | 03.02.2026 | 12.04.2026 (रविवार) | 1 दिन |
| 10. | इंडियन फॉरेस्टसर्विसेज(प्रिलिमनरी) परीक्षा, 2026, सी.एस.(पी) परीक्षा 2026के माध्यम से | | | | |
| 11. | यूपीएससी आरटी/ परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 06.06.2026 (शनिवार) | 2 दिन |
| 12. | आई.ई.एस.आई.एस.एस. परीक्षा, 2026 | 11.02.2026 | 03.02.2026 | 19.06.2026 (शुक्रवार) | 3 दिन |
| 13. | कंबाइंड जियो-साइंटिस्ट (मेन) परीक्षा, 2026 | | | 20.06.2026 (शनिवार) | 2 दिन |
| 14. | इंजीनियरिंग सर्विसेज(मेन) परीक्षा, 2026 | | | 21.06.2026 (रविवार) | 1 दिन |
| 15. | यूपीएससी आरटी/परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 04.07.2026 (शनिवार) | 2 दिन |
| 16. | केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (एसीएस) परीक्षा, 2026 | 18.02.2026 | 10.03.2026 | 19.07.2026 (रविवार) | 1 दिन |
| 17. | कंवाइंडमेडिकलसर्विसेज परीक्षा, 2026 | | | 02.08.2026 (रविवार) | 1 दिन |
| 18. | यूपीएससी परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 08.08.2026 (शनिवार) | 2 दिन |
| 19. | सिविल सर्विसेज(मेन) परीक्षा, 2026 | | | 21.08.2026 (शुक्रवार) | 5 दिन |
| 20. | एन.डी.ए. एवं एन.ए. परीक्षा (II), 2026 | 20.05.2026 | 09.06.2026 | 13.09.2026 (रविवार) | 1 दिन |
| 21. | सी.डी.एस. परीक्षा (II), 2026 | | | | |
| 22. | यूपीएससी आरटी/परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 26.09.2026 (शनिवार) | 2 दिन |
| 23. | यूपीएससी आरटी/परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 10.10.2026 (शनिवार) | 2 दिन |
| 24. | यूपीएससी आरटी/परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 31.10.2026 (शनिवार) | 2 दिन |
| 25. | इंडियन फॉरेस्टसर्विसेज(मेन) परीक्षा, 2026 | | | 22.11.2026 (रविवार) | 7 दिन |
| 26. | एस.ओ/स्टेनो (जीडी-बी/जीडी-I) एलडीसीई | 16.09.2026 | 06.10.2026 | 12.12.2026 (शनिवार) | 2 दिन |
| 27. | यूपीएससी आरटी/परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 19.12.2026 (शनिवार) | 2 दिन |

**टिप्पणी :** यदि परिस्थितियां अनुकूल हों तो परीक्षा/आर.टी. की अधिसूचना, प्रारंभ और अवधि की तिथियों में परिवर्तन किया जा सकता है।

CBC-55101/14/0002/2526



भावपूर्ण श्रद्धांजलि



हमारे पूज्य पिताश्री (डा.) राजेन्द्र कुमार जैन जी (वरिष्ठ पत्रकार) के स्वर्ग लोक गमन पर हम सभी दुखी हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनका जिंदादिल व्यक्तित्व हम सबको प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान करता रहे ऐसा हम परम प्रभु परमात्मा से आर्शीवाद की प्रार्थना करते हैं। हम सब उनके मार्गदर्शन पर समाज के लिए कर्तव्यबद्ध रहने का प्रयास करेगें। उनकी पूर्व इच्छानुसार उनके पार्थिव शरीर का देहदान किया गया।

डा० राजेन्द्र कुमार जैन जी
20-10-1941 से 27-06-2025

समस्त शोकाकुल परिवार :

श्रीमति चक्रेश जैन (धर्मपत्नी)
अमित कुमार जैन एंव मंजु जैन(पुत्र एवं पुत्रवधू)
जैन मेडिसिन्स, संतोष हॉस्पिटल 94169-87250
अनुज कुमार जैन एंव अन्जू जैन (पुत्र एवं पुत्रवधू)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
प्रो. डा. अनुभा जैन एवं मनोज कुमार जैन (पुत्री एवं दामाद)
डा. आकाश जैन एवं डा. प्राशुका जैन (पौत्र एंव पौत्रवधू)
डा. शुचिता जैन एवं डा. अंकित जैन (पौत्री एवं पौत्रीवर)
डा. शाश्वत जैन (पौत्र), अनायका जैन (पड़पौत्री)
डा. नमन जैन एवं श्रेया जैन (दोहता एवं दोहता वधू)


# दो साल का कार्यकाल अनुकरणीय रहा : गर्ग

**करनाल (शैलेंद्र जैन)।** वरिष्ठ नागरिक मंच की जनरल हाउस की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रधान ओ. पी गर्ग ने की। इस अवसर पर एस.एस संधू, जे.जी अरोड़ा, आर एस डुडेजा, एच आर मित्तल, वीपी भाटिया, गुलशन मदन विनोद अग्रवाल आदि ने भाग लिया। महासचिव केपी अग्रवाल ने बैठक का संचालन किया। संस्था के प्रधान ओ पी गर्ग ने मंच को संबोधित करते हुए बताया कि यह वर्तमान गवर्निंग बॉडी की आखिरी बैठक थी और अगले महीने इसका दो साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। अगले माह चुनाव होंगे और जुलाई के दूसरे सप्ताह में नई संस्था का गठन होगा। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव सर्वसम्मति से होने की संभावना है। उन्होंने पिछले दो वर्षों में किये गये विभिन्न कार्यों को गिनाया। कई सदस्यों ने अपने विचार रखे कि वर्तमान टीम बहुत अच्छा काम कर रही है और इसे अगले कार्यकाल तक जारी रहना चाहिए।


RELIANCE
Asset Reconstruction

11वां तल, नॉर्थ साईड, आर–टैक पार्क, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (पूर्व), मुम्बई–400063

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

प्रतिभूति हितअधिनियम, 2002 (2002 के 54) के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण व प्रतिभूतिकरण के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ी गई धारा 13(12) के अधीन शक्तियों के निर्वहन में एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि रिलायंस असेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने कथित सूचना प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर कथित मांग सूचना में वर्णित राशि का भुगतान करने हेतुऋणियों व गारंटरों को आमंत्रित करते हुए तालिका में निम्न वर्णित तिथिपरमांग सूचना जारी की थी।
इंडियन ओवरसीज बैंक ने असाईनमेंट एग्रीमेंट तिथि 30.03.2022 के अंतर्गत आरएआरसी 068 ट्रस्ट के ट्रस्टी **रिलायंस असेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के पक्ष में सभी मुख्य प्रतिभूति हित के साथ इसके सभी अधिकार, शीर्षक और हित के साथ निम्नलिखित ऋणियों की वित्तीय परिसंपत्तियों को असाईन्ड किया है।
ऋणी एवं गारंटरद्वारा राशिका भुगतान करने में असफल रहने परऋणी एवं गारंटरतथा आम जनता कोएतदद्वारा सूचित किया जाता है कि रिलायंस असेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृति अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरी नेतालिका में निम्न वर्णित तिथि पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े गए प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण की धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के निर्वहन में निम्न वर्णितसंपत्ति काकब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणी एवं गारंटर को विशेषतौर पर एवं आम जनता को संपत्ति के संबंध में लेन–देन न करने के बारे में सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई लेन–देन राशि तथा उस पर ब्याज के लिए रिलायंस असेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेडके प्रभार का विषय होगा।
ऋणियोंका ध्यान सिक्योर्ड परिसंपत्तियों को मुक्त करवाने हेतु उपलब्ध समय के संबंध मेंअधिनियम की धारा 13 की उप–धारा 8 के प्रावधानों से आमंत्रित किया जाता है।

| ऋणी/गारंटर | मोर्टगेज्ड संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि | ट्रस्टी के तौर पर कार्यरत / एग्रीमेंट की तिथि | बकाया देय राशि |
|---|---|---|---|---|
| मेसर्स कौशल इलेक्ट्रिकल्स (इसके प्रोपराईटर :–श्री सेवा राम त्यागी पुत्र श्री जेठराम त्यागी के माध्यम से)। 2. स्व. सेवा राम त्यागी पुत्र श्री जेठराम त्यागी (उनके कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से) 3. श्री शिव दत्त त्यागी (उनके कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से) 4. श्री अमनदीप त्यागी पुत्र स्व. श्री शिव दत्त त्यागी | स्व. सेवा राम त्यागी पुत्र श्री जेठ राम त्यागी द्वारा गांव टेहा, तहसील–गन्नौर, जिला सोनीपत, हरियाणा की राजस्व संपदा के भीतर खेवट सं. 13 मिन, खाता सं. 15, मुस्तिल एवं किला सं. 21//20/2(6–0), 22//16(8–0) और भूमि माप 400 वर्ग गज और निर्मित क्षेत्र 501 वर्ग फीट के सभी भाग एवं पार्सल। चौहद्दी :उत्तर अन्य का प्लाट, दक्षिण : गली 30 फीट चौडी, पूर्व : अन्य का प्लाट, पश्चिम : गली 30 फीट चौड़ी। | 26.02.2024 / 26.06.2025 | आरएआरसी 068 ट्रस्ट / 30.03.2022 | 31.01.2024 को रु. 81,30,914.84 पैसे (केवल इक्यासी लाख तीस हजार नौ सौ चौदह रुपये एवं चौरासी पैसे) तथा उस पर ब्याज के साथ और 31.01.2024 के पश्चात ऋण खाते पर उपार्जित प्रभार |

दिनांक :26.06.2025
स्थान :सोनीपत

(प्राधिकृत अधिकारी)
रिलायंस असेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड



उत्तर रेलवे

ई. निविदा

खुली निविदा संख्या 16–अम्बाला/2025–26 दिनांक 30.06.2025

वरिष्ट मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/सीडीजी के अधीन सीडीजी में रेलवे संस्थान का प्रावधान। | 1,73,76,912 | 2,36,900 | 08 महीने | 23.07.2025 |
| 2 | पटियाला गुड्स शेड का उन्नयन जिसमें पहुंच मार्ग, चारदीवारी और नया गुड्स कार्यालय शामिल है। | 2,72,69,035 | 2,86,400 | 08 महीने | 23.07.2025 |
| 3 | यूएमबी डिवीजन में एलएचए, एसएफएमयू, एसएजी और बीएक्ससी में गुड्स शेड के उन्नयन के लिए शेष कार्य। | 9,84,67,116 | 6,42,300 | 10 महीने | 23.07.2025 |
| 4 | एडीईएन/सरहिंद के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/सरहिंद अनुभाग में 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन "ए"/सरहिंद (एसआईआर–आरपीएआर और एनएमडीए–एसएनएल) के तहत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वाशिंग और पेंटिंग। | 94,99,687 | 1,90,000 | 12 महीने | 23.07.2025 |
| 5 | एडीईएन/राजपुरा के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/राजपुरा अनुभाग में 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन राजपुरा के तहत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वाशिंग और पेंटिंग। | 1,54,99,892 | 2,27,500 | 12 महीने | 23.07.2025 |

**नोट :–** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **1971/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# अमरावती भ्रष्टाचारियों के लिए कॉरपोरेट्स नाम पर पूंजी जमा हो रही है: चिंता मोहन



**लक्ष्मीपुरम (अप्रस/बोम्मा रेड्डी)।** चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि अमरावती देवताओं की राजधानी है। मैंने पूरे अमरावती की यात्रा की है ... मैंने एक भी देवता या एक भी मंदिर नहीं देखा। यह देवताओं की राजधानी कैसे हो सकती है? एक अमरावती मंदिरपंचरामेश्वर में से एक है जो इस युग में ही बना कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता चिंता मोहन ने सवाल किया। उन्होंने टिप्पणी की, यह अमरावती भ्रष्टाचार और कॉर्पोरेट्स की राजधानी हैजमीन गरीबों कीएकाद दो एकड़ भूमि के जीविका उपार्जन करने वाले वीडियो डर पीडिया से आ रही हैउसको यहअपने चाहते जारी जाति बिरादरियों के कारपोरेट कंपनियों कोदेकरकिसानों को कहीं दूर 6070 किलोमीटर आगे मकान बना कर देने से क्या फायदा हैऔर इसे हम विरोध भी करते हैं कहा। उन्होंने कल गुंटूर में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि राज्य भर के 26 जिलों के लोग अमरावती को पसंद नहीं करते हैं .मैं हर जिला का मनोबल को समझा और चर्चा किया कहा। उन्होंने कहा कि अगर आप राजधानी अमरावती में एक मीटर मिट्टी खोदते हैं, तो आपको एक मीटर पानी मिलता है। उन्होंने सवाल किया कि तेनाली में सड़क पर दलित युवकों को पीटने का अधिकार पुलिस को किसने दिया।

# मनीमाजरा को आवासीय उद्देश्यों के लिए बहुमंजिला समूह आवास परियोजनाओं को मंजूरी

## निगम की हाउस मीटिंग में यूनिपोल की ई-नीलामी का प्रस्ताव पारित, नए बागवानी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट पर नहीं बनी सहमति

डिप्टी मेयर ने निगम में कथित भ्रष्टाचार की विजिलेंस जांच की मांग की

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह/आदित्य शर्मा

**चंडीगढ़, 30 जून।** नगर निगम चंडीगढ़ की सोमवार को बुलाई गई हाउस की बैठक में कई प्रस्तावों को एक तरफ जहां डेफर किया गया तो दूसरी तरफ अहम प्रस्ताव बहस के बाद मंजूर कर लिए गए। मनीमाजरा में पांच प्लांट के पोकेट नंबर 6 में आवासीय उदेश्य के लिए बहुमंजिला समूह आवास परियोजनाओं पर आधारित सप्लीमेंट्री प्रस्ताव पारित किया गया। भविष्य में वित्तीय चुनौतियों से निपटा जा सके इन दोनों प्रस्ताव के जरिए निगम राजस्व अर्जित करने की कोशिश करेगा। चंडीगढ़ प्रशासन की तरफ से मनीमाजरा को आवासीय उद्देश्यों के लिए बहुमंजिला समूह आवास परियोजनाओं के लिए विकसित किया जा रहा है। ऐसी परियोजनाओं के लिए लेआउट और जोनिंग योजनाओं को मंजूरी दे दी है, जिसमें दो मंजिल क्षेत्र अनुपात (एफएआर) के साथ पांच मंजिल तक की इमारतों की अनुमति है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य शहर की आवास की कमी को दूर करना और बढ़ती आबादी को समायोजित करना है।चंडीगढ़ प्रशासन के शहरी नियोजन विभाग ने इन परियोजनाओं के लिए लेआउट और जोनिंग योजनाओं को मंजूरी दे दी है। दो-मंजिल क्षेत्र अनुपात (एफएआर) की अनुमति है, जिससे संभावित रूप से पांच मंजिल तक की इमारतों का निर्माण किया जा सकता है।






फोटो : अजीत कौशल

### यूनिपोल की ई-नीलामी के प्रस्ताव को मंजूरी

निगम (एमसी) राजस्व जुटाने के लिए 75 विज्ञापन साइटों, खास तौर पर यूनिपोल की ई-नीलामी करेगा। सदन बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव के अनुसार निगम ने साइटों को तीन जोन में विभाजित किया है। प्रत्येक में 25 पैनल/यूनिपोल हैं। साइटों के लिए टेंडर जल्द ही जारी किए जाने की उम्मीद है, निगम को इन साइटों से सालाना 12 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है, जिसमें अनुबंध में 10 प्रतिशत सालाना वृद्धि भी शामिल है। ये 75 साइटें 53 नए स्थानों और 22 मौजूदा स्थानों का संयोजन हैं, जिन्हें यूटी शहरी नियोजन विभाग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

### लायंस सर्विस को तीन महीने की एक्सटेंशन मिली

नया टेंडर होने तक अभी की यथास्थिति कायम रखते हुए शहर के दक्षिण सैक्टरों की सफाई का कार्य संभाल रही लायंस सर्विस को तीन महीने की एक्सटेंशन मिल गई। कंपनी का अनुबंध सोमवार को ही खत्म हो गया था। हालांकि, दक्षिण सैक्टरों की जीआईएस आधारित मशीनीकृत मैनुअल स्वीपिंग का प्रस्ताव फिर से लाया गया, जिसे पार्षदों की आपत्ति के बाद डेफर कर दिया गया। मेयर ने सभी दलों के पार्षदों, मनोनित पार्षदों की एक कमेटी गठित किए जाने का ऐलान किया, इसमें तय किया गया कि इस कमेटी में सेनीटेशन कमेटी के चेयरमैन विशेष आमंत्रित होंगे। कमेटी की सिफारिशों को इस प्रस्ताव के साथ जोड़ कर अगली सदन बैठक में लाया जाएगा।

### नया बागवानी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट पर नहीं बनी सहमति

बैठक में पूर्व मेयर और पार्षद अनूप गुप्ता की निगम कमिश्नर, चीफ इंजीनियर के साथ तीखी बहस हुई। शहर के लिए 60 टन प्रति दिन नया बागवानी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का प्रस्ताव चर्चा और मंजूरी के लिए लाया गया, हालांकि इस पर पार्षदों की आम सहमति नहीं बन सकी। पार्षद गुप्ता ने तो इस पर डाइसेंट नोट दर्ज कराए जाने की बात कही। अधिकारी पीएसयू के जरिए प्रस्ताव को पारित कराना चाहते थे। इस पर पार्षद गुप्ता को आपत्ति थी। अगर प्रस्ताव पारित हो जाता तो इस प्रोजेक्ट पर चर्चा के बाद आरएफपी के लिए मंजूरी दी जा सकती थी। अंत में निगम कमिश्नर ने इस प्रस्ताव को अमान्य करार दे दिया।

### कम्युनिटी सेंटर चार्ज बढ़ाए जाने का प्रस्ताव खारिज

क्युनिटी सेंटर की बुकिंग चार्ज बढ़ाए जाने और पॉलिसी फ्रेम का प्रस्ताव तीसरी बार लाया गया जिसे पार्षदों की मांग पर डेफर कर दिया। इस पर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने स्पष्ट किया कि यह अंतिम बार होगा जब इसे डेफर किया जा रहा है नहीं तो अगली बार वह इस पर अंतिम निर्णय लेंगे, उन्होंने यह कहा कि वह इसे सीधे गर्वनर को भेज देंगे। भाजपा पार्षद सौरभ जोशी ने उन्हें समझाया कि इस प्रस्ताव पर अभी किसी की आम सहमति नहीं बनी है इसलिए इसे डेफर कर दिया जाएं।

### आप पार्षद योगेश ढींगरा ने कम्युनिटी सेंटर घोटाले का मुद्दा उठाया

चंडीगढ़ नगर निगम की आज हुई जनरल हाउस मीटिंग में आम आदमी पार्टी के पार्षद योगेश ढींगरा ने कम्युनिटी सेंटर में हो रहे कथित घोटाले को लेकर बड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी सेंटर की बुकिंग प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी और भ्रष्टाचार हो रहा है। पार्षद ढींगरा ने आरोप लगाया कि मामले में संलिप्त अधिकारियों को सिर्फ ट्रांसफर करना नाकाफी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने आपके सामने सभी तथ्य प्रस्तुत किए थे, उसके बावजूद भी अभी तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई। केवल ट्रांसफर से काम नहीं चलेगा, उन्हें सस्पेंड किया जाना चाहिए था।

### रिफंड राशि समय पर वापस नहीं दी जाती

पार्षद ने यह भी बताया कि जब आम जनता कम्युनिटी सेंटर को किसी कार्यक्रम के लिए बुक करवाती है, तो बुकिंग के बाद नगर निगम द्वारा तय की गई रिफंड राशि समय पर वापस नहीं की जाती। इससे लोगों को आर्थिक नुकसान होता है और उन्हें चक्कर काटने पड़ते हैं। उन्होंने यह भी मांग की कि कम्युनिटी सेंटर में दी जा रही सुविधाओं की स्पष्ट जानकारी दी जाए और यह बताया जाए कि पिछले 5 वर्षों में कितने लोगों को रिफंड किया गया है और कितनों को अब तक नहीं किया गया।

### बढ़ते रेट को लेकर पार्षदों में बहस

इसके साथ ही, कम्युनिटी सेंटर के बढ़ते रेट को लेकर भी हाउस में बहस छिड़ गई। पार्षदों ने सवाल उठाया कि जब कम्युनिटी सेंटरों में कोई ढंग की सुविधा ही नहीं दी जा रही, तो आम जनता पर बुकिंग दरों का इतना भारी बोझ क्यों डाला जा रहा है? पार्षद ढींगरा ने तीखा सवाल उठाते हुए कहा, 'यह कहां की राजनीति है कि जनता से पैसे लिए जाएं, लेकिन बदले में न तो एसी काम कर रहे हैं, न जनरेटर, न ही बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं?' इस पर प्रतिक्रिया देते हुए नगर निगम कमिश्नर ने कहा कि यदि हाउस के सभी पार्षद इस पर सहमति जताएं, तो पूरे मामले की विजिलेंस जांच करवाई जाएगी।

### पार्षद साथ लाए मिर्ची का पैकट

निगम हाउस में भाजपा, आप और कांग्रेसी पार्षद आमने सामने आ गए। कांग्रस पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने शहर के कम्युनिटी सेंटर्स की बुकिंग के रेट्स में बढ़ौतरी पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि बिना किसी फैसिलिटी के आप रेट बढ़ाई जा रहे हो। उन्होंने कम्युनिटी सेंटर्स के बुकिंग रेटों में की जा रही बेहताशा वृद्धि को लेकर कड़ी अप्पति जताते हुए कहा कि अगर लोगो से ऐसे ही पैसे छीनने है तो फिर लोगों की आंखों मे मिर्ची डाल कर सीधे ही लूट लो। गाबी ने अपने साथ लाये हुए मिर्ची के पैकेट मेयर को देते हुए कहा कि आप लोगों की आंखों मे यह डाल दो।

### शहर के अवैध वेंडर्स का मुद्दा छाया

निगम सदन की बैठक में शहर के अवैध वेंडर्स का मुद्दा छाया रहा । अधिकारी ने पार्षद को जानकारी दी कि 4035 वेंडर्स से नियमित रूप से फीस जमा करवाई जा रही है। अवैध वेंडर्स पर कार्रवाही करते हुए निगम को चार महीने में इस वर्ष 1.12 करोड़ रुपये एकत्रित हुए हैं । उन्होंने बताया कि वेंडर्स फंड में इस समय लगज़ग 49 करोड़ रुपये जमा है । पार्षदों ने एनफोर्समेंट इंस्पेक्टर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और मांग की कि जब तक इस सम्बंध में कोई कार्रवाई नही की जाती तब तक बैठक को आगे जारी नही रखने दिया जाएगा , इस पर कमिश्नर अमित कुमार ने पार्षदों को आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### निगम को ऐसे होगा लाभ

सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर बंटी ने कहा कि रद्द हुए वेंडर्स के लाइसेंस रिन्यू किए जाएं तो नगर निगम को होगा लाभ हो सकता है। कहा कि कई ऐसे वेंडर्स हैं जिनके लाइसेंस तकनीकी या प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिए गए हैं, लेकिन वे दोबारा काम करना चाहते हैं और नगर निगम को नियमित आय देना चाहते हैं।इससे केवल अवैध वेंडिंग पर रोक लगेगी और निगम को राजस्व में सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही शहर में वेंडिंग व्यवस्था अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी हो सकेगी। बैठक में उन्होंने स्टेट वेंडर्स को लेकर बड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने कमिश्नर और मेयर को घेरते हुए कहा कि शहर की वी4 सड़कों पर अवैध तरीके से मॉडिफाई गाड़ियों में खाने-पीने का सामान बेचा जा रहा है। उनका तुरंत सर्वे कराया जाए ताकि अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके और वेंडिंग व्यवस्था को नियमित किया जा सके। बैठक में पार्षद सौरज़ जोशी ने शहर में अवैध रूप से घूम रही मोडिफाइड वैन्स के बारे कहा कि निगम का उन पर कोई चैक नही है । आप पार्षद दमनप्रीत ने अपने वार्ड में पड़ते सैक्टर 22 में अवैध वेंडर्स का मुद्दा उठाया।

---

▲ अधिकतम 29 डिग्री से.

डिग्री से. 25 न्यूनतम ▼

सूर्योदय 5.23 बजे

सूर्यास्त 7.30 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 97,570.00 |
| सेंसेक्स | 84,058.90 |
| अमेरिका | 85.49 |
| केनेडियन | 62.38 |
| आस्ट्रेलिन | 55.76 |

## सड़क के बीच मिट्टी में धंसी हरियाणा रोडवेज की बस, 1 घंटे तक ट्रैफिक रहा प्रभावित

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 30 जून।** जीरकपुर के सिंहपुर चौंक के पास एक हरियाणा रोडवेज की बस सड़क पर डाली हुई मिट्टी में धंस गई। जानकारी के अनुसार सड़क के बीचो-बीच गहरे गड्ढे में मिट्टी डाली हुई थी जो के बारिश के कारण नरम हो गई। सोमवार दोपहर करीब 1.30 बजे हरियाणा रोडवेज की बस नंबर एच आर 38 जी वी 1840 जोकि चंडीगढ़ से अंबाला की तरफ जा रही थी जैसे ही यह बस सिंहपुरा चौंक के पास पहुंची तो अचानक से मिट्टी में धंस गई। गनीमत यह रही के बस नहीं पलटी वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था क्योंकि बस में करीब 30 से 35 सवारियां बैठी हुई थी। मौके पर सवारियों को उतार कर दूसरी बस में बिठाया गया और ड्राइवर और कंडक्टर द्वारा इस घटना की जानकारी हरियाणा रोडवेज की उच्च अधिकारियों को दे दी गई।

ट्रैफिक पुलिस जीरकपुर के प्रभारी के अनुसार इस घटना के समय ट्रैफिक की ज्यादा समस्या नहीं होने दी गई करीब 1 घंटे के बाद ही इस बस को हटवा दिया गया और ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाया गया।



## सांसद मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ के सेक्टर 63 स्थित सेंट्रल पार्क में ओपन एयर जिम का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 30 जून।** चंडीगढ़ के माननीय सांसद मनीष तिवारी ने आज चंडीगढ़ के सेक्टर 63 स्थित सेंट्रल पार्क, 3 बीएचके फ्लैट्स में नव स्थापित ओपन एयर जिम का उद्घाटन किया।

इस सुविधा को 2.74 लाख रुपये की लागत से स्थापित किया गया है और इसका उद्देश्य स्थानीय निवासियों के बीच स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देना है।

ओपन-एयर जिम में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए डिज़ाइन किए गए विभिन्न प्रकार के आधुनिक व्यायाम उपकरण हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए तिवारी ने स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के लिए शहरी क्षेत्रों में सुलभ फिटनेस बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर दिया।

स्थानीय निवासियों ने पहल का स्वागत किया और बढ़ी हुई सार्वजनिक सुविधाओं के लिए प्रशंसा व्यक्त की। यह परियोजना चंडीगढ़ में हरित और स्वास्थ्य-अनुकूल सामुदायिक स्थान विकसित करने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। कार्यक्रम का समापन जिम उपकरणों के प्रदर्शन और निवासियों के साथ एक संवादात्मक सत्र के साथ हुआ।



## 'मैं भी देश के साथ' चंडीगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने किया देशभक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 30 जून।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग द्वारा आज 'मैं भी देश के साथ' नामक एक विशेष जनजागरूकता और देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों की भारत की एकता, प्रगति और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करना था। यह कार्यक्रम कांग्रेस भवन, सेक्टर 35 में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न समुदायों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह आयोजन चंडीगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नव नियुक्त चेयरमैन असीफ़ चौधरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और कर्नल सोफ़िया कुरैशी जैसी राष्ट्रीय प्रेरणाओं की कहानियाँ और विचार साझा किए गए – जो अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि से आते हुए भी देशभक्ति और उत्कृष्टता के प्रतीक बने।

इस अवसर पर चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने कहा 'भारत की ताक़त उसकी विविधता में है। विज्ञान से लेकर सेना तक, साहित्य से लेकर लोक सेवा तक, अल्पसंख्यक हमेशा राष्ट्र निर्माण में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की दूरदर्शिता हो या कर्नल सोफिया कुरैशी का साहस – हम इन नायकों के योगदान पर गर्व करते हैं। आज का कार्यक्रम यह साबित करता है कि अल्पसंख्यक केवल संविधान के लाभार्थी नहीं, बल्कि उसके गर्वित रक्षक हैं।'

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने कहा 'कांग्रेस पार्टी हमेशा 'सर्व धर्म समभाव' और समावेशी राष्ट्रवाद में विश्वास करती है। 'मैं भी देश के साथ' कार्यक्रम एक स्पष्ट संदेश है कि भारत के अल्पसंख्यक समुदाय एकता, शांति और देशभक्ति के मूल्यों में गहराई से रचे-बसे हैं। भारत की आज़ादी की लड़ाई और विकास में मुस्लिम, ईसाई, सिख व अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।'

अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन असीफ़ चौधरी ने कार्यक्रम में मिली भारी समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा-'यह तो शुरुआत है। चेयरमैन के रूप में मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि अल्पसंख्यकों की आवाज़ न सिर्फ़ सुनी जाए, बल्कि उसका सम्मान भी हो। हम सबसे पहले गर्वित भारतीय हैं और यह हमारा कर्तव्य है कि हम इस देश के धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताने-बाने की रक्षा करें। डॉ. कलाम और सोफिया कुरैशी हमारे आदर्श हैं – यह साबित करते हुए कि देशभक्ति के साथ कोई भी सपना असंभव नहीं।' कार्यक्रम का समापन संविधान के मूल्यों की रक्षा और एक मजबूत, एकजुट भारत के निर्माण की शपथ के साथ हुआ। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में सलीम भाटी, ज़ेड. पी. खान, सादिक़ मोहम्मद, एस. ए. खान, इमरान मंसूरी, हाजी मोहम्मद यूनुस अंसारी, मोहम्मद सुलेमान,जाफर मलिक, कालोनी के चेयरमैन मुकेश राय,शमशीद अहमद, प्रधान शामीम अहमद, सुखमोहदिर सिह, अमीन काजमी, मौलाना मुदस्सिर काजमी आदि शामिल रहे।



## पर्यटकों और बोटिंग स्टाफ में झड़प

**पंचकूला, 30 जून (अप्रस)।** मोरनी हिल्स में एक पर्यटक स्थल पर पर्यटकों और बोटिंग स्टाफ के बीच कथित तौर पर हुई झड़प का एक वीडियो आज वायरल हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि लोग दिनदहाड़े एक-दूसरे को पीट रहे हैं। स्थानीय पुलिस का कोई डर न होने के कारण काफी देर तक लड़ाई चलती रही, जिससे साइट पर मौजूद अन्य पर्यटक डर गए। घटना रविवार को हुई बताई जा रही है। चंडीमंदिर थाने के एसएचओ ने बताया कि हमें मोरनी हिल्स के बोटिंग स्टाफ से शिकायत मिली है। पर्यटक अंबाला के रहने वाले थे। घटना के बाद वे अंबाला चले गए। शिकायत के बाद हमने उन्हें कल बुलाया है। दोनों पक्षों से बातचीत के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।



# चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन का एक वर्ष

नए कानूनों के तहत दर्ज की गई एफआईआर: 3154, (1459 ई-एफआईआर सहित) 29 जून 2025 तक

नए आपराधिक कानूनों ने हमारे अधिकारियों को न्याय को तेज़ी से, निष्पक्ष और पूरी पारदर्शिता के साथ देने का अधिकार दिया

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 30 जून।** यूटी पुलिस को तीन नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के क्रियान्वयन के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर आपराधिक न्याय प्रणाली पर इन सुधारों के परिवर्तनकारी प्रभाव को उजागर करने में गर्व है। चंडीगढ़ पुलिस ने संरचित प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी उन्नयन और बेहतर समन्वय के साथ विधायी सुधारों को तेजी से अपनाया। जिससे सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित हुआ। चंडीगढ़ तीन नए आपराधिक कानूनों को पूरी तरह लागू करने वाला अग्रणी और पहला राज्य/केंद्र शासित प्रदेश था।एक जुलाई 2024 को लागू होने वाले इन कानूनों ने कानूनी ढांचे को आधुनिक बनाया है। नागरिकों की भागीदारी को बढ़ाया है।समय पर न्याय सुनिश्चित किया है।और आंतरिक पुलिस व्यवस्था को मजबूत किया है।

### प्रमुख उपलब्धियां (1 जुलाई 2024 : 30 जून 2025)

**1. क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण:** जीओ,एसएचओ और जांच अधिकारियों सहित 6124 से अधिक पुलिस कर्मियों को नए कानूनों के प्रावधानों और व्यावहारिक अनुप्रयोग पर प्रशिक्षित किया गया। 29 मास्टर प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) पाठ्यक्रम पूरा किया। सभी एसएचओ,आईओ और कंप्यूटर ऑपरेटरों को नए अनुप्रयोगों के उपयोग के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी पृष्ठभूमि वाले पुलिस अधिकारियों की क्षमता निर्माण पुलिस अधिकारियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर शामिल किया गया है और उनका रिफ्रेशर प्रशिक्षण व्यापक रूप से आयोजित किया जा रहा है। एनएफएसयू के माध्यम से 14 फोरेंसिक विशेषज्ञों और एनआईसीएसआई के माध्यम से 22 आईटी विशेषज्ञों को काम पर रखा गया। साक्ष्य प्रबंधन,डिजिटल दस्तावेज़ीकरण और पीड़ित-केंद्रित प्रक्रियाओं पर विशेष मॉड्यूल आयोजित किए गए। न्यायिक अकादमियों, विधि विद्यालयों और अभियोजन विभागों के साथ सहयोग से अंतर-कार्यात्मक समझ सुनिश्चित हुई।

**2. तकनीक-सक्षम जांच:** एकीकृत आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस ) का अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (सीसीटीएनएस ) के साथ एकीकरण आपराधिक न्याय प्रणाली के सभी स्तंभों का निर्बाध एकीकरण निर्दिष्ट स्थानों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) कक्षों की स्थापना 32 न्यायालयों के विरुद्ध मॉडल जेल में 36 वीसी स्टूडियो बैंडविड्थ 50 एमबीपीएस तक बढ़ाई गई और 100 एमबीपीएस हो जाएगी। न्याय सेतु, ई-साक्ष्य, न्याय श्रुति, ई-समन, मेडलीपीआर, ई-प्रॉसिक्यूशन, एनएएफआईएस, चित्रखोजी आदि जैसे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी ऐप को अपनाना और उनका पूर्ण उपयोग करना। बरामद संपत्ति की तलाशी और जब्ती की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी ई-साक्ष्य एप्लिकेशन के माध्यम से रिकॉर्ड की जाती है। और उन्हें एफआईआर के साथ समन्वयित,जो डिजिटल साक्ष्य के साथ मामले को साबित करने में मदद करता है। ई-साक्ष्य एप्लिकेशन ने क्लाउड पर साक्ष्यों का सुरक्षित भंडारण किया है ।साथ ही एचएएसएच वैल्यू और जियो टैगिंग भी की है। यह साक्ष्यों की अखंडता को बनाए रखता है। छेड़छाड़/हेरफेर को रोकता है। अब तक कुल 2675 ई-सक्ष्य बनाए गए हैं। सीसीटीएनएस खोजी: संदिग्ध की पहचान के लिए पुलिस के गिरफ्तार व्यक्तियों के रिकॉर्ड का एआई विश्लेषण, खोज क्षमताएं – उन्नत खोजों को सक्षम बनाता है। जियो-टैगिंग और मैपिंग – जीआईएस उपकरणों का उपयोग करके अपराध स्थलों और हॉटस्पॉट का दृश्य प्रतिनिधित्व, सीसीटीएनएस के साथ एकीकरण-अंतर-राज्यीय आपराधिक डेटा तक वास्तविक समय की पहुंच के लिए राष्ट्रीय सीसीटीएनएस डेटाबेस के साथ पूरी तरह से एकीकृत, फिंगरप्रिंट और चेहरे की पहचान सहायता – एएफआईएस जैसे डेटाबेस से जुड़े बायोमेट्रिक डेटा का उपयोग करके संदिग्धों का मिलान करता है। ई-अभियोजन को कार्यात्मक बनाया गया – सभी अंतिम रिपोर्ट/चार्जशीट पुलिस द्वारा सीसीटीएनएस के माध्यम से अभियोजन पक्ष को जांच के लिए भेजी जा रही हैं और ऑनलाइन टिप्पणियां/टिप्पणियां प्राप्त की जा रही हैं। अब तक 1513 चार्जशीट ई-अभियोजन के माध्यम से भेजी जा चुकी हैं।

**3. कुशल जांच और अभियोजन:** नए कानूनों के तहत दर्ज की गई एफआईआर 3154 (1459 ई-एफआईआर सहित) 29 जून 2025 तक, आरोप पत्र दाखिल किए गए: 758, दोषसिद्धि प्राप्त हुई: 78 में से 71 मामलों में निर्णय लिया गया ।जिसके परिणामस्वरूप 91.1त्न दोषसिद्धि दर दोषसिद्धि का औसत समय: 300 दिनों से घटकर 110 दिन (एनसीएल में), एमईडीएलईएपीआर पर पंजीकृत ऑनलाइन चिकित्सा अनुरोध: 11327

**4. फोरेंसिक क्षमताओं में वृद्धि :** 7 वर्ष से अधिक कारावास वाले सभी मामलों में एसओसी का दौरा करने के लिए 24 गुना 7 सेवाएँ प्रदान करने के लिए 05 सीएफएसएल टीमें, एक स्टैंडबाय टीम के साथ 14 फोरेंसिक एनालिटिक्स नियुक्त किए गए एनएफएसयू, गांधीनगर के माध्यम से। क्यूआर कोड-आधारित फोरेंसिक ट्रैकिंग हिरासत की श्रृंखला में फोरेंसिक साक्ष्य की सुरक्षित, छेड़छाड़-प्रूफ ट्रैकिंग सक्षम बनाती है। प्रभावी निगरानी: संचालन को सुव्यवस्थित करने और अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाने के लिए, न्याय सेतु को पुलिस के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में पेश किया गया है। यह आईसीजेएस (स्वास्थ्य, फोरेंसिक, अभियोजन, न्यायालय और जेल) के सभी स्तंभों से डेटा तक एकीकृत पहुंच प्रदान करता है। जिससे अधिकारी सूचित निर्णय लेने, देरी को कम करने और मामले के परिणामों में सुधार करने में सक्षम होते हैं।

**सामुदायिक जागरूकता:** 1000 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। 01 अप्रैल 2024 को विशेष रूप से नागरिक अधिकारों, पीड़ितों की सुरक्षा और आपातकालीन रिपोर्टिंग तंत्र पर एनसीएल के तहत क्षेत्रीय भाषाओं में 25 हजार से अधिक लोगों को जागरूक किया गया और तीन भाषाओं में 60,000 पर्चे वितरित किए गए।

**प्रभाव सारांश बढ़ी हुई जवाबदेही :** जांच अधिकारियों और अभियोजन एजेंसियों के लिए स्पष्ट जिम्मेदारियाँ। प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग – इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, फोरेंसिक उपकरण, सीसीटीएनएस/ आईसीजेएस प्लेटफॉर्म का उपयोग करने के लिए कानूनी मंजूरी। सशक्त पुलिस और अभियोजन: – मजबूत कानूनी समर्थन और सुव्यवस्थित केस हैंडलिंग से प्रदर्शन में सुधार होता है। प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण से व्यावसायिकता और आत्मविश्वास बढ़ता है। जनता का विश्वास और पारदर्शिता: न्याय की तेज़ डिलीवरी से न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास बढ़ता है। न्याय वितरण में तेज़ी: जाँच और सुनवाई की समयसीमा में तेज़ी से सुधार होने से प्रणाली ज़्यादा संवेदनशील हो गई है। पारदर्शिता और जवाबदेही: डिजिटलीकरण से देरी और कदाचार कम हुआ है। जनता का विश्वास बढ़ा: पीड़ितों की बेहतर देखभाल, समुदाय की भागीदारी और निष्पक्ष पुलिसिंग ने पुलिस-नागरिक संबंधों को मज़बूत किया है। नए आपराधिक कानूनों ने हमारे अधिकारियों को न्याय को तेज़ी से, निष्पक्ष और पूरी पारदर्शिता के साथ देने का अधिकार दिया है। पहला साल सफल रहा है और हम समुदाय के समर्थन और कानूनी निगरानी के साथ अपनी प्रणालियों को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सम्पादकीय

# नक्सलवादियों से वार्ता का औचित्य नहीं, समर्पण ही उपाय

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का नक्सलियों के प्रति यह सख्त रूख उचित ही है कि उनसे कोई बातचीत नहीं की जा सकती और उन्हें हर हालत में आत्मसमर्पण ही करना होगा। निश्चित रूप से जिसकी भाषा बंदूक की हो, उससे संवाद नहीं किया जा सकता। केंद्र सरकार और पूरा देश यही चाहता है कि नक्सलवादी बंदूक को छोड़कर देश की मुख्यधारा में शामिल हों। हालांकि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नक्सलियों को इसकी प्रेरणा कहां से मिल रही है कि केवल मात्र बंदूक के जरिये वे अपनी बात मनवा सकते हैं। इस समय देश में तमाम ऐसे लोग भी होंगे, जिन्हें ठीक से नहीं पता है कि आखिर नक्सली चाहते क्या हैं। यही समझा जाता है कि वे अपने लिए अलग प्रदेश चाहते हैं और वहां पर अपने तौर तरीकों से रहना चाहते हैं। हालांकि देश में छत्तीसगढ़ और झारखंड जैसे राज्य जनजातियों और इनके लिए समर्पित क्षेत्रों के मध्यनजर ही बनाए गए हैं। इसके बावजूद नक्सली आखिर और क्या अलग चाहते हैं। बेशक, पहले की सरकारों के वक्त नक्सलियों से बातचीत के नाम पर काफी वक्त जाया किया जाता था, लेकिन मोदी सरकार ने नक्सलियों के प्रति सख्त अभियान चलाकर देश से नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है।

**छत्तीसगढ़ नक्सलवाद का वह गढ़ है, जिसने इस क्षेत्र में आतंक का ऐसा दौर कायम किया हुआ है, जिसमें न विकास संभव हो रहा है और न ही शांति। दुख तब अपने चरम पर पहुंच जाता है, जब पता लगता है कि सुरक्षाबलों ने इतने नक्सलियों को मार गिराया और इस ऑपरेशन में इतने सैनिक शहीद हो गए। यह बहुत ताज्जुब की बात है कि नक्सलियों ने आतंकी गतिविधियों को अपना धर्म बना रखा है, जबकि उन्हें इसकी इजाजत है कि वे समाज की मुख्यधारा में लौटें और शांतिपूर्वक जीवन यापन करें। लेकिन न जाने किस विचारधारा ने उनका माइंड वॉश कर दिया है कि हाथों में बंदूक और दिमागों में विफल क्रांति का बारूद भरे ये वनवासी अपने ही देश से लड़ रहे हैं।**

छत्तीसगढ़ नक्सलवाद का वह गढ़ है, जिसने इस क्षेत्र में आतंक का ऐसा दौर कायम किया हुआ है, जिसमें न विकास संभव हो रहा है और न ही शांति। दुख तब अपने चरम पर पहुंच जाता है, जब पता लगता है कि सुरक्षाबलों ने इतने नक्सलियों को मार गिराया और इस ऑपरेशन में इतने सैनिक शहीद हो गए। यह बहुत ताज्जुब की बात है कि नक्सलियों ने आतंकी गतिविधियों को अपना धर्म बना रखा है, जबकि उन्हें इसकी इजाजत है कि वे समाज की मुख्यधारा में लौटें और शांतिपूर्वक जीवन यापन करें। लेकिन न जाने किस विचारधारा ने उनका माइंड वॉश कर दिया है कि हाथों में बंदूक और दिमागों में विफल क्रांति का बारूद भरे ये वनवासी अपने ही देश से लड़ रहे हैं। देश में नक्सलवाद का डंक बरसों से केंद्र एवं राज्य सरकारों के लिए सिरदर्दी बना हुआ है। अपने ही तौर तरीकों से जीवन जीने की जिद करने वाले आदिवासी लोगों का नक्सली बनना चिंता की बात है, लेकिन उनकी आतंकी गतिविधियां बेहद गंभीर मामला है। दिक्कत तब बहुत बड़ी हो जाती है जब नक्सली सरकार के आत्मसमर्पण करने के आह्वान का अनादर करते हुए सुरक्षाबलों की शहादत का कारण बनते हैं। केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद नक्सलियों पर अंकुश तेज हुआ है, लेकिन नक्सलियों की ओर से बदले की भावना से उठाए गए कदमों ने भी अनेक सुरक्षा बलों का जीवन छीन लिया है। अब यह देश से छिपा रहस्य नहीं है कि नक्सली किस प्रकार महिलाओं और बच्चों का भी अपने लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उनके हाथों में बंदूक थमा रहे हैं और एक पूरी तरह से असंभव लड़ाई को जीतने की चेष्टा कर रहे हैं। वास्तव में इस पर खुशी नहीं मनाई जा सकती कि सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को मार गिराया, निश्चित रूप से यह लोग गुमराह किए गए हैं, क्योंकि मासूम आदिवासियों को नक्सली होने का टैग देने वाले असली आरोपी अब भी अप्रत्यक्ष हैं और सबसे बड़ी कार्रवाई उन्हीं पर होना जरूरी है।

निश्चित रूप से बतौर केंद्रीय गृहमंत्री शाह के लिए यह गंभीर चुनौती है कि नासूर बन चुके नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म किया जाए। नक्सलवाद आतंकवाद का पर्याय है और इसे किसी भी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता। हालांकि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में नक्सलवाद अब भी कायम है और इसकी वजह से सरकार एवं प्रशासन के समक्ष चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। नक्सलवाद ऐसे रोग की तरह है, जिसका इलाज कानूनी और सामाजिक तरीके से होता नजर नहीं आता। सवाल पूछा जा सकता है कि क्या नक्सलियों को मौत के घाट उतारना ही एकमात्र इलाज है। इसके जवाब में यह पूछा जा सकता है कि आखिर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने से नक्सलियों को किसने रोका है। आज के समय में केंद्र एवं राज्य सरकारें आदिवासी एवं कृषक समाज के लिए तमाम सुविधाएं प्रदान कर रही हैं और उन्हें आगे बढ़ा रही हैं। तब वामपंथी विचारधारा जिसने समाज को काटने और बांटने का काम ही किया है, पर चलकर किस प्रकार कुछ सिरफिरे अपने और दूसरों के जीवन को नष्ट कर रहे हैं। देश को नक्सलवाद से मुक्ति मिलना जरूरी है।

# एससीओ में रक्षामंत्री का चीन-पाक को कड़ा संदेश

भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के पोर्ट सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर न केवल पाकिस्तान और चीन को नये भारत का कड़ा संदेश दिया, बल्कि दुनिया को भी जता दिया कि भारत आतंकवाद को पोषित एवं पल्लवित करने वाले देशों के खिलाफ अपनी लड़ाई निरन्तर जारी रखेगा। घोषणापत्र में बलोचिस्तान की चर्चा की गई थी किन्तु पहलगाम के क्रूर आतंकवादी हमले जिनमें धर्म पूछकर 26 लोगों को मारे जाने का कोई विवरण नहीं था। भारत की आतंकवाद को लेकर दोहरे मापदंड के विरुद्ध इस दृढ़ता एवं साहसिकता की चर्चा विश्वव्यापी हो रही है। भारत ने विश्व को आगाह कर दिया है कि अब आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। राजनाथ सिंह के अडिगता एवं असहमति के इस कदम से एससीओ के रक्षामंत्रियों का सम्मेलन बिना संयुक्त वक्तव्य जारी किये ही समाप्त हो गया, जो पाकिस्तान एवं चीन के मुंह पर करारा तमाचा है। ऐसा होना भारत की ही जीत है और चीन-पाकिस्तान के लिये शर्मसार होने की घटना है। विशेषतः इस घटनाक्रम से चीन की बदनीयत एक बार फिर से उजागर हो गई है।

भारत विश्व स्तर पर इस कोशिश में लगा रहता है कि आतंकवाद का दबाव कम हो, दुनिया आतंकमुक्त बने, निर्दोष लोगों की क्रूर आतंकी हत्याओं पर विराम लगे, पर दुर्भाग्य से दुनिया में अनेक देश अपना राजनीतिक नफा-नुकसान देखकर ही इस पर अपना रुख तय करते हैं। वास्तव में एससीओ की बैठक में भी यही हुआ है। त्रासद विडंबना है कि एससीओ में शामिल देशों ने भारत में पडोसी देश पाक की आतंक घटनाओं पर विसंगतिपूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण रवैया अपनाया। वास्तव में, यह एक और प्रमाण है कि पाक पोषित आतंकवाद संबंधी भारतीय शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस बीच, अमरनाथ यात्रा से ठीक एक सप्ताह पहले गुरुवार को उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ सोचने पर मजबूर करती है। पाक की आतंकी हरकतें रूक नहीं रही है, अमरनाथ यात्रा पहले ही आतंकियों के निशाने पर रही है और इस बार भी आतंकियों के निशाने पर है, विगत तीन दशक से तनाव की स्थिति में ही अमरनाथ यात्रा हो रही है। सुरक्षा बल शांतिपूर्ण यात्रा के लिए प्रयासरत हैं लेकिन एससीओ जैसे संगठनों को पाक को सख्त हिदायत देते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत में पाक समर्थित आतंकवाद रूकना चाहिए।



निश्चित ही एससीओ सम्मेलन में भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एक निडर एवं साहसिक नेता के रूप में उभरे। उन्होंने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार करने की भारत की नई नीति की रूपरेखा सम्मेलन में रखी। उनका कहना था कि संगठन के सदस्य देशों को आतंकवाद जैसी सामूहिक सुरक्षा से उत्पन्न चुनौती के मुकाबले के लिये एकजुट होना चाहिए। उनका मानना था कि कट्टरता, उग्रवाद और आतंकवाद दुनिया में शांति, सुरक्षा और विश्वास को कम कर रहे हैं। यह भी कि आतंकवाद पर तार्किक प्रहार किए बिना सदस्य देशों में शांति व समृद्धि संभव नहीं है। उन्होंने उन तत्वों को बेनकाब करने का प्रयास किया जो आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिये उसे प्रश्रय देते हैं। उनका मानना था कि एससीओ आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अपनाने के बजाय इसको प्रश्रय देने वाले देशों की आलोचना करे, आतंकवाद को समाप्त करने की मुहिम में निष्पक्ष बने। यह भी अच्छा हुआ कि रक्षामंत्री इस पर भी अड़े रहे कि एससीओ में आतंक का समर्थन करने वाले देशों की निंदा एवं भर्त्सना होनी चाहिए। इसका अर्थ था कि पाकिस्तान को बख्शा न जाए, लेकिन चीन ने आशंका के अनुरूप ढिठाई एवं बदनियत ही दिखाई।

चीन लगातार पाक के आतंकवाद पर सहयोगी दृष्टिकोण अपनाये हुए है। उसे आतंकवाद के खिलाफ सख्त होना चाहिए लेकिन वह पहले भी आतंकवाद के प्रति नरमी दिखा चुका है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वह पाक के आतंकी सरगनाओं का बचाव कर चुका है। इससे उसकी बदनामी भी हुई थी, लेकिन उस पर कोई असर नहीं पड़ा। चीन आतंक को लेकर जितना संवेदनशील होना चाहिए, पाक के कारण वह उतना नहीं हो पा रहा है। इससे उनकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि आहत हो रही है, लेकिन वह सुधरने को तैयार नहीं है। यह स्पष्ट है कि एससीओ में चीन-पाक के बीच बढ़ते शरारत भरे तालमेल पर भारत को इस संगठन में अपनी भूमिका को लेकर सतर्क एवं सावधान होना होगा। भारत को यह भी देखना होगा कि विस्तार ले रहे इस संगठन में अपनी महत्ता कैसे स्थापित करे। यह ठीक है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मनमाने रवैये के कारण चीन भारत से संबध सुधारना चाहता है और कुछ मामलों में अपना रुख बदलने के लिए विवश भी हुआ है, पर इसका यह मतलब नहीं कि वह भारत के हितों की अनदेखी करे या फिर अमेरिका एवं पश्चिम के अन्य देशों की तरह आतंकवाद पर दोहरा रवैया अपनाए और आतंक के समर्थक पाक का सहयोग एवं समर्थन जारी रखे। भारतीय नजरिये से देखें, तो अमेरिका और चीन, दोनों ही भारत में आतंकवाद के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। भूलना नहीं चाहिए, पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाक सैन्य जनरल का अपने भवन में भोज के साथ स्वागत किया है। ऐसे घटनाक्रमों से भारत के लिए संदेश साफ है कि वह आंतरिक स्तर पर आतंकियों के लिये अपने संघर्ष को तीखी धार दे। भारत को अपनी आर्थिक एवं सैन्य ताकत बढ़ानी होगी, तभी आतंकवाद को कुचला जा सकता है। आतंकवाद के खिलाफ उसे अकेले की संघर्षरत रहना होगा।

दरअसल, एससीओ सम्मेलन में भारत चाहता था कि अंतिम दस्तावेज में आतंकवाद को लेकर भारतीय चिंताओं को जगह दी जाए। इसीलिये सम्मेलन में रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की तार्किकता को बताया और पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना दुनिया के सामने स्पष्ट थी और दुनिया के तमाम देशों ने इसकी निंदा भी की। इसी से दो देशों के बीच युद्ध की नौबत आ गई, एससीओ सम्मेलन में उस हमले को तवज्जो न देने की रणनीति दरअसल हकीकत के साथ मखौल एवं दोगलापन है। लेकिन सम्मेलन में रक्षामंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जी-7 शिखर सम्मेलन में कही उन बातों को ही विस्तार दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को कभी पुरस्कृत नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह आश्चर्य जताया था कि आतंक के अपराधियों और इसके पीड़ितों को एक तराजू में कैसे तोला जा सकता है? यह कड़ा संदेश प्रधानमंत्री ने अमेरिका को दिया था।

पाक और उसके करीबी सहयोगियों के नापाक इरादों को दुनिया को बताने तथा भारत की बात हर देश तक पहुंचाने के लिए भारत ने बहु-पक्षीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया भर में भेजे। लेकिन पाक के सदाबहार दोस्त चीन के दबदबे वाले एससीओ सम्मेलन में पाक के आतंकी मनसूबों को लेकर स्पष्ट नजरिया बनना जरूरी है। एससीओ की घोषणा में अगर यह आरोप लगाया गया है कि बलूचिस्तान की गड़बड़ी में भारत शामिल है, तो फिर भारत को ज्यादा कड़ा रुख अख्तियार करने की जरूरत है। ऐसे झूठे एवं भ्रामक तथ्यों का प्रतिकार जरूरी है। ऐसे झूठ को फैलाकर ही पाक दुनिया से सहानुभूमि जुटाता रहा है। इसलिये किसी भी ऐसे विश्व स्तरीय सम्मेलन में अपनी बात भी पुरजोर ढंग से तथ्यपरक तरीके से रखनी चाहिए। वहां पारित होने वाले प्रस्तावों के प्रति रक्षामंत्री की भांति ज्यादा संवेदनशील एवं सख्त होने की जरूरत है। भारत अपनी इसी नीति को दोहरा कर शत्रु मानसिकता वाले देशों को सबक दे सकेगा। पाक के प्रति भारत की सख्ती हर मोर्चे पर दिखाई दे। भले ही पाक हकीकत न देखने की गलती दोहराता रहे। अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित तथा प्रयोग करने वालों को इसके परिणाम भुगतने ही होंगे। ऐसा करते हुए वह कंगाल होने की कगार पर पहुंच चुका है, वह लगातार गरीबी और कमजोरी का शिकार हो रहा है। आतंकवाद को पोषित करते हुए यह देश अन्य देशों की दया पर आश्रित होता जा रहा है। लेकिन भीख में मिली दया या अनुदान से कब तक खुद को कायम रख पायेगा?

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### के.सी.एफ. का खूंखार खाड़कू 'शेरा' मारा गया

चंडीगढ़। गत रात्रि के दौरान पंजाब में खालिस्तान कमांडो फोर्स पजवाड़ा ग्रुप के पूर्व लेफ्टीनेंट जनरल दिल शेर सिंह शेरा समेत तेरह खाड़कू मारे गए। बठिंडा जिला में कल जिन दस खाड़कुओं ने आत्मसमर्पण किया था उनमें से तीन खाड़कुओं की जगतार सिंह, सुखदेव सिंह व गुरमीत सिंह के तौर पर शिनाख्त की गई है जोकि खालिस्तान कमांडो फोर्स के खूंखार खाड़कू माने जाते थे। यहां प्राप्त समाचारों के मुताबिक आज सुबह मजीठा पुलिस जिला के गांव डेरीवाल में दिल शेर सिंह शेरा नामक कुख्यात खाड़कू उस समय मारा गया जब पुलिस ने इस खाड़कू के छुपने के स्थान पर छापा मारा। अमृतसर के पुलिस अधीक्षक हरदीप ढिल्लों के मुताबिक दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में शेरा मारा गया जबकि उनका एक साथी भागने में सफल हो गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह खाड़कू पंजाब विधानसभा के भूतपूर्व अध्यक्ष बृजभूषण मेहरा की हत्या सहित अन्य कई हत्याओं अपहरणों व फिरौतियां मांगने के अपराधों में पुलिस को वांछित था। इसके कब्जे से दो राइफलें व भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद हुआ है। तरनतारन पुलिस जिला में हुई एक मुठभेड़ में चार अज्ञात खाड़कू व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का लांस नायक प्रकाश सिंह मारा गया। फरीदकोर्ट जिले के गांव गोडमल में हुई एक मुठभेड़ में दो खाड़कू मारे गए और एक भागने में सफल रहा। जालंधर जिला के गांव सांगवान में एक और संगरूर जिला के गांव सोमनाबाद में तीन खाड़कू मारे गए।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1921- कोयला हड़ताल इंग्लैंड में समाप्त हो गई।
1927- कनाडा में पहली तट-से-तट रेडियो नेटवर्क जोड़ने का काम डोमिनियन की 60 वीं वर्षगांठ के उत्सव के लिए किया गया।
1932- ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय प्रसारक, ऑस्ट्रेलियाई प्रसारण निगम, का गठन किया गया था
1948- यू.एस. वायु सेना के विशेष जांच दल की स्थापना की गयी।
1949- भारत में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान की स्थापना की गयी।
1951- कनाडा और जर्मनी के बीच एक औपचारिक शांति समझौता हुआ।
1960- घाना प्रथम गणतंत्र के रूप में क्वामे नक्रमा के साथ एक गणतंत्र बन गया।
1961- न्यूयॉर्क के निकट ग्रांड द्वीप पर थीम पार्क खोला।
1963- ब्रिटिश सरकार ने खुलासा किया कि पूर्व एमआई 6 एजेंट किमफिलबी ने सोवियत संघ के लिए जासूसी में लगे हुए थे।
1964- भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना।
1968- 62 देशों ने वाशिंगटन, डीसी, लंदन और मॉस्को में परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए।
1979- सोनी वॉकमेन जापान में पहली बार बेचने के लिए बाजार में उतारा गया।
1996- आस्ट्रेलिया के उत्तरी प्रांत में स्वेच्छा मृत्यु क़ानून विश्व में पहली बार लागू।
1999- स्कॉटलैंड के विधान प्रशासन को वेस्टमिंस्टर में स्कॉटिश कार्यालय से स्कॉटिश संसद में स्थानांतरित किया गया था।
2002- बशकिरियन एयरलाइंस की फ्लाइट 2937 और डीएचएल की फ्लाइट 611 ने जर्मनी में टकराकर दोनों विमानों में सवार सभी 71 लोगों की जान ले ली।

## बोल ब्यूटीफुल



**आरती टिंकू सिंहः** बांग्लादेश में एक हिन्दू महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का वीभत्स मामला दर्शाता है कि वहां किस तरह हिन्दुओं को निशाना बनाकर उनके नस्लीय सफाए की योजना पर काम हो रहा है। इसके लिए अमेरिका की कठपुतली यूनुस सरकार ही जिम्मेदार है, जिसमें कट्टरपंथी अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

**मिन्हाज मर्चेंटः** अगर पूरी दुनिया में पाकिस्तान से भी ज्यादा जहरीला, दगाबाज और घातक देश है तो वह चीन है। एससीओ सम्मेलन में भी पाकिस्तानी आतंक के बेशर्मी से बचाव का उसका कुत्सित प्रयास सफल नहीं हो सका।

# खंडहर होते तरावड़ी, हांसी और बठिंडा के किले जो थे कभी उत्तरी भारत के सुरक्षा कवच

दैनिक अर्थ प्रकाश

पृथ्वीराज चौहान के तराईन वर्तमान में तरावडी, भठिंडा तथा हांसी के प्राचीन किले,जो वर्तमान में खण्डर हो चुके है,तत्कालीन समय में उतरी भारत के सुरक्षा कवच माने जाते थे। तरावड़ी के किले के चारों ओर बड़े-बड़े दरवाजे है, दरवाजों की उंचाई इतनी है कि हाथी सेना को आसानी से अन्दर या बाहर लाया जा सके। किले के चारों ओर उपरी हिस्सों में सैनिकों के लिए इस प्रकार की व्यवस्था की गई कि वे दुशमन को बिना दिखाई दिए उन पर आक्रमण कर सके। किले में अद्भुत नक्काशी वाली ईंटों से बनी दीवार उन शिल्पकारों की याद दिलाती है,जो इन्हें बनाने में विख्यात थे। किले के चारों और गुंबद बने हुए है।इस किले में आजकल पूरा तरावडी का वार्ड न0 एक बसा हुआ है,जिसे काटजू नगर कहते है।रखरखाव के अभाव में यह ऐतिहासिक धरोहर निरन्तर खंडहर के रूप में तब्दील हो रही हैं।यदि इस स्थल को पर्यटन के रूप मे विकसित कर दिया जाए तो प्रदेश के राजस्व में भारी इजाफा हो सकता है।

इतिहास कारों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तरावड़ी के मैदान में चौहान और गौरी के बीच अंतिम लडाई भी लडी गई। इस लड़ाई में कन्नौज के राजा जयचंद ने पृथ्वीराज चौहान से निजी रंजिश का बदला लेने के लिए गौरी की सेनाओं का साथ दिया, उसे शायद इस बात का पता नहीं था कि वह इस युद्ध में गौरी का साथ देकर बहुत बडी भूल कर रहा है। इस बारे में इतिहासकारों के भिन्न-भिन्न मत हैं। अन्य जानकारी के अनुसार गौरी ने चौहान को सन्धि का न्योता भेजा।होली की रात को दोनों ओर के सैनिकों ने संधि की बात सुनकर जश्न मनाया,लेकिन अगली सुबह गौरी ने धोखे से चौहान की सोती सेना धावा बोल दिया।जब तक चौहान की सेना सम्भल पाती चौहान को बंदी बना लिया।

चार बांस चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमाण,
ता उपर सुल्तान है,मत चुके चौहान,

चन्द्रबरदाई ब्राह्मण के वेश में गजनी गया और गौरी को चौहान के शब्द भेदी बाणों के किस्से सुनाए। गौरी के बाणों के नजारे देखने के लिए तैयार हो गया। इससे पहले चंदबरदाई और चौहान, गौरी को नेस्तनाबूद करने की रणनीति बना चुके थे। पृथ्वीराज रासो के अनुसार राज कवि ने चौहान को बताया कि चार बांस चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमाण,ता उपर सुल्तान है, मत चुके चौहान सुल्तान ने जैसे ही आवाज देकर चौहान को तवे बिन्दने का आदेश दिया।चौहान ने शब्दों के साथ ही तवे बिन्दने की बजाय सुल्तान को बींध डाला। तीर लगते ही गौरी सिंहासन ने नीचे गिर पडा। स्थिती के देखते हुए चौहान और चन्द्र बरदाई ने एक दूसरे को खत्म कर दिया और इतिहास की गौरवशाली बलिदानी परम्परा में अदम्य साहस का एक और मोती पिरो डाला। कुछ इतिहासकारों के अनुसार गौरी की हत्या खोकर जनजाति के लोगों ने 1206 ई0 में की,जब वह झेलम नदी किनारे शाम की प्रार्थना कर रहा था। जयचन्द ने गौरी की सहायता करके बड़ी भूल की जो उसी उसी पर भारी पडी। कुछ समय बाद 1192 में गौरी ने जयचन्द पर हमला कर उसे परास्त कर दिया।

**करनाल के तरावड़ी में सीना ताने खड़ा खंडहर हो चुका किला पृथ्वीराज चौहान और गौरी के बीच लड़े युद्ध का है मूक साक्षी।**

हरियाणा में करनाल से लगभग सात किलोमीटर दूर दिल्ली-चण्ढीगढ राष्ट्रीय राजमार्ग बसा कस्बा तरावडी स्थित खण्डहर हो चुका किला पृथ्वीराज चौहान और विदेशी आक्रमणकारी मोहम्मद गौरी के बीच लड़े गए अन्तिम युद्ध का मूक साक्षी है। तरावड़ी तराइन का ही अपभ्रंश रूप है। यह वह मैदान है जहां पर कई बार पृथ्वी राज चौहान के हाथों शिकस्त खा चुके गौरी ने चौहान को धोखे से बंदी बनाया था। रखरखाव के अभाव में किले की दयनीय स्थिति तत्कालीन इतिहास की मूक जानकारी दे रही है। हांसी स्थित पृथ्वीराज चौहान का किला तत्कालीन हालात की जानकारी देने के लिए वक्त के थपेडों के बीच सीना ताने खड़ा है। तरावडी के किले के बारे में लोगों का मानना है कि तराईन का किला 987 ई0 पूर्व शाह आजम द्वारा बनाया गया था।जिस पर युद्ध के दौरान चौहान ने कब्जा कर लिया जबकि कुछ इतिहासकारों का मत है। यह किला आजमशाह ने चौहान को भेंट में दिया था,जिसको चौहान ने मजबुती प्रदान की।

**असिगढ़ का अपभ्रंश रूप है हांसी -किले में बनाई जाती थी सेना के लिए तलवारें- असि का पर्यायवाची तलवार भी है।**

जनश्रुति से प्राप्त जानकारी के अनुसार 736 ई0 में राजा अनंगपाल तोमर ने दिल्ली की नींव रखी।अनंगपाल के पांच पुत्रों में से एक द्रुपद ने जंगल में एक गढ की स्थापना की। इस गढ में हथियार विशेषकर तलवारे बनाई जाती थी।बाद में इसे तलवार बनाए जाने के कारण असि गढं तलवारें बनाने का गढ़ भी कहा जाने लगा और फिर असिगढ का अपभ्रंश रूप हांसी के रूप में सामने आया।इस बात से सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि दिल्ली का राज वर्तमान उतरी हिंदुस्तान,पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान के कुछ हिस्से पर भी स्थापित था।



प्राप्त जानकारी के अनुसार तोमर शासकों ने दिल्ली पर सन् 1158 ई0 के मध्य तक राज किया।इसके बाद शाकुम्भरी के चौहान नरेश बीसलदेव ने तोमरों को हराकर दिल्ली पर अपना राज्य जमा लिया। बिसलदेव चौहान वंश का पहला राजा बना।उन्होने चौहानों को बडे पदों तैनात कर दिया। बिसलदेव के बाद उनके पुत्र गांगेय ने 1167 ई0 तक दिल्ली पर राज किया।गांगेय के बाद उनके चचेरे भाई पृथ्वीराज द्वितीय ने 1170 ई0 तक दिल्ली पर राज किया।राष्ट्रीय धरोहर के रूप में इस राजा का एक शिलालेख भी है जो कि संस्कृत भाषा में लिखा है। यहां का बडसी गेट बहुत मशहुर है।कहा जाता है कि 1166 में सोमेश्वर के पुत्र पृथ्वीराज चौहान का जन्म हुआ। थोडी आयु में ही चौहान ने शासन की बागडोर संभाल ली। उन्होने दिल्ली से गुजरात तथा पंजाब तक को जीतकर अपने राज्य में मिला लिया। चौहान राज्य की सीमाएं मुगलों तथा तुर्की राज्य को छुने लगीं।चन्द्रबरदाई की रचना पृथ्वीराज रासों में जिन युद्धों का वर्णन किया गया है उनमें से केवल एक तराईन के युद्ध को छोड सभी युद्ध पृथ्वी राज चौहान ने जीते। करीब 30 एकड़ में फैले किले की दीवारों की उंचाई लगभग 52 फुट तथा मोटाई लगभग 35 से 37 फुट तक बताई गई है। अष्ट धातुओं से बनी 57 जैन मूर्तियां भी खुदाई के दौरान यहां से मिली थी। इस किले को 1937 में राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया गया।

एक अन्य जानकारी के अनुसार पृथ्वीराज चौहान के असिगढ के किले की। असि का मतलब तलवार भी होता है। चौहान ने उत्तर दिशा से विदेशी आक्रमणकारियों को रोकने के लिए एक किला स्थापित किया, जिसमें बड़ी संख्या में तलवारें बनाई जाती थी। असि का अपभ्रंश रूप ही हांसी है,जहां आज भी चौहान के किले को खंडहर के रूप में देखा जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हांसी एक प्राचीन शहर है। यहां पर स्थापित किला कभी उत्तरी भारत का सुरक्षा कवच माना जाता था। किले में चार द्वार होते थे। अस्तबल,सैनिक विश्राम गृह के साथ साथ स्नान गृह, तलवार बनाने के कारखाने की व्यवस्था थी। स्नान गृह में बीस बीस मीटर की दीवार देखी जा सकती है। वहां पर 11वीं शताब्दी में बना कुआं भी है। चार बर्ज हुआ करते थे, जो खंडहर हो चुके है। किले में बनी सराय में तिकोनी आकृति से बनी सूर्य मुर्ति भी निकली है। किले में प्री वेडिंग की शूटिंग भी होती है। सन 1983 जैन मंदिर की मूर्ति भी निकली है। करोडों ईंटों का प्रयोग बताता है कि तत्कालीन शासकों की क्या सोच रही होगी। करीब 50 मीटर लंबी घुड़शाला में सैनिकों के ठहरने की व्यवस्था भी होती थी। चौहान की सेना में करीब दो लाख घुड़सवार होते थे। किले में रानी का तालाब भी हुआ करता था। भाटी राजपूतों द्वारा बनाए गए बठिंडा के किले को गौरी से छिना था पृथ्वीराज चौहान ने- रजिया सुल्तान को भी कैद करके रखा गया इस किले में-कैथल में की गई थी रजिया सुल्तान की हत्या-कैथल में आज भी मौजूद है खंडहर में तब्दील हो चुका रजिया का मकबरा।

बठिंडा में पृथ्वीराज चौहान का किला भी हमेशा आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा। किला मुबारक पंजाब के बठिंडा शहर के केन्द्र में भव्य और शानदार स्मारक है। भारत के सबसे पुराने किलों में से एक है। राजनीतिक हलचल का केंद्र बिंदु रहा है। इसकी दीवारों की ऊंचाई करीब 30 मीटर तक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह किला प्रथम बार 90-110 ईस्वी में राजा दब के शासन काल में बनाया गया। बेगम रजिया सुल्तान को भी 1239 से 1240 के बीच इस किले के समन बुर्ज में कैद रखा गया। इसका निर्माण भुटा या भाटी राजपूत राजाओं द्वारा करवाया गया। यह राजा जयपाल की राजधानी भी रही। इस किले पर मोहम्मद गौरी का कब्जा भी रहा फिर इस किले को पराक्रमी सम्राट पृथ्वी राज चौहान ने करीब एक साल की लड़ाई के बाद गौरी से छीन लिया और देश की उतरी सीमाओं को मजबुत करना शुरू कर दिया इस लिए इस किले को पृथ्वी राज चौहान का किला भी का जाता है। भठिंडा के किले में रजिया सुल्तान को भी कैद करके रखा गया। बाद में कैथल में रजिया सुल्तान की हत्या की गई थी --कैथल में आज भी खंडहर में तबदील हो चुका रजिया का मकबरा मौजूद है।

खंडहर होते तरावड़ी,असिगढ़ यानि हांसी और बठिंडा के किले और दुर्ग कभी उतरी भारत के सुरक्षा कवच हुआ करते थे। आज भी घायल अवस्था में सीना ताने खडे किलों के खंडहर और बुर्जों के अवशेष अपने पराक्रम की गौरव गाथा बता रहे है। रखरखाव के अभाव में तत्कालीन समय में सजने वाली सुनहरी रोनकें आज भी हो रही है ताजा। इन्ही किलों में तैयारी रण की रणनीति होती थी। किले,दुर्ग,बर्ज,नक्कासियां और मोर्चे बनाने में कारीगरों का कौशल तत्कालीन इतिहास के अमित पन्नों की पहचान आज भी ब्यान कर रहा है कि कैसी रही होंगी उस समय की सुबह,शाम और त्यौहारों पर सजने वाले मेले--लोगों को कहना है कि सदियों से सिसकते खंडहर चीख चीख कर अपनी दुर्दशा का व्याखान कर रहे है। जनता या सरकार जाग जाए तो झट से किले दशा संवर जाएगी।

**जीटी रोड़ के साथ लगते क्षेत्र में ही बनाया जाएगा सम्राट पृथ्वी राज चौहान का स्मारक और शोध केन्द्रः वीरेन्द्र चौहान**

तरावड़ी में हिंदु सम्राट पृथ्वी राज चौहान के किले के रखरखाव,शोध केन्द्र और स्मारक स्थापित करने के लिए हरियाणा सरकार आगे जरूरी आई थी लेकिन क्या रहा इस विषय को लेकर जब समाज सेवी वीरेन्द्र सिंह चौहान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तरावड़ी के किले में पुरा काटजु नगर बसा हुआ है। साथ लगते किसी क्षेत्र या फिर मुख्य सड़क मार्ग पर जमीन लेकर सरकार को दी जाएगी,बाकी का सारा खर्चा सरकार को करना है इस दिशा में लोगों की सलाह ली जा रही है और स्थान के चयन की प्रक्रिया जारी है जहां पर सम्राट पृथ्वी राज चौहान का शोध केन्द्र और स्मारक बनाया जाएगा।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने तपोवन में सीपीए जोन-2 वार्षिक सम्मेलन का किया शुभारम्भ

# मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए एंटी डिफेक्शन लॉ पर बल दिया

पहाड़ी राज्यों के लिए अलग नीति की रखी मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 30 जून।** कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (सीपीए) के भारत क्षेत्र ज़ोन-2 का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आज धर्मशाला के तपोवन स्थित विधानसभा परिसर में शुरू हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने इस सम्मेलन का शुभारम्भ किया। इस सम्मेलन में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य सचेतक और उप-मुख्य सचेतक शामिल हुए। इसके अलावा कर्नाटक, असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन लोकतन्त्र को मजबूत करने, विधायी कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को इस सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए बधाई दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने पहली बार लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को गिराने का प्रयास किया गया लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने कानून के अनुसार कार्रवाई कर जिम्मेदार विधायकों को अयोग्य घोषित किया। उन्होंने कहा कि लोकतन्त्र की रक्षा के लिए 'एंटी डिफेक्शन लॉ' लागू करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश विधानसभा ने आयोग्य विधायकों की पेंशन पर रोक के लिए बिल पास किया है, जिसे राज्यपाल को स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश डिजिटल लोकतन्त्र में देश में अन्य राज्यों के लिए अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। वर्ष 2014 में हिमाचल प्रदेश विधानसभा देश की पहली कागज रहित विधानसभा बनी। प्रदेश विधानसभा में सभी कार्य डिजिटल माध्यम से सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' नीति के तहत वर्ष में एक बार उप-चुनाव करवाने का सुझाव भी रखा और लोकसभा अध्यक्ष से इसे राष्ट्रीय मंच पर उठाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने राज्य की कठिन पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते हुए हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए अलग नीति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के उपरांत राज्य को राजस्व का नुकसान हुआ है। इसलिए केन्द्र को चाहिए कि वह पहाड़ी राज्यों के लिए अलग नीति तैयार करे।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के साथ कार्य कर रही है। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्रियों ने अब तक 1000 से अधिक ग्राम पंचायतों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी है और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार की प्रभावी नीतियों के परिणामस्वरूप राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2021 में हिमाचल प्रदेश की एनएएस रैंकिंग 21वें स्थान पर थी, वह अब वर्तमान प्रदेश सरकार की प्रभावी नीतियों और सुधारों के फलस्वरूप 5वें स्थान पर पहुंच गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं। राज्य में पहली बार रोबोटिक सर्जरी शुरू की गई है, जिससे मरीजों को उन्नत चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है और हिमाचल प्रदेश ने संगठित अपराध (निवारण एवं नियन्त्रण) विधेयक, 2025 पारित कर नशा तस्करों को मृत्यु दण्ड, आजीवन कारावास और दस लाख रुपये जुर्माना के अतिरिक्त अवैध तरीके से अर्जित सम्पत्ति की कुर्की किए जाने का प्रावधान किया है।

### प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर 1.36 लाख कर्मचारियों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान की

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही पुरानी पेंशन योजना बहाल कर 1.36 लाख कर्मचारियों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना' के अंतर्गत लगभग 3 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1,500 रुपये की सम्मान राशि दी जा रही है तथा बाकी पात्र महिलाओं को चरणबद्ध रूप से इसमें जोड़ा जा रहा है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,930 मीटर ऊंचाई पर स्थित शिपकी-ला दर्रे पर बॉर्डर टूरिज्म गतिविधियों की शुरुआत की है। यह भारत-चीन सीमा पर स्थित है और इससे किन्नौर ज़िला के जनजातीय क्षेत्र में पर्यटन को नई दिशा मिलेगी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए डॉ. राजीव बिंदल का नामांकन प्राप्त हुआ: भारद्वाज

## राष्ट्रीय परिषद के लिए 8 सदस्य ने भरा नामांकन और 8 हुए पदेन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 30 जून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत पार्टी प्रदेश मुख्यालय दीप कमल चक्कर में पार्टी की नामांकन प्रक्रिया 12.00 बजे प्रारंभ हुई और 2.00 बजे संपन्न हुई यह जानकारी भाजपा के चुनाव अधिकारी डॉ. राजीव भारद्वाज द्वारा दी गई।

डॉ. राजीव भारद्वाज ने बताया कि इस नामांकन प्रक्रिया के दौरान पर्यवेक्षक के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह उपस्थित रहे, उनके साथ भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा एवं सह प्रभारी संजय टंडन विशेष रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मेरे साथ सह चुनाव अधिकारी के रूप में संजीव कटवाल एवं डॉ राजीव सहजल कार्यरत रहे।

राजीव भारद्वाज ने पूरी चुनाव प्रक्रिया के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि हमारे पास भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नामांकन हेतु डॉ राजीव बिंदल के एक ही नाम के तीन सेट प्राप्त हुए। जिसका अनुमोदन क्रमशः जयराम ठाकुर नेता प्रतिपक्ष और समस्त विधायक दल, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर समस्त लोकसभा और राज्यसभा के सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्षों, पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद ठाकुर एवं भाजपा प्रदेश पदाधिकारी ने किया। यानी हमारे पास शाम 5.00 बजे तक केवल प्रदेश अध्यक्ष के लिए एक ही नामांकन प्राप्त हुआ।

### यह है भाजपा राष्ट्रीय परिषद के पदेन सदस्य

डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सभी सांसद जिसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप, कंगना रनौत, राजीव भारद्वाज, इंदु गोस्वामी, डॉ सिकंदर कुमार और हर्ष महाजन राष्ट्रीय परिषद के पदेन सदस्य निर्वाचित किए गए हैं।

### यह है भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पद के 8 नामांकन

भाजपा के चुनाव अधिकारी डॉ राजीव भारद्वाज ने बताया कि इस नामांकन प्रक्रिया के दौरान हमें राष्ट्रीय परिषद के सदस्य हेतु आठ नामांकन प्राप्त हुए जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद ठाकुर, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, महामंत्री त्रिलोक कपूर, पवन काजल, रश्मिधर सूद, पायल वैद्य, डॉ राजीव सहजल एवं संजीव कटवाल रहे।

# मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का घुमारवीं में अल्प प्रवास, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई 30 जून।** शिमला से धर्मशाला जाते समय हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का घुमारवीं में अल्प प्रवास रहा। मुख्यमंत्री सुक्खू विश्राम हेतु कुछ समय के लिए स्थानीय विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) में रुके, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी उनके साथ मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की। पुलिस विभाग द्वारा मुख्यमंत्री को विधिवत गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया।

कार्यकर्ताओं में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस दौरान प्रदेश सरकार की योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी और कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री से घुमारवीं कांग्रेस के कार्यकर्ता मिले और उन्होंने अपनी समस्याएं बताई! यह दौरा मुख्यमंत्री के नियमित शेड्यूल का हिस्सा रहा और वे इसके पश्चात धर्मशाला के लिए रवाना हो गए।

# पूर्व विधायक रवि ठाकुर की खुलकर तारीफ कर गए केंद्रीय मंत्री किरण रिजूजू

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 30 जून।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजूजू ने पूर्व विधायक रवि ठाकुर की खुलकर तारीफ करते हुए कहा है कि वह लाहौल-स्पीति के लिए लगातार केंद्र सरकार में योजनाओं की पैरवी करते आ रहे हैं।

रिजूजु ने कहा कि जब-जब दिल्ली में रवि ठाकुर से मुलाकात हुई, उन्होंने सिर्फ एक ही बात की लाहौल-स्पीति का विकास। सीवरेज योजना की नींव में भी रवि ठाकुर की भूमिका महत्वपूर्ण है।

रिजूजु ने केलांग में 26 करोड़ रुपये की सीवरेज योजना का शिलान्यास करते हुए बताया कि यह योजना वर्ष 2023 में हिमाचल सरकार द्वारा केंद्र को भेजी गई थी, जब रवि ठाकुर लाहौल-स्पीति के विधायक थे। उन्होंने कहा, आज हम जिस योजना को जमीन पर उतार रहे हैं, उसकी नींव उस समय रखी गई थी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि जब रवि ठाकुर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष रहे, तब भी उन्होंने लाहौल-स्पीति से जुड़ी अनेक परियोजनाओं के लिए आयोग स्तर पर सक्रियता दिखाई। उनकी इसी सक्रियता और केंद्र स्तर पर संपर्कों का परिणाम है कि आज यह इलाका विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रवि ठाकुर का भाजपा मंत्रियों में मजबूत पैठ से क्षेत्र को बहुत लाभ होगा।

रिजूजु के इस बयान से स्पष्ट है कि भाजपा सरकार के शीर्ष मंत्रियों में रवि ठाकुर की अच्छी पकड़ है, जिसका सीधा लाभ लाहौल-स्पीति की जनता को मिल सकता है। क्षेत्रीय विकास के लिए यह राजनीतिक समन्वय आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

# सरकार गद्दी समुदाय के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री

## राज्य ऊन संघ ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से किया स्वागत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 30 जून।** हिमाचल प्रदेश राज्य ऊन संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार ने आज हजारों समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धर्मशाला आगमन पर भव्य स्वागत किया।



इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार भेड़-बकरी के नुकसान पर दी जाने वाली मुआवजा राशि को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे दृष्टिगत राहत मैनुअल को संशोधित कर अधिकतम स्तर तक बढ़ाया जाएगा ताकि पशुपालकों को उचित मुआवजा प्रदान कर लाभान्वित किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गद्दी समुदाय के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और आगामी बजट में ऊन के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि का प्रस्ताव शामिल किया जाएगा। इससे ऊन उत्पादकों को सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित होगा।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वन विभाग को गद्दी समुदाय के पारंपरिक चरागाह अधिकारों में हस्तक्षेप न करने के निर्देश दिए हैं ताकि समुदाय को उनके अधिकारों से वंचित न होना पड़े।

मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री को गद्दी समुदाय की लम्बे समय से लम्बित मांगों और समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने समुदाय की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, विधायक संजय अवस्थी, एपीएमसी के अध्यक्ष नीशु मुंगरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धरोट धार में एक पेड़ मां के नाम पर 100 पेड़ रोपे

अर्थ प्रकाश/सुभाष सचदेवा



**गोहर 30 जून।** बैग फ्री डे के उपलक्ष में आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धरोट धार में स्कूल प्रशासन व वन विभाग के सौजन्य से 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन विभाग की तरफ से वनरक्षक राजकुमार कार्यकारी प्रधानाचार्य गोपाल ठाकुर व अन्य स्टाफ ने बच्चों के साथ मिलकर पर्यावरण को स्वच्छ सुरक्षित बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना एक पेड़ मां के नाम का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों ने स्कूल के साथ लगते जंगल की खाली जगह में लगभग 100 देवदार के पौधे रोपे और स्कूल प्रांगण से लेकर धरोट बाजार में रैली का आयोजन कर लोगों को स्वच्छ वातावरण वह साफ सफाई के बारे में जागरूक किया। उन्होंने लोगों को मानव जीवन में पेड़ पौधों के महत्व स्वच्छ व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। लोगों से आग्रह किया अनावश्यक पेड़ों व वनों की कटाई ना करें।पेड़ है तो हम हैं, पेड़ है तो सुरक्षित जीवन है ,अगर पेड़ नहीं तो सुरक्षित व स्वच्छ हवा नहीं होगी तो जिससे मानव जीवन को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। दूषित वातावरण में कई प्रकार की बीमारियां फैलती हैं इसलिए हमें आज वह आने वाले कल के लिए अपने वातावरण को साफ स्वच्छ सुरक्षित रखने के लिए वनों का विकास करना आवश्यक है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोपाल ठाकुर ने वन विभाग स्कूली बच्चों स्कूल स्टाफ अभिभावकों व वन विभाग का आभार व्यक्त किया।

# आधार पंजीकरण की प्रगति को लेकर जिलास्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर, 30 जून।** जिलास्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर, ओम कांत ठाकुर की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया एवं जिले में आधार पंजीकरण की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में एडीसी ने शून्य से पाँच वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आधार पंजीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग (आईसीडीएस), स्वास्थ्य विभाग एवं जिला पंचायत कार्यालय को यह निर्देश दिया कि वे आवश्यक टीकाकरण अभियानों (जैसे पोलियो प्लस एवं अन्य) के साथ समन्वय स्थापित कर पंचायत स्तर और आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष आधार पंजीकरण शिविर आयोजित करें, ताकि सभी पात्र बच्चों का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके।



एडीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि 5 से 7 वर्ष तथा 15 से 17 वर्ष की आयु के किशोरों के लिए बायोमेट्रिक अपडेशन अनिवार्य है, जो निशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि इस संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस प्रक्रिया से लाभान्वित हो सकें।

बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि जिले में संचालित सभी वैध आधार पंजीकरण केंद्रों का निरीक्षण संबंधित उपमंडलाधिकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा किया जाएगा। यदि कोई आधार केंद्र अवैध रूप से संचालित पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

एडीसी ठाकुर ने यह भी बताया कि जिन नागरिकों के आधार कार्ड 10 से 15 वर्ष पूर्व जारी किए गए हैं, उनके लिए दस्तावेजों का अद्यतन (अपडेशन) आवश्यक है, ताकि उनका आधार सक्रिय बना रहे और भविष्य में किसी भी सरकारी सेवा के लाभ में कोई बाधा न आए।

बैठक में जिला राजस्व अधिकारी नीलाक्ष शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) हरीश मिश्रा, जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति नियंत्रक बिजेंदर पठानिया, पुलिस उप अधीक्षक मनीष चौधरी, तथा आधार क्षेत्रीय कार्यालय से सहायक प्रबंधक अभिषेक कुमार (ऑनलाइन माध्यम से) सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हॉकी, जूडो, वालीबॉल और कुश्ती खेलों के ट्रायल 7 और 8 को इंदिरा स्टेडियम ऊना में

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना, 30 जून।** युवा सेवा एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश के खेल छात्रावास ऊना में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए हॉकी, जूडो, वालीबाल और कुश्ती खेलों में 13 से 19 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों के लिए ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। युवा सेवा एवं खेल विभाग के निदेशक विवेक भाटिया ने जानकारी दी कि हॉकी और जूडो स्पर्धा के लिए ट्रायल 7 जुलाई और वालीबाल तथा कुश्ती खेलों के लिए 8 जुलाई को इंदिरा स्टेडियम ऊना में सुबह 10 बजे आयोजित होंगे।

विवेक भाटिया ने बताया कि इन ट्रायल में भाग लेने के लिए 13 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी की ऊंचाई 158 सेंटीमीटर और वजन 43 किलोग्राम, 14 वर्षीय खिलाड़ी की ऊंचाई 164 सेंटीमीटर और वजन 49 किलोग्राम तथा 15 वर्षीय खिलाड़ी की ऊंचाई 165 सेंटीमीटर और वजन 50 किलोग्राम होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि संबंधित खेलों में राज्य, राष्ट्रीय सब जूनियर, जूनियर व स्कूली स्तर के पदक विजेता खिलाड़ी न्यूनतम शारीरिक मापदंड न पूरे करने पर भी चयन प्रक्रिया में प्रविष्टि के लिए सुपात्र होंगे। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए वरीयता 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को दी जाएगी। चयनित किए गए खिलाड़ियों को मुफ्त आवास, भोजन, चिकित्सा, बीमा, खेल किट, खेल सामान व आधुनिक ढंग से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। वे अपनी पढ़ाई किसी भी स्थानीय स्कूल या कॉलेज से जारी रख सकते हैं।

विवेक भाटिया ने बताया कि स्कूली खेल, राज्य व राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा उदीयमान खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। संबंधित आयु वर्ग के खिलाड़ी अपने शैक्षणिक, आयु प्रमाण पत्र एवं खेल उपलब्धियों के मूल प्रमाण पत्रों का एक सैट सत्यापित फोटोकॉपी और दो पासपोर्ट फोटो सहित ट्रायल में भाग ले सकते हैं।

# शूलिनी विश्वविद्यालय ने आउटरीच छात्रों के साथ ओलंपिक दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 30 जून।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपने आउटरीच छात्रों के लिए एक विशेष खेल कार्यक्रम आयोजित करके ओलंपिक दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। यह समारोह विश्वविद्यालय परिसर में हुआ और इसका उद्देश्य युवा शिक्षार्थियों के बीच ओलंपिक भावना, फिटनेस और टीम वर्क को बढ़ावा देना था।

ओलंपिक दिवस एक अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक आंदोलन गतिविधि है जो हर साल जून में राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों द्वारा आयोजित खेलों में बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देती है।

इस कार्यक्रम में लड़कों के एकल, लड़कियों के एकल, युगल और मिश्रित युगल सहित विभिन्न श्रेणियों में रोमांचक बैडमिंटन और टेबल टेनिस मैच शामिल थे। आउटरीच छात्रों ने पूरी ऊर्जा के साथ भाग लिया और मैत्रीपूर्ण और उत्साहजनक माहौल में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. नीरज गंडोत्रा, एसोसिएट डीन, छात्र कल्याण और विक्रांत चौहान, सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा के मार्गदर्शन में किया गया था। दोनों संकाय सदस्यों ने छात्रों को सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया और आत्मविश्वास, अनुशासन और समावेश के निर्माण में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. नीरज गंडोत्रा ने कहा, ओलंपिक दिवस सिर्फ़ पदक जीतने के बारे में नहीं है। यह भागीदारी, फिटनेस और खेलों के ज़रिए दोस्ती बनाने के बारे में है। हमें अपने आउटरीच छात्रों के बीच उत्साह देखकर गर्व है।

# भरैण पंचायत के उप-प्रधान कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 30 जून।** ग्राम पंचायत भरैण में मन की बात कार्यक्रम के उपरान्त पंचायत के उपप्रधान शिवराज ने भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों में विश्वास जताते हुए भाजपा पार्वती मंडल के अध्यक्ष एवं जिया के पंचायत प्रधान संजू पंडित की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए उनके साथ केहर सिंह भी कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए भाजपा पार्वती मंडल के संजू पंडित ने बताया कि दोनों को भाजपा में पूरा मन सम्मान दिया जाएगा। उधर जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने दोनों का कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने पर स्वागत किया है।

# जगदेव सिंह मैहता ने संभाला एडीपीओ बिलासपुर का कार्यभार

अर्थ प्रकाश/देशराज

**बरठी, 30 जून।** जिला के वरिष्ठ डीपीई एवं स्पोर्ट्स जगत के उत्कृष्ट राष्ट्र स्तर के खिलाड़ी रहे जगदेव सिंह मैहता ने जिला उपनिदेशक कार्यालय में डेपुटेशन आधार पर बतौर एडीपीओ कार्यभार संभाल लिया है।

अभी तक जगदेव मैहता रावमापा सुनहाणी में बतौर डीपीई सेवाएं दे रहे थे।

सोमवार को कार्यभार संभालते हुए मैहता ने जिला उपनिदेशक हायर के सानिध्य में जिला के समस्त वरिष्ठ व कनिष्ठ शारीरिक शिक्षकों के सहयोग से खेलों में बच्चों की सहभागिता को कारगर बनाने की बात बल दिया।

कार्यभार संभालते ही उन्होंने खेल संबन्धित फाइलों के साथ साथ खेल कैलेंडर को समझने तथा उसे शिद्दत से अमलीजामा पहनाने की बात कही। उल्लेखनीय है कि अपने समय के कुश्ती व कबड्डी खेल में नाम प्रदेश भर में कमा चुके हिमाचल कुमार जगदेव मैहता मसौर गाँव से संबंध रखते हैं। एपीटीएस कोर में बेहतरीन सेवाएं दे चुके स्व सुबेदार भाग सिंह मैहता के सपुत्र हैं।



उप निदेशक कार्यालय बिलासपुर में बतौर एडीपीओ कार्यभार संभालते हुए

# मानसून की पहली बरसात में जलभराव से प्रशासन के दावे साफ

## नगर निगम, एचएसवीपी और पीएमडीए ने अभी भी नहीं बनाई टीमें, कमिश्नर, चीफ इंजीनियर को बताए बदहाली के हालात

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा





पंचकूला। मानसून सीजन की पहली बड़ी बारिश ने शहर के अधिकारियों के सड़क नालों की सफाई के दावों की पोल खोल दी, जिससे पंचकूला के विभिन्न इलाकों में जलभराव और बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। शहर के नगर निगम ने 25 जून तक शहर की सभी सड़क नालों की सफाई करने का दावा किया था। जबकि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) और पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) ने भी बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था में सुधार और सड़क नालों की सफाई के बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन ये दावे धरे के धरे रह गए। बावजूद इसके तीनों प्राधिकरणों की ओर से बदहाली की जांच और रोकथाम के लिए टीमें तक नहीं बनाई गई हैं। हालात ऐसे हैं कि कई जगह नालियों की सफाई नहीं की गई और कुछ जगहों पर नालियों के चैंबर टूटे हुए पाए गए। कुछ जगहों पर जहां नालियों की सफाई की गई, वहां मलबा या कचरा किनारे रखा गया और बारिश के दौरान यह नालियों को अवरुद्ध कर देता है।

पार्क, सड़कें, गलियां और बाज़ार की पार्किंग में भारी जलभराव देखा गया। सेक्टर 19 और 15 जैसे निचले इलाके सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए क्योंकि यहाँ अंडरब्रिज पर जलभराव देखा गया, जिससे यात्रियों की आवाजाही बाधित हुई। सेक्टर 19 के कई घरों में पानी घुस गया।

इसके अलावा, सेक्टर 15-16 डिवाइडिंग रोड पर पाम साइकस गार्डन से सटे एक घर की पिछली दीवार भी तूफानी पानी के कारण ढह गई। सेक्टर के निवासियों ने अनुरोध किया कि ÷दीवार को और अधिक नुकसान होने से बचाने के लिए 1.5 फीट की टो वॉल बनाई जाए, ताकि बाढ़ के कारण संपत्ति को नुकसान न पहुंचे।

**रेजिडेंट्स पर यूं यूटा मुसीबतों का पहाड़:** इसके अलावा, सेक्टर 15 सी में पाम साइकस गार्डन के सामने तीन अन्य घरों में 1.5-2 फीट पानी भर गया। मुसीबत तब शुरू हुई जब सुबह 4 बजे के आसपास भारी बारिश शुरू हुई। सेक्टर 15 निवासी राधेश्याम ने कहा कि लोग उठकर अपना सामान और अन्य घरेलू सामान बचाते नजर आए। सेक्टर 9 में रहने वाले कंवल सपरा ने बताया, हम सुबह करीब साढ़े तीन बजे उठे। हमने अपने घर के प्रवेश द्वार पर ग्रिल और दूसरी चीजें लगाई थीं, नहीं तो पानी घर के अंदर घुस जाता। लेकिन, घर के बाहर खड़ी हमारी कार में पानी घुस गया। हम पूरी रात सो नहीं पाए। यह परेशानी हमारी गली के बाहर की गलियों की गंदगी की वजह से हुई।

### वर्षा के बाद सड़कों पर उतरे महापौर, पानी निकवालने के लिए खड़े रहे

पंचकूला। शनिवार और रविवार को हुई तेज बारिश के बाद शहर में जगह-जगह इकट्ठा हुए पानी को निकालने के लिए महापौर कुलभूषण गोयल ने स्वयं मोर्चा संभाला। रविवार रात को बारिश के बाद जिन स्थानों पर पानी खड़ा होने की सूचनाएं आ रही थी। जिसके बाद महापौर सोमवार सुबह नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ शहर में अलग-अलग स्थानों का निरीक्षण करने निकले। उन्होंने तुरंत कर्मचारियों को बंद रोड गालियां खुलवाकर पानी निकलवाया। सेक्टर 19 में अंडरपास में खड़े पानी को निकलवाने के लिए महापौर ने तुरंत खराब पड़ी मोटर को ठीक करवाया। इसके बाद अंडरपास से पानी निकालने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अंडरपास से पानी पार्क में बने संपवेल में छोड़ा जा रहा है। साथ ही सेक्टर 19 के अन्य क्षेत्रों में जहां भी पानी खड़ा होने की समस्या का पता चला, वहां पर मौके पर पहुंचकर महापौर ने स्वयं खड़े होकर अपनी निकलवाया। कुछ लोगों ने महापौर को बताया कि सेक्टर 19 में जिस ठेकेदार को रोड गली साफ करने का कार्य दिया गया था, उसने रोड गली से मिट्टी और गाद निकालकर उसे वहीं पर छोड़ दिया था और बारिश आने के बाद वह दोबारा से रोड गली के अंदर मिट्टी एवं मलवा चला गया। महापौर ने इस ठेकेदार के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वार्ड पार्षद हरेंद्र मलिक भी महापौर के साथ थे। हरेंद्र मलिक ने भी महापौर को अलग-अलग जगह विजिट करवाया। कुलभूषण गोयल ने नगर निगम के कर्मचारी एवं अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह वर्षा के दिनों में फील्ड में रहे और जहां से भी अपनी जमाव की शिकायतें आ रही हैं, वहां पर तुरंत समाधान निकाला जाए।

### निगम कमिश्नर और पीएमडीए को पत्र

सीडब्ल्यूए के सदस्यों ने अपराजिता, नगर निगम आयुक्त, देवेंद्र आहूजा, मुख्य अभियंता, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, राजीव शर्मा, मुख्य अभियंता, पंचकूला महानगरीय विकास प्राधिकरण को एक संयुक्त पत्र लिख लिखा है, जिसमें मांग की गई है कि पीएमडीए के सीईओ के एम पांडुरंग, मोनिका गुप्ता, उपायुक्त, कुलभूषण गोयल, महापौर, एमसी राजीव शर्मा, अधीक्षण अभियंता, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला को बाढ़-नियंत्रण-दल तथा नियंत्रण-कक्ष का गठन करने के लिए निर्देशित किया जाएं।

# 78 वर्षीय टीचर से सुप्रीम कोर्ट के आदेश दिखा 57 लाख ठगने वाला आरोपी अलवर से गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। एक 78 वर्षीय बुजुर्ग टीचर से फर्जी वीडियो कॉल पुलिस यूनिफॉर्म और सुप्रीम कोर्ट के झूठे आदेशों के जरिए 57 लाख की रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस साइबर आरोपी को अलवर राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। सेक्टर 16 पंचकूला निवासी 78 वर्षीय बुजुर्ग ने सेक्टर 20 के साइबर थाना में पुलिस को शिकायत दी थी। जिसमें मामला दर्ज करके पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान आफताब (20) साल के रूप में हुई है। सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार की सूझबूझ से 3 दिन में किया केस को सॉल्व। आपको बता दे की 23 तारीख को शिकायतकर्ता ने साइबर थाने में अपने ठगी होने की कंप्लेट दी थी। और एफआईआर रजिस्टर्ड हुई थी। और तीन दिन बाद ही सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने इस केस को सॉल्व कर लिया और आरोपी को राजस्थान के अलवर से गिरफ्तार कर लिया। आफताब का खाता ट्रांजैक्शन में इस्तेमाल किया गया था। शिकायतकर्ता 2005 में शिक्षा विभाग चंडीगढ़ से अध्यापक पद से रिटायर हुए थे।

**बुजुर्ग की वीडियो काल में दिखी पुलिसः** 20 जून की रात 10 बजे एक वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति पुलिस की वर्दी में था। बैकग्राउंड में पुलिस शाखा हुआ दिखाई दे रहा था। इसके बाद लगातार दो अन्य नंबरों से ऑडियो और वीडियो कॉल होती रही। अलग-अलग लोगों ने पुलिस अधिकारी बताकर उन्हें डरा धमका कर गिरफ्तार करने की बात कही। और पैसा ट्रांसफर करने के बाद जब कॉल आनी बंद हो गई तब जाकर ठगी का पता चला।

### फर्जी कोर्ट आदेश भेज कर मांगी गई सिक्योरिटी मनी

कॉल करने वाले ने व्हाट्सएप पर एक फर्जी डिजिटल आदेश भेजो और कहां की जब तक यह आदेश सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज नहीं होता तब तक उन्हें 57 लख रुपए सिक्योरिटी मनी के तौर पर जमा करवाने होंगे। जो बाद में वापस कर दिए जाएंगे। डर की स्थिति में शिकायतकर्ता ने अगले ही दिन यानी 21 जून को खुद तीन-तीन अलग ट्रांजैक्शन में कुल 57 लख रुपए खातों में ट्रांसफर कर दिए इनमें से 5 लाख उनके खाते से 29 लाख उनकी पत्नी के खाते से और 23 लाख रुपये एक अन्य खाते से भेजे गए।

# श्री माता मनसा देवी मंदिर में चोला अर्पित करने की ऑनलाइन प्रक्रिया हुई शुरू

अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड की सीईओ श्रीमती निशा यादव ने बताया कि श्री माता मनसा देवी (मुख्य मन्दिर, पटियाला मन्दिर व सती मन्दिर), पंचकूला, श्री काली माता मन्दिर, कालका व श्री चण्डीमाता मन्दिर, चण्डीमन्दिर मंदिर में देवी को चोला अर्पित करने के लिये ऑनलाईन बुकिंग प्रक्रिया शुरू की जा रही है। श्रीमती निशा यादव ने बताया कि इस प्रक्रिया के माध्यम से माता को 06 जुलाई से 20 अगस्त 2025 की अवधि के दौरान चोला अर्पित करने के लिये ऑनलाइन बुकिंग 02.07.2025 प्रातः 10 बजे से पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आरम्भ होगी। सभी इच्छुक श्रदालु लाभ उठाने के लिए पूजास्थल बोर्ड की वैबसाईट पर रजिस्ट्रेशन कर प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं।

# बरवाला में पनप रही अवैध कॉलोनी पर चलेगा बुलडोजर

उपायुक्त ने कहा जिले में कहीं भी नहीं होना चाहिए अवैध निर्माण

नेशनल हाईवे पर होने वाले अवैध निर्माणों को हटाने के निर्देश दिए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। प्रशासन द्वारा बरवाला में पनप रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया जाएगा। उपायुक्त मोनिका गुप्ता जिले में पनप रही अवैध कॉलोनियों पर कडा रूख अपना रहीं है। सोमवार को समाधान शिविर में आई एक शिकायत पर कडा संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने जिला नगर योजनाकार को मंगलवार तक बरवाला में अवैध कॉलोनी में अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध कॉलोनी काटने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा और उन्हें किसी भी प्रकार की छूट प्रदान नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसी किसी भी कॉलोनी में प्लाट ना खरीदे जो अधिकृत नहीं है।

एक अन्य शिकायत पर महिला संध्या की समस्या पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनके प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए गए आवेदन पर जांच कर उचित कार्यवाही करे। सुल्तानपुर गांव की सड़क ऊंची होने संबंधी शिकायत पर उपायुक्त ने पानी की निकासी का उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने सेक्टर 12 के एक वरिष्ठ नागरिक की शिकायत पर संबंधित अधिकारियों को उनके घर के पास हुए अतिक्रमण को हटाने के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैवलपुर के ग्रामीणों की शिकायत उपायुक्त ने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे कि जमीन मालिक ने कितना खनन करवाया है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार जमीन मालिक द्वारा खनन करवाए जाने के कारण उनके मकानों के गिरने का खतरा हो गया है। रायपुररानी गांव की फर्जी रजिस्ट्री कराने संबंधी एक शिकायत पर उपायुक्त ने अतिरिक्त उपायुक्त को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र व राशन कार्ड संबंधी कई शिकायतें आई, जिन पर उपायुक्त ने क्रिड के अधिकारियों को उचित कार्यवाही करते हुए समाधान करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों और निर्धारित सड़को के आसपास हो रहे अवैध निर्माणों को लेकर कहा कि इस संबंध में एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी समय रहते कार्यवाही अमल में लाए। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बैठक के दौरान कहा कि यदि कहीं पर अवैध निर्माण को गिराने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की आवश्यकता है तो उसके लिए इंतजार नहीं करना पडेगा। यदि किसी कारणवंश निर्धारित तिथि और समय पर पुलिस बल उपलब्ध नहीं हो रहा है तो तत्काल उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करवायी जा सके।

### कहीं अवैध कॉलोनी कट रही है तो तहसीलदार दें जानकारी

उपायुक्त श्रीमती मोनिका गुप्ता ने कहा कि जिले में किसी प्रकार का अवैध निर्माण नहीं होना चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को नेशनल हाईवे पर होने वाले अवैध निर्माणों को हटाने के निर्देश दिए।

**मैं,** श्रीमती बाला देवी पत्नी नरेंद्र गोरसी निवासी म.नं.102 वी पी ओ टीकरी जिला करनाल हरियाणा बयां करती हूं कि मेरा प्लाट बायर एग्रीमेंट क्रमांक नंबर 1600 इश्यू दिनांक 18-05-2023 प्लाट नंबर 34 वेदांत अल्फा इंटरनैशनल सिटी करनाल तथा एलाटमेंट लेटर डेट 24/01/2023, पोजेसन लेटर डेट 20/09/2024 12 जून 2025 को आई टीआई चौक के पास खो गए है। जिसकी सूचना एफ आई आर नंबर 132310842500596 तथा एफ आई आर नम्बर 132310562500931 के तहत खो जाने या गुम हो जाने की सूचना बयान कर्ता द्वारा दी गई है। यदि यह किसी को मिले तो इन्हें मेरे उपरोक्त पते पर पहुंचाएं उचित इनाम दिया जाएगा।
एपी-2295


**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# हमने कभी नहीं कहा कि हम बिजली मुफ्त में देंगे, विपक्ष इस मुददे पर झूठ बोल रहा है: विज

## दस साल के बाद बिजली की दरों में मामूली बढौतरी की गई, जबकि इन दस सालों में बिजली बनाने के लिए हर चीज में महंगाई भी बढ़ी

विपक्ष बिजली के मुददे पर भाडे लोगों को लाकर प्रदर्शन करें, हमें कोई ऐतराज नहीं

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जो कहा है वह करके दिखाया है अर्थात मोदी है तो मुमकिन है: विज

''कुछ बात है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी। सदियों रहा है दुश्मन, दौर-ए-जहाँ हमारा'': विज



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 जून।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने आज बिजली के मुददे पर कहा कि हमने कभी नहीं कहा कि हम बिजली मुफत में देंगें जबकि विपक्ष इस मुददे पर झूठ बोल रहा है। उन्होंने कहा कि दस साल के बाद बिजली की दरों में मामूली बढौतरी की गई है जबकि इन दस सालों में महंगाई भी बढी है और बिजली बनाने के लिए हर चीज के दामों में बढौतरी हुई। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जो कहा है वह करके दिखाया है अर्थात मोदी है तो मुमकिन है। ऐसे ही, श्री विज ने बंगाल में हिन्दूत्व खतरे में है, के संबंध में कहा कि ''कुछ बात है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी। सदियों रहा है दुश्मन, दौर-ए-जहाँ हमारा''।।

श्री विज आज यहां चण्डीगढ में मीडिया कर्मियों के द्वारा विपक्ष के बिजली की दरों में की गई बढौतरी के बारे में प्रदर्शन करने के संबंध में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 2 किलोवॉट तक के घरेलू उपभोक्ताओं के मासिक बिल में साल 2014-2015 की तुलना में 49 से 75 प्रतिशत तक की कमी आई है जबकि श्रेणी- 2 के अधिकांश उपभोक्ताओं के बिलों में कमी दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि श्रेणी - 1 और श्रेणी - 2 में लगभग 94 प्रतिशत बिजली के उपभोक्ता आते है, जिनके अधिकांश मासिक बिलों में कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में घरेलू श्रेणी के लिए निश्चित शुल्क (फिक्स्ड चार्जेस) 0 रुपये से 75 रुपये/किलोवाट तक और उच्चतम ऊर्जा स्लैब 7.50 रुपये/यूनिट पर बनाए रखा गया है। जबकि, इसके विपरीत, पड़ोसी राज्यों में निश्चित शुल्क 110 रुपये/किलोवाट तक और ऊर्जा शुल्क 8 रुपये/यूनिट तक है।

श्री विज ने बताया कि संशोधित बिजली टैरिफ संरचना के अनुसार, हमने सभी श्रेणियों के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम मासिक शुल्क (एमएमसी) समाप्त कर दिया है क्योंकि हरियाणा की डिस्कॉम्स (बिजली कंपनियां) प्रदेशवासियों को निरंतर, निर्बाध, सस्ती और उपभोक्ता-केंद्रित बिजली सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में अपने पड़ोसियों राज्यों की तुलना में एलटी और एचटी दोनों उपभोक्ताओं की श्रेणियों में काफी कम बिजली टैरिफ चार्ज करता है। इसके अलावा, पिछले एक दशक में, वित्तीय वर्ष 2014-15 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक, एटी एंड सी (समग्र तकनीकी और वाणिज्यिक) लॉसेस 29 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत के स्तर पर लाया गया है।

### कृषि उपभोक्ताओं को पहले की तरह पुरानी दरों पर ही बिजली मुहैया करवाई जा रही है- विज

विज ने कहा कि हरियाणा में कृषि उपभोक्ताओं को पहले की तरह केवल 10 पैसे/यूनिट (मीटर्ड) और 15 रुपये/बीएचपी/माह (फ्लैट रेट) का भुगतान करने के तहत बिजली मुहैया करवाई जा रही है। इसी प्रकार, मीटर वाले कनेक्शन के लिए एमएमसी को घटाकर 180 रुपये (15 बीएचपी तक) और 144 रुपये (15 बीएचपी से ऊपर) कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, श्रेणी-2 के उपभोक्ताओं (5 किलोवाट तक के कनेक्टेड लोड वाले) के लिए, वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में बिलों में 3 प्रतिशत से 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2014-15 की तुलना में, इस श्रेणी के अधिकांश उपभोक्ताओं के बिलों में कमी दर्ज की गयी है, जिसमें केवल कुछ स्लैब में 1 प्रतिशत से कम की वृद्धि देखी गई है।

### विपक्ष बिजली के मुददे पर भाडे लोगों को लाकर प्रदर्शन करें, हमें कोई ऐतराज नहीं - विज

उन्होंने बताया कि कुल घरेलू उपभोक्ताओं में से लगभग 94 प्रतिशत श्रेणी-1 और श्रेणी-2 में आते हैं। उन्होंने बताया कि श्रेणी-3 के उपभोक्ताओं के लिए, वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में वृद्धि 5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक है। इस श्रेणी में कम खपत स्तरों के लिए, प्रतिशत वृद्धि अधिक लग सकती है। हालांकि, इस श्रेणी में केवल 6 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ता ही आते है। श्री विज ने कहा कि विपक्षी पार्टियों का काम बोलना है, और वे बोले, उनका स्वागत है। प्रदर्शन करना विपक्ष का काम है, जबकि हमने विधानसभा में देखा है कि विपक्ष आपस में इकटठे होकर बात नहीं करता हैं और भाडे लोगों को लाकर प्रदर्शन करें, हमें कोई ऐतराज नहीं है।

### मोदी जी के नेतृत्व में आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की धज्जियां उडा दी- विज

आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के वायदे झूठे हैं, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जो कहा है वह करके दिखाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद 370 हटाई, तीन तलाक खत्म किए, राम मंदिर का रास्ता प्रशस्त किया, गरीबों को घर देने का वायदा निभाया, 80 करोड लोगों को मुफत अनाज देने का कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जो कहा है वह करके दिखाया है। हाल ही में मोदी जी ने जो जलवा दिखाया है वह सारे संसार ने देखा है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हए कहा कि विपक्ष की आंखों पर पटटी बंधी हुई है जो इतने कम समय में मोदी जी के नेतृत्व में आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की धज्जियां उडा दी है। उन्होंने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है।

### बंगाल में जातिवादी, धर्मवादी राजनीति की जा रही हैं, उसके लिए हमारा संविधान इजाजत नहीं देता- विज

बंगाल में हिन्दूत्व खतरे में हैं, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि संविधान में शपथ लेकर सरकार बनाने वाले लोग आम लोगों के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं करते है, जिस प्रकार से बंगाल में जातिवादी, धर्मवादी राजनीति की जा रही हैं, उसके लिए हमारा संविधान इजाजत नहीं देता है।

### ''कुछ बात है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी। सदियों रहा है दुश्मन, दौर-ए-जहां हमारा''- विज

उन्होंने कहा कि जहां तक हिन्दूओं को खत्म करने की बात है तो बहुत आए हिन्दूओं को खत्म करने के लिए। लेकिन ''कुछ बात है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी। सदियों रहा है दुश्मन, दौर-ए-जहां हमारा''।।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध पिस्तौल सहित एक आरोपी दबोचा



**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर डांगरा रोड बाइपास से एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 12 बोर की पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार युवक की पहचान रोहताश उर्फ गोलू, निवासी नरवाना (जींद) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से हत्या प्रयास, लूट और शस्त्र अधिनियम से जुड़े चार मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें एक मामले में वह भगोड़ा घोषित है। आरोपी से पूछताछ जारी है कि वह हथियार कहां से लाया और इसका क्या मकसद था। उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### श्री गुरु रविदास जी के 12वें मासिक सत्संग का आयोजन



**लाडवा (अप्रस/शंकर लाल)।** इंद्री रोड स्थित श्री गुरु रविदास गुरु घर में 12वां मासिक सत्संग आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु जी की आरती से हुई। मुख्य अतिथि सुरजीत कौर जलबेड़ा ने सत्संग में शिरकत की और गुरु वाणी से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। स्वामी कृष्ण कबीर, संत हरिदास व उजागर सिंह ने कहा कि सत्संग से जीवन के पाप कटते हैं। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन हुआ और अतिथियों को सम्मानित किया गया। दो दिवसीय पाठ शिविर में सतीश कुमार व जसेमर दास ने बच्चों व बड़ों को अमृतवाणी पाठ विधि सिखाई। सभा प्रधान सूबे चंद कटारिया समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र (अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया)।** भारतीय संसाधन एवं विकास संघ (इरादा) ने भारतीय मानक ब्यूरो, हरियाणा ब्रांच के सहयोग से गांव अभिमन्युपुर में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में सचिव राजपाल पांचाल ने उपभोक्ता अधिकार, उत्पाद गुणवत्ता व आईएसआई मार्क की जानकारी दी और बताया कि बीआईएस केयर ऐप से उपभोक्ता उत्पाद की प्रमाणिकता जांच सकते हैं। ग्रामीणों ने ऐप का लाइव उपयोग कर उसकी सुविधाएं समझीं। सत्र में नकली सामानों से बचाव और शिकायत पद्धति पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम का समापन जागरूकता सामग्री वितरण और उपभोक्ता शपथ के साथ हुआ। गांव सरपंच गौरव जैलदार समेत अनेक ग्रामीण व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### मानसून के मौसम में करें अधिक से अधिक पौधारोपण

**थानेसर (अप्रस/दलबीर मलिक)।** समाजसेवी एवं नगर की श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के कार्यकारिणी सदस्य विनोद गर्ग का कहना है कि मानसून के मौसम में अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए ताकि भविष्य में पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और बढ़ते प्रदूषण के चलते पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ती जा रही है। लोगों को सांस, हृदय, फेफड़ों की बीमारियों हो रही हैं। हमें यह समझना चाहिए कि संपूर्ण मानवता का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है इसलिए एक स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन पौधों की देखभाल और संरक्षण करना भी हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि आज गर्मी का प्रकोप बढ़ने का मुख्य कारण यही है कि जंगलों को काट काट कर इंसानी बस्तियां बसा दी गई हैं और उतनी संख्या में वृक्षारोपण नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में खाली स्थानों पर अधिक मात्रा में पौधारोपण करना चाहिए ताकि अच्छा पानी मिलने से वो फल फूल कर मजबूत वृक्षों का रूप धारण कर सकें और पर्यावरण को सुरक्षित करने में अपनी मुख्य भूमिका निभा सकें। विनोद गर्ग ने यह भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' ने भी लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया है जिसके कारण देशभर में करोड़ों पौधे आरोपित किए गए हैं।

## नशा निषेध व एच आई वी बारे जागरूकता शिविरों का आयोजन

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 30 जून।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन के मार्गदर्शन में मधुबन मे जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सीजेएम डा. इरम हसन ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व सिविल अस्पताल की टीम के सौजन्य से 24 जून से 30 जून तक जिला के विभिन्न स्थानों पर नशा निषेध व एच आई वी बारे जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में डा. कांता रानी व काउंसलर ममता ने उपस्थित ट्रेनिंग कर्मियों को नशे के शारीरिक व मानसिक नुकसान बारे जानकारी दी और जीवन मे कभी भी नशा न करने की शपथ दिलाई। इसके अलावा उन्होने डा. कांता रानी ने बताया कि एच आई वी/एसटीआई की काउंसलिंग जांच व ईलाज सिविल अस्पताल में बिल्कुल मुफ्त किया जाता है, और रिर्पोट पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाती है। एचआईवी/एसटीआई संक्रमित व्यक्ति से असुरक्षित यौन संबंध बनाने, संक्रमित सिरिंज का प्रयोग करने, संक्रमित रक्त चढाने से व संक्रमित गर्भवती महिला से उसके पैदा होने वाले बच्चे को हो सकता है। यदि किसी व्यक्ति को एक महीने से ज्यादा दस्त हो, एक महीने मे 10 किलो वजन कम हो, मुंह मे छाले हो, लगातार बुखार हो व टी बी हो तब जांच करवाना अनिवार्य है। एच आई वी/एसटीआई से बचाव हेतु निरंतर कोंडम के प्रयोग करे, संक्रमित सुई का उपयोग न करे।

## छात्र कन्हैया की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार, चाकू बरामद

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 30 जून।** उझा रोड साई कॉलोनी निवासी छात्र कन्हैया की चाकू से गोदकर हत्या करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान साई कॉलोनी निवासी हर्ष व विवेक के रूप में हुई है।

उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री सुरेश कुमार सैनी ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को शनिवार देर शाम को अज्जीजुलापुर के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कहासुनी की रंजिश रख कन्हैया की चाकू से गोदकर हत्या करने बारे स्वीकारा। पुलिस ने रविवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से आरोपी विवेक को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था और आरोपी हर्ष को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। पुलिस ने आरोपी हर्ष की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर सोमवार को रिमांड अवधी पूरी होने पर उसे माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच करने से साथ ही आरोपियों की धरपकड़ में लगी है। वारदात में संलिप्त अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### यह है मामला

थाना चांदनी बाग में उझा रोड साई कॉलोनी निवासी राजपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका बेटा कन्हैया सरकारी स्कूल में 12वी कक्षा में पढ़ता था। इसी स्कूल में पढ़ने वाले कॉलोनी निवासी हर्ष, रिषभ व विवेक बेटे कन्हैया के साथ जाति सूचक शब्द व गाली गलौच करते थे। कन्हैया ने कई बार ऐसा ना करने के लिए कहा तो तीनों झगड़ा करने पर उतारू हो जाते थे, और साथ ही धमकी देते थे कि शिकायत की तो उसे जांन से मार देंगे। 25 मई को विवेक ने स्कूल में बेटे कन्हैया के साथ गाली गलौच व मारपीट करने के बाद खुद के बचाव में थाना चांदनी में शिकायत दी थी। शिकायत में उनका समझौता हो गया था। 26 जून को कन्हैया उझा गेट पर सब्जी लेने के लिए गया तो हर्ष, रिषभ व विवेक ने रास्ता रोक उसके साथ मारपीट की और भाग गए। शाम करीब 8 बजे कन्हैया अपने दोस्त अमन व पुनीत को साथ लेकर मारपीट की शिकायत लेकर हर्ष के घर जाकर उसकी मां राखी को बताया तो उसने कन्हैया को गला पकड़ लिया और चांद व विवेक ने ललकारा देकर शिकायत का मजा चखाने की धमकी दी। कन्हैया ने दोस्तों के साथ भागने की कोशिश की तो उसे पकड़ कर रिषभ ने छाती में चाकू मार दिया और राखी ने कैंची से हर्ष, चांद व विकेक ने लाठी व नुकीले हथियार से काफी वार किए। कन्हैया जांन बचाने के लिए वहा से भागा और दोस्त चीनू को फोन कर वारदात बारे बताया। सूचना पाकर वह और चीनू मौके पर पहुंचे तो कन्हैया ने सारी बाते उन्हे बताई। वे कन्हैया को खून से लथपथ हालत में सनौली रोड पर मैक्स हॉस्पिटल लेकर गए जहा डॉक्टर ने सरकारी अस्पताल लेकर जाने के लिए कहा। सरकारी अस्पताल में डॉक्टर ने चेक कर कन्हैया को मृत घोषित कर दिया। थाना चांदनी बाग में राजपाल की शिकायत पर हत्या का अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

## श्री रामा भारतीय कला केंद्र पदाधिकारियों की रामलीला मंचन को लेकर हुई बैठक, अहम मुद्दों पर किया विचार विमर्श

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 30 जून।** श्री रामा भारतीय कला केंद्र के पदाधिकारियों व सदस्यों की रामलीला मंचन को लेकर पहली बैठक रविवार सायं बीरबल नगर स्थित केंद्र प्रधान के कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्र प्रधान भारत भूषण गर्ग ने की। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट सुशील कुमार कौशिक द्वारा की गई। बैठक को शुरु करने के बाद ही सभी सदस्यों के विचार व सुझाव लिए गए। सभी ने मंचन को इस बार पहले से ज्यादा बेहतर बनाने को लेकर अपनी बात रखी। सबसे बड़ी बात यह निकलकर सामने आई कि इस बार जितने भी ज्यादा हो सके नए कलाकारों को भी जोड़ा जाए। उन कलाकारों को जोड़कर कोई ना कोई अभिनय दिया जाए। नए कलाकारों के हुनर के अनुसार ही उन्हें रामलीला में अभिनय दिया जाएगा। बेशर्ते उसे रामलीला की रिहर्सल में अपनी पहले अपनी अदायगी दिखानी होगी। उसके बाद उसका चयनित कमेटी द्वारा चयन किया जाएगा और अभिनय दिया जाएगा। फैसला यह भी लिया गया है कि कोई नया कलाकार अगर बड़े रामायण के किसी बड़े पात्र की डिमांड करता है तो उस पर पहले कमेटी विचार करेगी।

बैठक के बाद प्रधान भारत भूषण गर्ग ने कहा कि इस बार रामलीला में पहले से ज्यादा बेहतर और सुंदर व्यवस्था की जाएगी। उसको लेकर रणनीति पहले से तैयार कर ली गई है। रामलीला कब से और किस स्थान पर होगी, इसके बारे में बाद में बताया जाएगा। अभी फिलहाल मंच, दर्शकों के लिए जगह, साऊंड, कलाकारों के सामान जैसे मुद्दों को लेकर बातचीत रखी गई है। इसमें काफी सदस्यों ने अपने-अपने विचार व सुझाव दिए हैं, जिन्हें नोट कर लिया गया है। बैठक में सुशील कौशिक एडवोकेट, रामनिवास जैन,महावीर जैन, जगदीश पंचाल, खचांजी लाल बाता, नरेंद्र कुकरेजा, सुभाष सिंगला, धर्मपाल, निखिल गर्ग, ओमप्रकाश, शंकर वधवा, रामदास, विनोद चितारा, प्रेम अरोड़ा, अनंतपाल सिंगला, संजय रोहिल्ला, मा.जोगिंद्र शर्मा, मास्टर कुलदीप वर्मा, राकेश बनवाला, सचिन शर्मा, राकेश सेतिया, सुरेश वर्मा, रामप्रकाश, अमन वर्मा, शमशेर गोस्वामी, प्रिंस धीमान, शमशेर गोस्वामी, श्याम धीमान, कमल शर्मा, ध्रुव आदि काफी संख्या में सदस्य व कलाकार मौजूद रहे।

## दुखभंजन मंदिर में शिव भक्तों ने की पूजा अर्चना

**थानेसर (अप्रस/दलबीर मलिक)।** प्रसिद्ध दुखभंजन मंदिर में सोमवार को हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। शिव भक्तों ने सबकी सुख-शांति के लिए पूर्ण आहूति डाली और पूजा-अर्चना की। भोले नाथ को मनोभावों से प्रार्थना अर्पित की और शिवलिंग को रुद्राक्षमाला व फूलों से सजाया गया। पुजारी सुशील कुमार शास्त्री ने कहा कि सोमवार को शिव जी की आराधना का अर्थ है चंद्र देव को प्रसन्न करना। सोमवार को शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। इस दिन शिवलिंग पर बेल पत्र अर्पित करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। इस अवसर पर मैनेजर एचके पाल, ज्ञान चंद पराशर, कुलवंत सिंह भट्टी, ओमप्रकाश, आनंद वालिया, राजकुमार शर्मा, राजपाल कोहली, डा. सत्य नारायण शर्मा, बलजीत सैनी, श्याम बारना, दर्शन पुरी, मनोहर लाल खुंगर, दर्शन पाहवा आदि श्रद्धालु प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

## हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने किया थाना शहर और महिला थाना का औचक निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/विनीत गर्ग

**कैथल, 30 जून।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम द्वारा सोमवार को शहर थाना तथा महिला पुलिस थाना का औचक निरिक्षण किया गया। टीम में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी, मांगेराम शर्मा तथा बाल कल्याण समिति से सदस्य कृष्ण लाल शर्मा, राजेश कुमार, तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के परामर्शदाता राजबीर सिंह शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने चाइल्ड फ्रेंडली रूम का दौरा किया लेकिन दोनों ही पुलिस थानों में यह रूम नहीं पाए गए। इस पर संबंधित थाना प्रभारी द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया कि वे जल्द की पुलिस थानों में चाइल्ड फ्रेंडली रूम की व्यवस्था करवाएंगे। इसके साथ ही थाना शहर कैथल में कहीं अनियमितताएं भी पाई गई वहां पर चाइल्ड फ्रेंडली रूम नहीं पाए गए तो वहीं वेटिंग एरिया का भी अभाव था। इसके साथ ही शहर थाना कैथल की इमारत अत्यधिक पुरानी होने के कारण उसके गिरने की आशंका भी जताई गई। मीना कुमारी ने कहा कि संबंधित थाना प्रभारी को आदेश दिए कि वे बाल अधिकारों की ओर विशेष ध्यान दें तथा बच्चों से संबंधित मामलों का त्वरित निपटारा करें। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा जब अगला निरीक्षण किया जाए तो इसे पूर्व वे अपने-अपने पुलिस थानों में चाइल्ड फ्रेंडली रूम की व्यवस्था करें ताकि किसी भी आपात स्थिति में यदि कोई भी बच्चे को पुलिस थाना लाया जाता है तो उसके लिए अलग से व्यवस्था हो।

## आज से चलाया जाएगा एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम: डॉ कृष्ण कांत



अर्थ प्रकाश/शंकर लाल

**लाडवा, 30 जून।** डॉक्टर कृष्णकांत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा ने बताया कि हर साल 1 जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया जाता है यह दिन महान चिकित्सा और स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है । जिनका जन्म और मृत्यु दोनों 1 जुलाई को हुई थी । डॉक्टर राय को उनके चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान व बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए जाना जाता है । राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर डाक्टर कृष्णकांत ने स्वास्थ्य केंद्र लाडवा से जुड़े हुए सभी अधिकारी व कर्मचारी की विशेष सभा का आयोजन किया । उन्होंने संदेश दिया कि हमें निडर होकर समाज में जो भी तरह-तरह की बीमारियां फैल रही है उनका निदान करना है। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर कृष्णकांत ने बताया कि 1 जुलाई 2025 से एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य समाज में सभी एनीमिया से ग्रसित मरीजों की जांच,उपचार,परामर्श तथा ऐसे मरीजों की ट्रैकिंग करने उपरांत अनिमिया जैसी बीमारी को संपूर्ण रूप से खत्म करना है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री मन की बात

# कार्यक्रम से सबको एक नया उत्साह मिलता है: जगमोहन आनंद

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को करनाल जिला के सभी बूथों पर लोगो ने बड़े उत्साह देखा और दिल लगाकर सुना

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 30 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 123वां एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ। करनाल शहरी मंडल के बूथ 213 पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री के मन की बात को सामूहिक रूप से सुना गया। रविवार सुबह 11:00 बजे डीएवी पीजी कालेज में भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल,करनाल विधायक जगमोहन आनंद, सीआरएस यूनिवर्सिटी के उपकुलपति डॉ आरपी सैनी , मेयर रेणुबाला गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने प्रधानमंत्री की बातो की भूरी भूरी प्रसंशा की। कार्यक्रम का संयोजन स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को करनाल जिला के सभी बूथों पर सुना गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने मन की बात कार्यक्रम में हमेशा भारत की संस्कृति और इतिहास को समृद्ध बनाने और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का जिक्र करते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में कभी भी राजनीति पर बात नहीं की। वें हमेशा राष्ट और समाज हित की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की जनहितेषी योजनाओं का आज लाभ जन जन तक पहुंच चूका है। नरेंद्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री है जो हर वर्ग की चिंता करते है और वह देश के लोगो के कल्याण को लेकर ऐसी योजनाए बनाते है जिस के लाभ से देश का कोई वर्ग वंचित नहीं रहता। उन्हें कहा कि ऐसे प्रधानमंत्री पर पुरे देशवासियो को गर्व है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री अपने मन की बात कार्यक्रम में हर उस बात को छूते हैं जो देश की एक सौ 40 करोड़ जनता से सरोकार रखती है। उन्होंने कहा कि चाहे विज्ञान की बात हो अमरनाथ यात्रा हो योग हो अथवा किसी खिलाड़ी का मामला हो वह एक प्रेरणा के रूप में इन्हें बताते हैं। हम लोग कोई ना कोई चीज यहां से सीख कर जाते हैं, साथ ही मन की बात कार्यक्रम से आने वाली पीढ़ी को एक नया उत्साह मिलता है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का जनता के साथ यह आधा घंटा जुडना उन्हें महान बनाता है। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार अग्रसर है। मेयर रेणुबाला गुप्ता ने कहा कि इस बार के एपिसोड की शुरुआत प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन की चर्चा से की। योग अब सिर्फ भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक वैश्विक जन आंदोलन बन चुका है।

# आषाढ़ स्कंद षष्ठी व्रत से सभी रोग होते हैं दूर

हिन्दू धर्म में आषाढ़ मास में पड़ने वाली स्कंद षष्ठी का बहुत महत्व है। स्कंद षष्ठी को षष्ठी व्रत और कुमार षष्ठी के नाम से भी जाना जाता है, यह भगवान कार्तिकेय (स्कंद) की पूजा का विशेष दिन होता है। हर महीने शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती के छठे पुत्र कार्तिकेय की पूजा की जाती है। स्कन्द षष्ठी के दिन खासतौर पर भगवान कार्तिकेय की पूजा करने के साथ-साथ व्रत भी रखा जाता है। स्कंद षष्ठी का व्रत हर माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को रखा जाता है। इस व्रत में भगवान कार्तिकेय की पूजा करते हैं। भगवान स्कंद की पूजा करने से सभी प्रकार के रोग, दोष, काम, क्रोध, मद, लोभ आदि मिट जाते हैं। इस बार स्कंद षष्ठी के दिन रवि योग बन रहा है। इसमें सूर्य का प्रभाव अधिक होता है, जिसमें सभी प्रकार के दोष नष्ट हो जाते हैं। भगवान कार्तिकेय को स्कंद, कुमार, सुब्रह्मण्य, मुरुगन आदि नामों से भी पुकारा जाता है। नौ देवियों स्कंदमाता का भी वर्णन मिलता है, जिनकी गोद में स्कंद कुमार बैठे होते हैं। भगवान स्कंद की पूजा करने से सभी प्रकार के रोग, दोष, काम, क्रोध, मद, लोभ आदि मिट जाते हैं।

**आषाढ़ स्कंद षष्ठी व्रत के लाभ:** पंडितों के अनुसार जो लोग संतानहीन हैं, उनको स्कंद षष्ठी का व्रत रखकर भगवान कार्तिकेय की पूजा करनी चाहिए, उनके आशीर्वाद से संतान की प्राप्ति हो सकती है। अगर आपके जीवन में धन और वैभव की कमी है तो आपको भी स्कंद षष्ठी का व्रत रखना चाहिए, आप पर माता लक्ष्मी की कृपा होगी। स्कंद कुमार के साथ भगवान विष्णु की पूजा करने का विधान है, इस बार स्कंद षष्ठी गुरुवार को है और गुरुवार विष्णु पूजा के लिए समर्पित है। ऐसे में स्कंद षष्ठी पर विष्णु जी और स्कंद कुमार की पूजा का सुंदर संयोग बना है, दोनों की साथ में पूजा करने से आपके कार्य सफल होंगे और जीवन में सुख और समृद्धि आ सकती है। संतान की लंबी आयु और शत्रुओं को पराजित करने के लिए भी स्कंद षष्ठी का व्रत रखा जाता है।

भगवान स्कंद शक्ति के अधिदेव हैं। ये देवताओं के सेनापति भी कहे जाते हैं। इनकी पूजा दक्षिण भारत मे सबसे ज्यादा होती है। यहां पर ये मुरुगन नाम से भी प्रसिद्ध है। भगवान स्कंद हिंदू धर्म के प्रमुख देवों मे से एक हैं। स्कंद को कार्तिकेय और मुरुगन नामों से भी पुकारा जाता है। दक्षिण भारत में पूजे जाने वाले प्रमुख देवताओं में से एक भगवान कार्तिकेय शिव पार्वती के पुत्र हैं। कार्तिकेय भगवान के अधिकतर भक्त तमिल हिन्दू हैं। इनकी पूजा खासतौर से तमिलनाडु और भारत के दक्षिणी राज्यों में होती है। भगवान स्कंद का सबसे प्रसिद्ध मंदिर तमिलनाडु में ही है।



भगवान कार्तिकेय की जन्म कथा के विषय में पुराणों में ज्ञात होता है कि जब दैत्य तारकासुर का अत्याचार चारों ओर फैल रहा था तब देवताओं को भी पराजय का समाना करना पड़ा। जिस कारण सभी देवता भगवान ब्रह्मा के पास पहुंचते हैं और अपनी रक्षार्थ उनसे प्रार्थना करते हैं। ब्रह्मा उनके दुःख को जानकर उनसे कहते हैं कि तारकासुर का अंत भगवान शिव के पुत्र द्वारा ही संभव है, परंतु सती के अंत के पश्चात् भगवान शिव गहन साधना में लीन हुए रहते हैं। इंद्र और अन्य देव भगवान शिव के पास जाते हैं, तब भगवान शिव उनकी पुकार सुनकर पार्वती से विवाह करते हैं। शुभ घड़ी और शुभ मुहूर्त में शिव जी और पार्वती का विवाह हो जाता है। इस प्रकार कार्तिकेय का जन्म होता है और कार्तिकेय तारकासुर का वध करके देवों को उनका स्थान प्रदान करते हैं। देवताओं के अनुरोध पर कार्तिकेय उनके सेनापति बने।

स्कंद षष्ठी पर भगवान शिव और पार्वती की पूजा की जाती है। मंदिरों में विशेष पूजा की जाती है। इसमें स्कंद देव (कार्तिकेय) की स्थापना और पूजा होती है। अखंड दीपक भी जलाए जाते हैं। भगवान को स्नान करवाया जाता है। भगवान को भोग लगाते हैं। इस दिन विशेष कार्य की सिद्धि के लिए कि गई पूजा-अर्चना फलदायी होती है। इस दिन मांस, शराब, प्याज, लहसुन का त्याग करना चाहिए। ब्रह्मचर्य का पालन करना जरूरी होता है। पूरे दिन संयम से भी रहना होता है।

**आषाढ़ स्कंद षष्ठी व्रत का महत्व:** स्कंद पुराण के नारद-नारायण संवाद में संतान प्राप्ति और संतान की पीड़ाओं को दूर करने वाले इस व्रत का विधान बताया गया है। एक दिन पहले से उपवास करके षष्ठी को कुमार यानी कार्तिकेय की पूजा करनी चाहिए। भगवान कार्तिकेय का ये व्रत करने से दुश्मनों पर जीत मिलती है। वहीं हर तरह की परेशानियां भी दूर हो जाती हैं। पुराणों के अनुसार स्कंद षष्ठी की उपासना से च्यवन ऋषि को आंखों की ज्योति प्राप्त हुई। ब्रह्मवैवर्त पुराण में बताया गया है कि स्कंद षष्ठी की कृपा से ही प्रियव्रत का मृत शिशु जीवित हो जाता है।

**आषाढ़ स्कंद षष्ठी व्रत के दिन करें पूजा, मिलेगा लाभ:** पंडितों के इस दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान करने के बाद साफ वस्त्र धारण करें। सूर्य देव को अर्घ्य दें और मंदिर की सफाई करें। चौकी पर कपड़ा बिछाकर भगवान कार्तिकेय की मूर्ति को विराजमान करें। देसी घी का दीपक जलाकर आरती करें और मंत्रों का जप करें। जीवन में सुख-समृद्धि में वृद्धि के लिए कामना करें। भगवान को फल और मिठाई का भोग लगाएं। अंत में प्रसाद के साथ लोगों में विशेष चीजों का दान करें।

# भाषा बहुमूल्य जवाहरत से भरी एक खान के समान: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** भाषा बहुमूल्य जवाहरत से भरी एक खान के समान है, इस खान के अधिकारी को इतना ज्ञान होना जरूरी है किस पत्थर का क्या मूल्य है और उसका कब प्रयोग होगा। आवेश मे बोलना बोलने वाला अपने शब्दो को मिट्टी के मोल जहां तहां फेंकता है। आवेश मे बोलने का मतलब है कि महीनो बंद गटर के ढक्कन को एक साथ खोलने का। समय पर मौन करने वाला और कम बोलने वाला व्यक्ति ही संसार मे कुछ करके दिखला सकता है। जब से मां के गृभ से इंसान का जन्म होता है तब से जीवन की डगर सरपट दौडने लगती है, जीवन मे शब्दों का बडा ही महत्व है। जीवन का सबसे पहला गुरू मां होती है जो शब्द को बोलना सिखाती है। जीवन की मिठास जो वाणी मे बहती रहती है वह नीम मे परिणम हो जाती है। यह बात स्पष्ट है कि मूर्ख का दिल जुबान पर होता है और विद्धान की जुंबा दिल पर। पहली श्रेणी के व्यक्ति रसना की करामात से सर्वथा अनजान होते है। ये शब्द मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24सी के तुलसीसभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा जीवन के साथ कुछ ऐसे नियम और कानून जुड़े होते है, जिनका पालन करके ही मनुष्य सुखपूर्वक जी सकता है।



प्रत्येक मनुष्य के पास मन,वाणी और शरीर तीन शक्तियां है। इन तीनो को कहां खर्च करना तथा व्यय हुई शक्तियों को पुन कैसे अर्जित करना है, इसका विवेक होना हर समझदार व्यक्ति के लिए आवश्यक है। कौन व्यक्ति कैसा है इसकी पहचान उसका भाषा व्यवहार है, आभूषणो से बढाया सौंदर्य स्थायी नही होता, सदा साथ नही देता किंतु मधुर वाणी का श्रृंगार सारे संसार को अपनी और खींच सकता है और यही साथ रहता है। अपव्यय किसी भी दृष्टि से उपयोगी नही होता अधिक सोचने से जितना अनिष्ट होता है, उससे कम अनिष्ट अधिक बोलने से होता है। बोलने का उद्देदश्य है अपनी बात औरों तक पहुंचाना, किंतु यदि वहां पर पहुंचाने के लिए हमारे पास माध्यम गलत है। उत्तेजना भरे है, शिथिल है, तथा उलझन भरे है तो है हम अपने आस पास एक अस्वस्थ वातावरण तैयार कर लेते है,

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया वाणी का विवेक सबसे ज्यादा आवश्यक है वचन ही झगडे का कारण है और वचन ही झगडे को शांत कर सकता है। एक शब्द नीचे की और ले जाता है एक शब्द ही ऊपर ले जा सकता है। ये शब्द के विवेक पर अधारित है। जिस व्यक्ति का विवेक जागृत हो गया है तो वह व्यक्ति कभी कटु शब्दो का प्रयोग नही करेगा और जिसके पास विवेक नही उसके पास कटु शब्दो के अलावा और शब्द नही होते। ज्ञानी कम बोलता है, क्योकि बोलने से तो जाना जाता है, वह सब ज्ञानी मौन से जान लेता है, मौन जहां अपनी दुर्बलता की ढांकने का साधन है वही दुर्बलता से ऊपर उठने का भी सफल साधन है। बोलना व्यवहार निभाने का हेतु इससे इंद्रियो को विश्राम मिलता है। विचारो की उत्तेजना घटती है। अधिक सोचने से जितना अनिष्ट होता है, उससे कम अनिष्ट अधिक बोलने में नही है । बोलने का उद्देश्य है अपनी बातें ओरों तक पहूँचाना, किन्तु अगर माध्यम गलत है, उतेजना भरे हैं, शिथिल हैं और उलझन भरे हैं तो अपने आसपास एक अस्वस्थ वातावरण पैदा हो जाता है ।

# समय पर इलाज से बची 33 वर्षीय महिला की जान, मैक्स अस्पताल शालीमार बाग में टूटी ओवरी सिस्ट का सफल इलाज

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के डॉक्टरों ने एक 33 वर्षीय महिला का सफल इलाज किया, जिसे फटी हुई एंडोमेट्रियोटिक ओवरी सिस्ट के कारण पेट में सूजन और फेफड़ों में पानी भर जाने जैसी गंभीर समस्याएं हो गई थीं।

दो बच्चों की मां यह महिला पिछले एक महीने से पेट में तेज दर्द, उल्टी, सांस लेने में तकलीफ और रुक-रुक कर बुखार से पीड़ित थी। स्थानीय अस्पतालों में कई एंटीबायोटिक इलाज के बावजूद उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। जब उनकी हालत गंभीर हो गई, तो परिवार उन्हें मैक्स अस्पताल, शालीमार बाग की इमरजेंसी में लेकर आया, जहां वह तेज बुखार, सांस की कमी और असहनीय पेट दर्द से जूझ रहीं थीं। जांच में पता चला कि उनकी ओवरी की सिस्ट फट चुकी है, जिससे पेट और फेफड़ों में काफी मात्रा में फ्लूइड जमा हो गया था।



इलाज कर रही टीम ने तुरंत उन्हें आईसीयू में भर्ती किया और हाई-ग्रेड एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक दवाएं और अन्य सहायक इलाज शुरू किया।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के सर्जिकल गायनोकोलॉजी ऑन्कोलॉजी विभाग की कंसल्टेंट डॉ. अल्का दहिया ने केस की जानकारी देते हुए बताया, ÷जांच में पाया गया कि ओवरी की सिस्ट फटने के कारण पेट में पस भर गई थी और संक्रमण तेजी से फैल रहा था। मरीज को तुरंत ओपन सर्जरी के लिए ले जाया गया, जिसमें चिपके हुए अंगों को अलग कर, पेट की सफाई (सलाइन वॉश) की गई और फिर ओवरी व ट्यूब को हटाया गया। सलाइन वॉश में सामान्य खारे पानी से पेट की गहराई से सफाई की जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। सर्जरी के दौरान की गई जांच (फ्रोजन सेक्शन रिपोर्ट) में कैंसर की संभावना नहीं पाई गई और अंतिम हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट ने पुष्टि की कि यह एक एटिपिकल एंडोमेट्रियोटिक मास था, जिसे आगे कोई इलाज की जरूरत नहीं है। शुरुआती कुछ दिनों में फेफड़ों के संक्रमण और दर्द जैसी परेशानियां आई, लेकिन आईसीयू के अच्छे देखभाल और फिजियोथेरेपी से मरीज की हालत में तेजी से सुधार हुआ और वह स्वस्थ हालत में डिस्चार्ज की गई।

एंडोमेट्रियोसिस एक आम स्त्री रोग है, जो प्रजनन आयु की 10-15 प्रतिशत महिलाओं को प्रभावित करता है। कुछ मामलों में यह कैंसर जैसे लक्षणों के साथ सामने आता है और जानलेवा भी हो सकता है। डॉ. अल्का ने बताया, अगर समय पर इसका इलाज न हो, तो यह क्रोनिक पेल्विक दर्द, बांझपन और 2-3 प्रतिशत मामलों में ओवरी कैंसर का कारण भी बन सकता है।

# इंसान बनकर जियें और इंसानियत का प्रसार करते चले जाएं

सच्चे मायनों में धर्म वहाँ अपनाया गया है, जहाँ धर्म की परिभाषा को जानकर इस परमात्मा, निराकार, अकालपुरख के साथ इस रमे हुए राम को जानकर इसके साथ नाता जोड़कर जीवन जिया जा रहा है। फिर वह चाहे पंजाब में हो, हरियाणा में हो, कहीं भी हो। हमें हर जगह ऐसी खुशी, ऐसा आनन्द देखने को मिलता है। जहां भी आप सत्य को सुदृढ़ करने के लिए एकत्रित हुए हैं कि हमने अंधकार फैलाने का कार्य नहीं करना बल्कि रोशनी फैलाने का कार्य करना है। हमने संसार में इन्सानियत को पेश करना है, इन्सानियत को मजबूत करना है। हमने दानवता को बढ़ावा नहीं देना। हमने संसार में फूल बिखेरने हैं, कांटों में इजाफा नहीं करना है। सत्य को मजबूत करने के लिए ही यहाँ आप सभी एकत्रित हुए हं और यही प्रार्थनाएं भी कर रहे हैं कि दातार ऐसी कृपा करे कि हम सही मायनों में कार्य कर पायें। हम खुद इन्सान बनकर ही जियें और इसी इन्सानियत का हम स्थान-स्थान पर प्रसार करते चले जाएं क्योंकि अगर इन्सानियत स्थापित होगी तो वास्तव में इस संसार को हम बढ़ता फूलता देख सकते हैं। आज तरक्कियों के कारण हम एक आधुनिक रुप इस युग को दे रहे हैं। बड़ी-बड़ी बिल्डिंगे तो बन रही हैं ऊची से ऊँची बन रही हैं, आराम के सामान बढ़ रहे हैं। बिल्डिंग की ऊँचाईयाँ तो बढ़ रही हैं, बाकी चीजें भी बढ़ रही हैं लेकिन अगर हमारी सोच, हमारी प्रवृत्ति नीची हो तो उसको हम तरक्की और सच्ची आधुनिकता का नाम नहीं दे सकते। वास्तविक आधुनिकता तो तभी होगी जब हम सचमुच एक सही इन्सान बनकर जियेंगे। दूसरों के भले के लिए हम प्रार्थनाएं करें, दसूरों को सुन्दर देन दें। अगर हम सोचें कि हम कहीं कुछ गिरा देंगे तो हम बड़े हो जायेंगे तो गिराने वाले बड़े नहीं हआ करते हैं।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

## पंचांग

मंगलवार, 1 जुलाई, 2025, सूर्योदयः 05:27 ए एम, सूर्यास्तः 07:23 पी एम, चन्द्रोदयः 11:07 ए एम, चन्द्रास्तः 11:34 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः आषाढ़, पूर्णिमान्त महीनाः आषाढ़, वारः मंगलवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः षष्ठी - 10:20 ए एम तक, नक्षत्रः पूर्वाफाल्गुनी - 08:54 ए एम तक, योगः व्यतीपात - 05:19 पी एम तक, करणः तैतिल - 10:20 ए एम तक, द्वितीय करणः गर - 11:04 पी एम तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः सिंह - 03:23 पी एम तक, राहुकालः 03:54 पी एम से 05:39 पी एम, गुलिक कालः 12:25 पी एम से 02:10 पी एम, यमगण्डः 08:56 ए एम से 10:40 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:57 ए एम से 12:53 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:14 ए एम से 09:10 ए एम, दुर्मुहूर्तः 11:25 पी एम से 12:05 ए एम, जुलाई 02, अमृत कालः 03:15 ए एम, जुलाई 02 से 05:00 ए एम, जुलाई 02

## भविष्य फल



**मेषः** आज लाभकारी विकास संभव है जो भविष्य में आपको अच्छे परिणाम देगा।

**वृषः** आपको बिजनेस के क्षेत्र में कुछ लोगों से मदद मिलेगी। दाम्पत्य जीवन में आपसी समझ और प्यार संबंधों को और भी बेहतर बनायेंगे।

**मिथुनः** बिजनेस में दोस्तों से मदद मिल सकती है। रोजमर्रा के मामलों में दिन बहुत अच्छा हो सकता है। अपने पेशे में पूरी तरह सफल हो सकते हैं।

**कर्कः** आज आपको दूसरों के साथ आपका व्यवहार भाग्यशाली बना सकता है। आप लोकप्रियता हासिल करेंगे, व्यापार से आपकी कमाई बढ़ेगी और आपको अधिकारियों से मदद मिलेगी।

**सिंहः** नौकरीपेशा लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आगे चलकर ये प्रोजेक्ट आपको फायदा दिलायेगा।

**कन्याः** नौकरी में बेकार के कामों में आप उलझ सकते हैं। अच्छे नतीजों के लिए जरूरत से ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।

**तुलाः** यह आपके लिए सबसे अच्छे दिनों में से एक हो सकता है। कार्यक्षेत्र पर किए गए प्रयास आने वाले दिनों में आपकी सफलता और प्रगति में योगदान करेंगे।

**वृश्चिकः** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी-सी मेहनत से ही आपको बड़ा मुनाफा मिल सकता है।

**धनुः** अधिकारी आपकी बातों को महत्व देंगे। कार्यक्षेत्र में सम्मान मिलेगा। ज्यादा मेहनत करने से ही सफलता मिल पाएगी।

**मकरः** आज आपके सहकर्मी समूह के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि संभव है। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और आपको अच्छी प्रगति प्राप्त होगी।

**कुंभः** आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। साथ ही आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मीनः** बिजनेस में फायदा कुछ कम होगा। ट्रांसफर की स्थिति बन सकती है या ऐसी कोई खबर भी आपको मिल सकती है।

# खनन विभाग ने पीपली से अवैध खनन करते हुए जेसीबी व ट्रक किए जब्त




अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिला प्रशासन जिला में अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए लगातार सख्त कदम उठा रहा है। खनन विभाग लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। हरियाणा सरकार का मुख्य लक्ष्य खनन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को जड़ से खत्म करना है। जिला में टास्क फोर्स की टीम पूरी सजगता व मुस्तैदी से अपना दायित्व निभाते हुए हर पहलू पर फोकस कर रही है। इसी कड़ी में हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो, मिमारपुर की संयुक्त टीम द्वारा गांव पिपली तहसील खरखोदा से अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन व एक ट्रक को पकड़ा। जेसीबी मशीन व ट्रक को काबू कर पुलिस द्वारा थाना खरखोदा में सीज किया गया है। उन्होंने बताया कि खनन विभाग की टीम राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों और अन्य प्रमुख मार्गों पर सक्रिय रूप से तैनात है। उन्होंने कहा कि जिला में जहां-जहां अवैध खनन की अधिक संभावना है। वहां पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और विभागीय स्तर पर निरंतर निगरानी रख रहे है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खनन गतिविधियों को पारदर्शी बनाना और प्राकृतिक संसाधनों के अनियमित दोहन को रोकना है। हरियाणा सरकार का संकल्प है कि राज्य में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त ने आम जन को आह्वान किया है कि जिले में होने वाले अवैध खनन की सूचना तुरंत जिला खनन विभाग कार्यालय एवं खण्ड स्तर पर सहायक खनन अभियंता कार्यालय में दें जिससे अवैध खनन करने वालों को पकड़ा जा सके।

# जीटी रोड, एनएच 44 पर लगे सीमेंट के बैरिकेड हटवाए एनएचएआई: सुशील सारवान

**सोनीपत शहर में लगाई जाएगी ट्रेफिक एडवाइजरी, अग्रसेन चैक पर बने डिवाइडर की मरम्मत का कार्य पूर्ण**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित वाहन नीति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए की वो सडक दुर्घटना को रोकने पर विशेष ध्यान दे व सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने बताया की सडक दुर्घटना न केवल एक व्यक्ति की जान लेती है बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करती है। इसलिए ये जिम्मेदारी सभी अधिकारियों की बनती है कि वो सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कार्यो को प्राथमिकता दे। बैठक के दौरान नगर निगम महापौर राजीव जैन व जिला परिषद की अध्यक्ष मोनिका दहिया भी साथ रहें।

उपायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वो जीटी रोड पर लगाए गए सभी सीमेंट के अवरोधकों को तुरूंत हटवाए व अन्य जरूरी व्यवस्था करें। उन्होंने बताया कि सीमेंट के अवरोधक जो सर्विस रोड व मुख्य जीटी रोड के बीच लगाए गए है। उनकों जल्दी से हटवाया जाए, क्योंकि सीमेंट के अवरोधकों से अगर कोई भी दुर्घटना के समय टकराता है। तो उसकी जान जाने का खतरा है। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किए की वो सभी जरूरी ब्लाइंड स्पॉट पर कैट आई व साइन बोर्ड लगवाए जिससे किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सकें। उन्होंने एनएचआईए के अधिकारियों को निर्देशित किया की वो एनएच 44 के साथ बने ड्रेन की साफ-सफाई का भी ध्यान रखें व समय-समय ड्रेन साफ करवाते रहें। जिससे रोड के साथ जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हों।



उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गोहाना रोड पर बडवासनी के पास ब्लाइंड कट पर संबंधित विभाग के द्वारा कैट आई व साइन बोर्ड लगवा दिए गए है। ऐसे ही बडवासनी से बवाना रोड पर भी कैट आई व साइन बोर्ड संबंधित विभाग के द्वारा लगा दिए गए है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बड्डी से रामनगर रोड की मरम्म्त का कार्य पूरा हो गया है। खेड़ी गुज्ज्र से बूरा रसूलपूर रोड़ की मरम्मत का कार्य भी पूरा हो गया है। सेक्टर 14-15 के पास अग्रसेन चैक के डिवाइडर की मरम्मत का कार्य भी पूरा हो गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेफिक पुलिस के द्वारा मई माह में 8719 वाहनों के चालान किए गए व 219 चालान आरटीए के द्वारा किए गए। उपायुक्त ने सभी ट्रेफिक के एसएचओ को निर्देश दिए वो यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ ऐसे ही कार्य करते हुए चालान करें। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल चालक हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। हेलमेट दुर्घटना के समय चालक को बड़ी दुर्घटना से बचाता है। उन्होंने आदेश दिए कि सोनीपत शहर में यातायात नियमों की एडवाईजरी जारी कर अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी दी जाए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए की वो ओवर लोड़िग वाहनों की जांच कर उनके चालान करें। सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत उपायुक्त ने सभी एसडीएम और आरटीओ अधिकारियों को निर्देश दिए की वो अधिक से अधिक स्कूल बसों की जांच करें व नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर चालान करें। बसों की जांच के दौरान अधिकारी बस में कमैरे की जांच अवश्य करें व कमैरे की रिर्काड़िग अवश्य देखे। उन्होंने बताया कि मई माह में 27 बसों को चैक किया गया जिसमें से बसों में कमी पाए जाने पर 2 बसों के चालान भी किए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए अधिक से अधिक बसों की जांच के आदेश दिए।

# जेनेराली व सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बीच भारत में नई संयुक्त साझेदारी

**लुधियाना।** जेनेराली ने आज भारत में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को अपना नया संयुक्त उद्यम साझेदार घोषित किया है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भारत के सबसे पुराने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक है, जिसकी स्थापना 1911 में हुई थी, बैंक की बाजार पूंजीकरण 46,100 करोड़ रुपए है और इसका वितरण नेटवर्क 4,500 से अधिक शाखाओं के माध्यम से 8 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ यह साझेदारी जेनेराली की बाजार उपस्थिति को और मजबूत करेगी, जिससे कंपनी की ब्रांड पहचान के साथ जीवन बीमा, संपत्ति और दुर्घटना बीमा दोनों क्षेत्रों में वितरण क्षमताएं सुदृढ़ होंगी। जेमी एंचुस्टेगुई, डिप्टी सीईओ इंश्योरेंस, जेनेराली ग्रुप ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हम भारत में अपने कारोबार के इस नए अध्याय की शुरुआत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ कर रहे हैं, जो एक अत्यंत मजबूत और प्रतिष्ठित स्थानीय साझेदार हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह साझेदारी भारत जैसे अपार संभावनाओं वाले बाजार में जेनेराली की मौजूदगी को और व्यापक रूप से स्थापित करने में सहायक होगी, यह हमारी रणनीति 'लाइफटाइम पार्टनर 27 ड्राइविंग एक्सीलेंस' के अनुरूप है, जो हमारी मुख्य क्षमताओं पर केंद्रित रहते हुए चयनित प्रमुख भौगोलिक क्षेत्रों में वृद्धि को लक्षित करती है।

# एनसीबी हरियाणा ने गांव-गांव तक नशे के विरुद्ध चलाया अभियान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम द्वारा जिले में नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने हेतु एक व्यापक अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान की शुरुआत मुरथल सेक्टर-16 से की गई, जहां नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

यह अभियान पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह (भा.पु.से.) के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा (भा.पु.से.) और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। नशे के खिलाफ इस जंग को युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है, जिसमें नशा तस्करों पर कठोर कार्रवाई के साथ-साथ समाज में व्यापक जन-जागरूकता भी फैलाई जा रही है।अभियान के अंतर्गत नून लौटा संकल्प, बकेट चैलेंज, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता शिविर और साइकिल यात्राएं जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जन-भागीदारी को प्रेरित किया जा रहा है।



कार्यक्रम के दौरान नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा दो प्रकार का होता है-प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त। यद्यपि दोनों ही प्रकार के नशे अत्यंत हानिकारक होते हैं, लेकिन प्रतिबंधित नशा विष से भी अधिक घातक है।

डॉ. वर्मा ने हुक्के के बढ़ते प्रचलन को भी समाज में एक खतरनाक भ्रांति बताया, जो अब ई-हुक्के के रूप में सामने आ रहा है। यह नई प्रवृत्ति चिंता का विषय है और इससे छुटकारा पाने के लिए सामूहिक बहिष्कार आवश्यक है।उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार और हरियाणा सरकार नशा मुक्त समाज की दिशा में अत्यंत गंभीर है और नशा तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि नशे के विरुद्ध कोई भी गुप्त सूचना एनसीबी की हेल्पलाइन 1933 या पोर्टल के माध्यम से साझा करें, जिससे इस सामाजिक बुराई के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जा सके।

# छात्रों को पशु विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्ट-अप स्थापित करना चाहिए : राष्ट्रपति

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित**

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**बरेली/लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज उत्तर प्रदेश के बरेली में भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया।इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी संस्कृति 'ईशावास्यम् इदं सर्वम' के जीवन मूल्य पर आधारित है, जो सभी जीवों में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। हमारे देवताओं और ऋषियों द्वारा पशुओं से संवाद करने की मान्यता भी इसी सोच से जुड़ी है।

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि मनुष्य का वनों और वन्य जीवों के साथ सह-अस्तित्व का रिश्ता है। उन्होंने कहा कि कई प्रजातियां या तो विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन प्रजातियों का संरक्षण जैव विविधता और पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि ईश्वर ने मनुष्य को जो सोचने-समझने की शक्ति दी है, उसका उपयोग सभी जीवों के हित के लिए किया जाना चाहिए। कोरोना महामारी ने मानव जाति को चेतावनी दी है कि उपभोग पर आधारित संस्कृति न केवल मानव जाति को बल्कि अन्य जीवों और पर्यावरण को भी अकल्पनीय नुकसान पहुंचा सकती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज दुनिया भर में 'वन हेल्थ' की अवधारणा को महत्व मिल रहा है। यह अवधारणा मानती है कि मनुष्य, पालतू और जंगली जानवर, वनस्पतियां और व्यापक पर्यावरण सभी एक दूसरे पर निर्भर हैं। हमें



पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रमुख पशु चिकित्सा संस्थान के रूप में आईवीआरआई इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, खासकर जूनोटिक बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण में।राष्ट्रपति ने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तरह प्रौद्योगिकी में पशु चिकित्सा और देखभाल में भी क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है।

प्रौद्योगिकी के उपयोग से देश भर के पशु चिकित्सालयों को सशक्त बनाया जा सकता है। जीनोम एडिटिंग, भ्रूण स्थानांतरण तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों का उपयोग इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। उन्होंने आईवीआरआई जैसे संस्थानों से पशुओं के लिए स्वदेशी और कम लागत वाले उपचार और पोषण खोजने की अपील की। उन्होंने कहा कि उन्हें उन दवाओं के विकल्प भी तलाशने चाहिए जिनके दुष्प्रभाव न केवल पशुओं बल्कि मनुष्यों और पर्यावरण को भी प्रभावित करते हैं। राष्ट्रपति ने आईवीआरआई के छात्रों की इस बात के लिए प्रशंसा की कि उन्होंने बेजुबान जानवरों के इलाज और उनके कल्याण को अपना करियर चुना है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने जीवन और करियर में किसी दुविधा की स्थिति में उन जानवरों के बारे में सोचें, इससे उन्हें सही रास्ता दिखाई देगा। उन्होंने छात्रों से उद्यमी बनने और पशु विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्ट-अप स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से वे न केवल जरूरतमंदों को रोजगार दे पाएंगे बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान दे सकते हैं।

**इसरो अध्यक्ष के साथ अंतरिक्ष सम्मेलन में सीएम धामी का संबोधन**

# उत्तराखंड बनेगा स्पेस टेक्नोलॉजी फ्रेंडली स्टेट

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में विकसित भारत 2047 के निर्माण के लिए हिमालयी राज्यों के परिप्रेक्ष्य में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयोग अन्तरिक्ष सम्मेलन 2025 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर देश भर से आए वैज्ञानिकों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुसंधान तक सीमित न रहकर संचार, कृषि, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय वैज्ञानिक श्री शुभांशु शुक्ला द्वारा तिरंगा फहराने पर इसरो समेत समस्त वैज्ञानिकों को बधाई दी और इसे देश के



लिए गर्व का क्षण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुभांशु शुक्ला का मिशन गगनयान व भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार करेगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चंपावत को मॉडल जिला बनाने के लिए इसरो और यूकास्ट द्वारा विकसित डैशबोर्ड का शुभारंभ किया तथा इसरो द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार विज्ञान और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है और प्रदेश में साइंस सिटी, साइंस एवं इनोवेशन सेंटर, एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन व अन्य अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना पर कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मेलन उत्तराखंड को स्पेस टेक्नोलॉजी फ्रेंडली स्टेट बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और प्रदेश के सतत विकास में सहयोगी सिद्ध होगा।

इसरो चेयरमैन डॉ. वी नारायणन ने कहा कि 1963 में भारत ने पहला रॉकेट लॉन्च किया था। 1963 से अब तक भारत ने 100 से अधिक रॉकेट लॉन्च किए हैं। 1975 तक हमारे पास अपने कोई सेटेलाइट नहीं थे, लेकिन अब भारत के पास अपने 131 सैटेलाइट हैं। टीवी ब्रॉडकास्ट से लेकर हर जगह सैटेलाइट ब? पैमाने पर मददगार साबित हो रहे हैं। इसरो द्वारा ह्यूमन स्पेस प्रोग्राम पर कार्य किया जा रहा है। उस रॉकेट पर कार्य किये जा रहे हैं, जो पृथ्वी की लोवर ऑर्बिट पर 75 हजार किलो तक के सेटेलाइट को लॉन्च करेगा, जिसे करीब 27 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इसरो चेयरमैन ने कहा कि एक समय था जब हमारे रॉकेट साइकिल से ले जाए करते थे, पर आज भारत ने कई विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। हमने दुनिया में सबसे पहले चंद्रमा पर पानी के अणु की मौजूदगी का पता से लगाया है। भारत पहला देश है जिसने चंद्रमा के साउथ पोल पर पहली बार लैंड किया है।

# मण्डलायुक्त ने की विकास कार्यक्रमों की मंडलीय समीक्षा

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**गोण्डा।** सोमवार को आयुक्त देवीपाटन मंडल द्वारा सभी चारों जिलों के डीएम, सीडीओ और मंडलीय अधिकारियों के साथ शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा कमिश्नरेट सभागार में की गयी। आयुक्त ने सभी जिलों में चलाए जा रहे हैं विकास कार्यक्रमों के बारे में सम्बंधित जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से प्रगति की जानकारी ली।

आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करते हुए जनसामान्य को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन की विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं।

जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने निर्देश दिए कि मंडल के सभी जनपदों में बनी पानी की टंकियां की गुणवत्ता का सत्यापन किया जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशो की समस्या को समाप्त किया जाए। निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया जाए। साथ गोवंशो के लिए भूसे की उपलब्धता प्रत्येक समय बनाई रखी जाये। उन्होंने सभी उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि उद्योग विभाग की समस्त योजनाओं के लक्ष्य को पूरा किया जाए। प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाये।

**मुख्यमंत्री ने बौद्धिक भ्रमण पर आए सुकमा जिले के युवाओं से की आत्मीय मुलाकात**

# खूब पढ़ें और आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ है : मुख्यमंत्री साय

अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में बौद्धिक भ्रमण पर आए सुकमा जिले के युवाओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने युवाओं से उनका हाल-चाल जाना और राजधानी रायपुर में उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि वे खूब पढ़ें और आगे बढ़ें। छत्तीसगढ़ सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री से मिलकर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले के युवाओं से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने कहा कि नक्सली विकास विरोधी हैं। वे नहीं चाहते कि बस्तर के लोगों को पानी, बिजली, सड़क और विद्यालय जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलें। सरकार की प्राथमिकता बस्तर का विकास है। बहुत जल्द बस्तर से नक्सलवाद खत्म होगा।

मुख्यमंत्री ने बड़े प्रेम से प्रदेश के सुदूर क्षेत्र से आये इन युवाओं से बातचीत की और उनके बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने युवाओं से पूछा कि उन्हें रायपुर आकर कैसा लग रहा है जिसके जवाब में युवाओं ने बताया कि उनके दल के अधिकतर युवा पहली बार राजधानी रायपुर आये हैं। अधिकांश ने इस भ्रमण के दौरान पहली बार जगदलपुर को देखा। पहली बार अपने गांव से रायपुर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। नई-नई चीजें देखने को मिल रही हैं। आज उन्हें मंत्रालय को देखने और यहां की कार्यप्रणाली समझने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से यह अनुभव आपके लिए लाभदायक रहेगा। इस भ्रमण का पूरा लाभ उठाएं और स्वयं को समृद्ध करें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सुकमा के युवाओं से विशेष रुप से उनकी शिक्षा के विषय में चर्चा की। विभिन्न आयुवर्ग के युवाओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे दसवीं, बारहवीं सहित कॉलेज तक में पड़ रहे हैं। सहज सरल मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से युवाओं ने खुलकर संवाद किया। इस दौरान एक छात्र ने मुख्यमंत्री को बताया कि वह बीएससी के सेकेंड ईयर में पड़ रहा है, वहीं एक छात्र ने स्वयं खड़े होकर मुख्यमंत्री को बताया कि वह भी बीए फाइनल का विद्यार्थी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने युवाओं की पढ़ाई के प्रति रुचि की सराहना की और इसी तरह पड़ लिख कर आगे बढ़ने के लिए उनका हौसला बढ़ाया।

उल्लेखनीय है कि स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत नियद नेल्लानार कार्यक्रम के तहत बस्तर संभाग के युवाओं का बौद्धिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में सुकमा जिले के 95 युवाओं को 2 दिवसीय भ्रमण पर राजधानी रायपुर आये हैं। इस दल में 77 बालक और 18 बालिकाएं शामिल हैं।

# बिजली से संबंधित शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाए : नागर

अर्थ प्रकाश/मनोहर लाल

**बारां।** राजस्थान के ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को बारां जिले में बिगड़ती विद्युत आपूर्ति को लेकर अधिकारियों साथ हुई समीक्षा बैठक में बिजली से संबंधित शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिये। श्री नागर ने कहा कि बिजली से संबंधित जिन आवेदकों ने डिमांड नोटिस की राशि जमा कर दी है, उन्हें शीघ्रता से कनेक्शन उपलब्ध कराये जायें। पेयजल आपूर्ति के समय बिजली बाधित न हो, इसके लिए भी आवश्यक प्रबंध किये जायें। उन्होंने ट्रांसफॉर्मर जलने की स्थिति में उन्हें तय समय सीमा में बदलने के निर्देश दिये।

श्री नागर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायत का समाधान करना तथा तकनीकी खामियों को तुरंत दूर करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

बैठक में श्री नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक राज्य में 125 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा से बिजली का उत्पादन किया जाये, जिससे राजस्थान देश का सबसे अधिक बिजली उत्पादक राज्य बन सके। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा को बैटरी में स्टोरेज करके दिन में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक किसानों को कृषि सिंचाई के लिए दिन में विद्युत आपूर्ति दी जायेगी।

बैठक में बारां विधायक राधेश्याम बैरवा एवं किशनगंज विधायक डॉ ललित मीणा ने जिले में विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने के सुझाव दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहरी एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाये और किसानों को कृषि कार्यों के लिए प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन दिये जायें।

# फोर्टिस मे हाई-रिस्क हृदय रोगों हेतू एडवांस्ड एंजियोप्लास्टी उपलब्ध

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

**चंडीगढ़।** फोर्टिस मे हृदय रोगों मे हाई-रिस्क मरीजों के लिए अत्याधुनिक इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी उपचार उपलब्ध है। हाल ही मे 93 वर्षीय जटिल हृदय रोग से ग्रस्त और शारीरिकरूप से कमजोर बुजुर्ग की बड़ी हृदय धमनी में ब्लॉकेज का एडवांस्ड एंजियोप्लास्टी से सफल इलाज किया। उधर 70 वर्षीय मधुमेह, हृदय विफलता, गुर्दे की समस्या और तीन हृदय धमनियों में रुकावट से पीड़ित मरीज की भी जटिल और जोखिमपूर्ण एंजियोप्लास्टी की गई। अर्थ प्रकाश से जानकारी सांझा करते हुए कार्डियोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. सुधांशु बुडाकोटी ने बताया कि 93 वर्षीय मरीज को हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी और कोरोनरी आर्टरी डिजीज थी। उम्र और कमजोरी को देखते हुए उन्हे सर्जरी के बजाए दवाइयों से उपचार दिया गया। अनुकूलित चिकित्सा उपचार के बावजूद उनकी दोबारा एंजियोग्राफी कराई गई। डॉ. सुधांशु ने रोटाब्लेशन, इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी




(आईवीएल) और लेजर के माध्यम से मरीज को आईवीएल तकनीक से जटिल एंजियोप्लास्टी देकर रक्त प्रवाह पुनः सुचारु किया।

डॉ. सुधांशु बुडाकोटी ने आगे बताया कि 70 वर्षीय मधुमेह से ग्रसित पुरुष ऐनल फिस्टुला की सर्जरी से पहले कार्डियक क्लियरेंस के लिए आए थे। उनकी उम्र को देखते हुए बायपास सर्जरी की बजाए कैल्शियम मॉडिफिकेशन के लिए आईवीएल तकनीक की सहायता से उच्च जोखिम वाली एंजियोप्लास्टी की गई। प्रक्रिया के दौरान मरीज की गुर्दों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बहुत ही कम मात्रा में डाई का उपयोग किया गया और अगले ही दिन उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# आरेडिका में राजभाषा विभाग ने कम्प्यूटर के अनुप्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रायबरेली।** आरेडिका में राजभाषा विभाग के तत्वावधान तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द के नेतृत्व में सोमवार को कम्प्यूटर के अनुप्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि वक्ता तौकीर अहमद (मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकीय संस्थान प्रयागराज) ने कम्प्यूटर के बारे जानकारियां प्रदान की। प्रयागराज से आए अतिथि वक्ता तौकीर अहमद ने आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों कार्यालयीन कार्य में प्रयोग होने वाले कम्प्यूटर के एमएस वर्ड के टाइटलबार, मैनूबार, टास्कबार, फोरमैटिंगबार , बाइनरी कोडिंग आदि पर काम करने की शॉर्ट कीज तथा एक्सेल शीट के प्रयोग के संबंध में बहुत ही उपयोगी बिन्दुओं पर चर्चा की। आरेडिका के राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन ने कार्यक्रम के अंत में सभी धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन, जनसम्पर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, राष्ट्रीय फैशन संस्थान से नराकास के सदस्य तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अक्षर योग केन्द्र ने बनाए 12 गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारतीय योग की समृद्ध विरासत के संरक्षण हेतु अक्षर योग केंद्र द्वारा चलायी जा रही मुहिम अब रंग लाने लगी है। हिमालय सिद्ध अक्षर के भगीरथ प्रयासों से देश-विदेश के हजारों साधकों के बीच गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ऑफिशियल टीम ने एक दिन में बारह रिकॉर्ड दर्ज किए। यह योग की दुनिया में पहली मिसाल है जब एक ही दिन में बारह विश्व रिकॉर्ड दर्ज किए गए हों।

एकता, अनुशासन और उद्देश्य की शक्ति के भव्य उत्सव में यह ऐतिहासिक उपलब्धि, अक्षर योग केन्द्र के संस्थापक एवं आध्यात्मिक प्रमुख हिमालयन सिद्ध अक्षर के दूरदर्शी नेतृत्व में बेंगलुरु में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में हासिल की गई। बेलि मठ, कर्नाटक के डॉ. शिवरुद्र महास्वामी की इस अभूतपूर्व रिकॉर्ड-बनाने के समारोह में ताइवान, मलेशिया, हांगकांग, इटली, यूएसए, यूके, दुबई, साइप्रस और सिंगापुर



सहित 30 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक योगाभ्यासियों ने भाग लिया। इस विविध आयोजन में भारतीय सेना, वायुसेना, कर्नाटक राज्य पुलिस, एनसीसी कैडेट्स, दिव्यांगों, अनाथालयों के बच्चों, कॉरपोरेट जगत के सदस्य तथा अंतरराष्ट्रीय योग समुदाय के सदस्य भी सम्मिलित हुए। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा योग संस्थान श्रेणी में मान्यता प्राप्त यह संस्था अक्षर योग केंद्र, प्राचीन परंपरा को आधुनिक युग से जोड़ने वाले विशाल योग अभियानों का नेतृत्व करता रहा है। हिमालयन सिद्ध अक्षर ने इस अवसर पर कहा यह प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरित करता है कि वह अपने जीवन में एक उच्च लक्ष्य निर्धारित करे और उसे पूर्ण निष्ठा एवं तपस्या के साथ प्राप्त करे। ये सारे कीर्तिमान मानवीय संकल्प शक्ति की असीम क्षमता को दर्शाते हैं। इस वैश्विक आंदोलन के माध्यम से, हम योग के प्राचीन ज्ञान का आदरपूर्वक सम्मान करते हैं । सभी प्रतिभागियों ने इस श्रृंखला में, मूलभूत विभिन्न आसनों को निर्धारित समय तक लगातार धारण किया। ये चयनित योगासन स्वास्थ्य, ऊर्जा और आंतरिक रूपांतरण के विविध पहलुओं का प्रतीक थे। यह कार्यक्रम अक्षर योग केंद्र के विश्वव्यापी नेटवर्क में कई सप्ताह के अनुशासित प्रशिक्षण और वैश्विक समन्वय का समापन था। वर्तमान में 80 से अधिक देशों में ऑनलाइन-ऑफलाइन पहुंच से, 2 करोड़ से अधिक योग साधक और 50,000 से अधिक प्रमाणित शिक्षकों के साथ, अक्षर योग केन्द्र अपने सुव्यवस्थित, समावेशी दृष्टिकोण के साथ निरंतर योग के अंतरराष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है। स्थापित किए गए 12 गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड आज भारत की जीवंत आध्यात्मिक धरोहर और अक्षर योग केन्द्र के निष्ठापूर्ण समर्पण के प्रमाण हैं। गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड हेतु दर्ज किए गए आसनों में अधो मुख श्वानासन, उत्कटासन, भद्रासन, उभय पदांगुष्ठासन, गरुड़ासन, शलभासन, वीरभद्रासन, एक पाद पादांगुष्ठासन, एक पाद राजकपोतासन, सर्वांगसन, सेतु बंध सर्वांगसन व वीरभद्रासन शामिल हैं। इससे पहले भी विगत वर्षों में अक्षर योग केंद्र नौ गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज करवा चुका है। जिनकी कुल संख्या 21 है।

# देखते-देखते खुद कहानी में शामिल होना : हितेश भारद्वाज की 'आहट' से 'आमी डाकिनी' तक की यात्रा

**चंडीगढ़।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का नया शो 'आमी डाकिनी' अपनी रोमांचक कहानी और अप्रत्याशित मोड़ों के कारण पहले ही दर्शकों को आकर्षित कर रहा है। कोलकाता की खूबसूरत पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो चैनल की गूढ़ और रोमांचकारी कहानियों की वापसी का प्रतीक है – बिल्कुल वैसी ही रहस्यमयी अनुभूति जो एक समय पर उनके प्रतिष्ठित शो 'आहट' की पहचान थी। इस शो में हितेश भारद्वाज आयान की भूमिका में, शीन दास डाकिनी के रूप में और राची शर्मा एक महत्वपूर्ण किरदार में नजर आ रही हैं। अपने उत्साह को साझा करते हुए हितेश भारद्वाज कहते हैं, ÷'आहट' बचपन की एक आदत थी। उसकी खामोशी और अचानक आने वाली सिहरन में कुछ ऐसा था जो मुझे अपनी ओर खींचता था। डर लगता था, लेकिन देखना बंद नहीं कर सकता था। वे यह भी कहते हैं कि, मुझे याद है कि मैं इसे अपने कजिन्स के साथ देखता था – हम सब एक कंबल के नीचे दुबककर बहादुरी का दिखावा करते, लेकिन हर छोटी आवाज़ पर चौंक जाते थे। वो यादें आज भी ताजा हैं।

वे आगे कहते हैं, अब उस दुनिया का हिस्सा बनना, जिसमें वही रहस्य और ऊर्जा हो, एक सपना सच होने जैसा है। मैं उस बच्चे से, जो सोफे पर बैठकर डरते हुए शो देखता था, अब उस शो का हिस्सा बन गया हूं। यह सिर्फ एक भूमिका नहीं है–यह मेरे लिए व्यक्तिगत है। मेरा किरदार 'आयान' एक गहराई भरा इंसान है, जो तर्क और भावना, लॉजिक और विश्वास के बीच फंसा हुआ है। उसे निभाना मतलब उन डरावने पहलुओं से जूझना, जो दिखते नहीं–जैसे भावनात्मक डर, अंदरूनी संघर्ष। और यही उसे असल बनाता है।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री वड्डे शोभनद्रीश्वर राव का सीएम चंद्रबाबू पर तीखा हमला, कहा-**

# 1.5 लाख करोड़ का कर्ज, लेकिन किसानों को समर्थन मूल्य नहीं

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**विजयवाडा।** राज्य में तेलुगु देशम, बीजेपी,जन सेना , की गठबंधन के ट्रिपल इंजन सरकार एक साल के शासन में एक भी फसल को समर्थन मूल्य नहीं दे पाया।

प्रेस से चर्चा करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री वडी शोभनदेश्वर राव ने बताया कि पिछली सरकार पर कर्ज लेने का आरोप लगाने वाले चंद्रबाबू व नारायण राव... पूर्व मंत्री वड्डे शोभनद्रिश्वर राव ने जवाब मांगा कि सत्ता में आने के पहले साल में ही उन्होंने 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का भारी कर्ज क्यों लिया है। आज वे विजयवाड़ा प्रेस क्लब में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, सीएम चंद्रबाबू लोकतांत्रिक. व्यक्तीत्व नहीं हैं। वह जो उनके दिल मेंऔर उनको फायदे में आता है, वही करते हैं। इस सरकार ने राजधानी में हैप्पी नेस्ट पर जो ध्यान दिया है, वह टिडको घरों पर नहीं दिया जा रहा है। जितना इसके पहले जगनमोहन रेड्डी की सरकार ने गरीबों के आम आदमी के हित में जितना सरकार ध्यान दिया उसमें 10 प्रतिशत भीउनकी नजर नहीं दिखती यह प्रजातांत्रिक सिद्धांत नहीं है कहा ।

चंद्रबाबू और शहरी विकास मंत्री नारायण गरीबों के बारे में क्यों नहीं सोच रहे हैं? . चुनाव से पहले चंद्रबाबू द्वारा वादा किया गया अन्नदाता सुखीभव योजना कब शुरू होगी? सीएम बनने के बाद खरीफ और रबी का मौसम खत्म हो गया है। खरीफ फिर से शुरू हो गया है। ÷ अन्नदाता सुखीभव योजना के तहत सहायता कब प्रदान की जाएगी ..?

चंद्रबाबू, जिन्होंने कृषि कनेक्शन के लिए खेत सरकार द्वारायोजना लागू करने के पहले स्मार्ट मीटर का स्वयं बाप बेटे ने विरोध किया था सबवे स्मार्ट मीटर लगाने का आह्वान करना हास्यास्पद है?, वे आज स्मार्ट मीटर कैसे लगा रहे हैं?

छोटे किसानों के लिए



व्यापक कानून का क्या हुआ? जलासिरी पदक कहाँ है? गठबंधन के एक साल के शासन के दौरान एक भी फसल को लाभकारी मूल्य नहीं मिला है। राज्य में यूरिया की कमी है। सरकार को पाम ऑयल की खेती को बढ़ावा देना चाहिए। राज्य की एकमात्र ऑयल फार्म कंपनी का निजीकरण करना चंद्रबाबू की सरकार की बड़ी गलती है। यदि पोलावरम परियोजना की ऊंचाई कम की जाती है, तो उत्तराखंड के जिलों को गंभीर नुकसान होगा।

ऐसा होगा। मोदी सरकार पर दबाव डाला जाना चाहिए, जिसे चंद्रबाबू का समर्थन प्राप्त है, कि पोलावरम परियोजना को 150 फीट से कम की ऊंचाई पर न बनाया जाए। आरएंडआर पैकेज दिया जाना चाहिए। विशाखापत्तनम स्टील के लिए कोयला और लौह अयस्क खदानें आवंटित की जानी चाहिए। चाहे हम बनकाचार्ला लिफ्ट सिंचाई के बारे में कितना भी कहें, यह सही नहीं है कि चंद्रबाबू नहीं सुनेंगे, वड्डे शोभनद्रिस्वरा ने कहा। राव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वाईएस जगन ने गरीबों के लिए अच्छा काम किया है, इसलिए लोग आ रहे हैं।

वड्डे शोभनद्रीश्वर राव ने कहा, ÷जब प्रधानमंत्री राज्य में आते हैं, तो चंद्रबाबू नायडू लोगों को इकट्ठा करने के लिए हजारों बसों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन वाईएसआरसीपी प्रमुख और पूर्व सीएम वाईएस जगनमोहन रेड्डी जहां भी जाते हैं, लोग बड़ी संख्या में उमड़ पड़ते हैं। वाईएस जगन ने डीबीटी के जरिए गरीबों का भला किया है। यही वजह है कि लोग उनसे प्यार करते हैं।

# पंजाब विधानसभा के स्पीकर ने धर्मशाला में सीपीए इंडिया रीजन जोन-2 की वार्षिक कॉन्फ्रेंस में लिया भाग

संधवां ने बेहतर विकास के लिए राज्य के संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन हेतु विधायी कमेटीयों की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 जून।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा, धर्मशाला के तपोवन में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन ज़ोन-2 की कॉन्फ्रेंस के पहले दिन पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के संसाधनों के सफल और प्रभावशाली प्रबंधन के लिए विधानक कमेटीयों की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ये कमेटीयां नैतिकता और पारदर्शिता के आधार पर राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

यह कॉन्फ्रेंस लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के नेतृत्व में प्रारंभ हुई। इस अवसर पर स्पीकर संधवां ने श्री गुरु तेग बहादर जी की निःस्वार्थ शहादत को याद करते हुए कहा कि उन्होंने मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की बेमिसाल कुर्बानी ने सदियों पहले पंजाब में धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे की मजबूत नींव रखी थी।

स संधवां ने भारत के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों से अपील की कि नवंबर माह में श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहादत दिवस को पूरे देश में सामूहिक रूप से मनाने के लिए सभी राज्यों की संसदों और विधानसभाओं की ओर से मिलकर प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह प्रयास मानवता के संदेश को पूरी दुनिया में फैलाने में सहायक सिद्ध होगा।

# वित्तमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के साथ मीटिंग के पश्चात रेजिडेंट डॉक्टरों ने की हड़ताल समाप्त

पंजाब सरकार ने रेजिडेंट डॉक्टरों की मांगे की स्वीकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 जून।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह और 'फोरम ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स ऑफ पंजाब' के प्रतिनिधियों के बीच आज लगभग दो घंटे तक चली बैठक सफलतापूर्वक समाप्त हुई।

इस बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त आलोक शेखर, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमार राहुल, व्यय सचिव वी. एन. जादे और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. अवनीश कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रेजिडेंट डॉक्टरों द्वारा उठाई गई मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया।

इस विस्तृत बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने पंजाब के रेजिडेंट डॉक्टरों के फोरम द्वारा रखी गई मांगों को स्वीकार करते हुए अपनी सहमति दी।

इस सकारात्मक परिणाम के बाद फोरम के प्रतिनिधियों ने अपनी प्रस्तावित हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की, जिससे राज्य भर में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से जारी रहेंगी।

इस अवसर पर मंत्रियों ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने हमेशा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े पेशेवरों और जनता, दोनों के हित को प्राथमिकता दी है और सरकार एवं चिकित्सा समुदाय के बीच सहयोगपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए हैं।

'फोरम ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स ऑफ पंजाब' के प्रतिनिधिमंडल में डॉ. रमनदीप सिंह (प्रधान, आर.डी.ए. पटियाला), डॉ. अक्षय सेठ (मुख्य संरक्षक, आर.डी.ए. पटियाला), डॉ. गुरभगत सिंह (महासचिव), डॉ. मिलान (सलाहकार), डॉ. मेहताब सिंह बल (प्रेस सचिव) और कार्यकारी सदस्य डॉ. गुरजीत सिंह एवं डॉ. दरशदीप सिंह शामिल थे।

# पटियाला में एनकाउंटर के बाद गैंगस्टर बब्बू गिरफ्तार

## पुलिस पर की थी फायरिंग; 6 पिस्तौल, 36 कारतूस और चोरी का स्कूटर बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटियाला, 30 जून।** पटियाला पुलिस ने आज शाम गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ बब्बू को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया। एनकाउंटर में उसके पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे कस्टडी में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। आरोपी पटियाला के गांव नन्हेरा का रहने वाला है।

एसएसपी वरुण शर्मा के मुताबिक, बब्बू के खिलाफ पहले से लूट, चोरी और अवैध हथियारों से जुड़ी 5 एफआईआर दर्ज हैं। हाल ही में उसने एक बैंक से सुरक्षा गार्ड का हथियार छीनकर लूट की वारदात को भी अंजाम दिया था।

पुलिस ने उसके कब्जे से 6 पिस्तौल, 36 जिंदा कारतूस और एक चोरी का स्कूटर बरामद किया है। एसएसपी ने बताया कि बब्बू एक सक्रिय गैंग का हिस्सा है और लंबे समय से अपराध में लिप्त था। पुलिस अब उससे पूछताछ कर उसके नेटवर्क और बाकी साथियों की जानकारी जुटा रही है।

### अवैध पिस्तौल से गैंगस्टर ने किए पुलिस टीम पर 3 फायर

एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि आज सीआईए स्टाफ इंचार्ज प्रदीप बाजवा को सरहिंद रोड पटियाला पर गैंगस्टर की गतिविधियों के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। जब आरोपी अपने यूएस बेस्ड हैंडलर करण यूएसए से पार्सल के रूप में .30 बोर की अमेरिकन पिस्तौल लेकर वापस आ रहा था तो सरहिंद रोड पर एक स्थान पर पुलिस ने उसे रोक लिया।

### पुलिस की गाड़ी पर लगी गोली

गैंगस्टर ने अवैध पिस्तौल से पुलिस पार्टी पर 3 राउंड फायर किए और एक राउंड सीआईए टीम द्वारा इस्तेमाल की जा रही गाड़ी में लगी, लेकिन मुठभेड़ के दौरान पुलिस पार्टी ने जवाबी कार्रवाई के दौरान कुछ राउंड फायर किए और उसकी एक गोली गैंगस्टर के पैर में लगी। जिसके बाद उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।

### मेडिकल के लिए गैंगस्टर को पुलिस ने अस्पताल भेजा

स्स्क्रशर्मा मुताबिक गैंगस्टर बब्बू को मेडिकल के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस को सूचना थी कि गैंगस्टर हथियार का इस्तेमाल करके वह कोई बड़ी वारदात या टारगेट किलिंग कर सकता है। आरोपी से पिस्तौल ग्रेटा .30 बोर, मेड इन यूएसए, देसी .32 बोर पिस्तौल, देसी .32 बोर रिवाल्वर, देसी (देसी कट) 315 बोर, देसी (देसी कट), 315 बोर, देसी (देसी कट), 22 बोर समेत 36 जिंदा कारतूस मिले है। आरोपी ने पटियाला के त्रिपड़ी इलाके से एक स्कूटर भी चोरी किया है जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

# क्या नक्शे के मुताबिक बेसमेंट का नहीं चल रहा निर्माण, बेसमेंट खोदते वक्त सरकारी सड़क की मिट्टी निकली, बड़ा हादसा टला

ईओ ने कहा ,टेक्निकल टीम मौके पर भेजेंगे, गलत हुआ तो होगी कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/केके



बेसमेंट निमार्ण के दौरान सरकारी सड़क की निकली मिट्टी



ईओ चरणजीत सिंह



पार्षद, सुखमनजीत सिंह

**खन्ना, 30 जून।** खन्ना के सरकारी कन्या स्कूल के सामने वार्ड नंबर 11 में चल रहे एक बिल्डिंग के निर्माण के दौरान उस समय एक बड़ा हादसा टल गया जिस वक्त उक्त बिल्डिंग के बेसमेंट की खुदाई का काम चल रहा था तो उसी वक्त वार्ड की सरकारी सड़क की नीचे की मिट्टी निकल गई, गनीमत रही की गाड़ियों का ज्यादा आना जाना नही था, सामने लड़कियों का सरकारी स्कूल भी है , वरना कुछ भी हो सकता था, शहर में बिल्डिंग का काम नक्शे के मुताबिक चल रहा है यह देखना किसका काम है, नगर कौंसिल खन्ना में एमई, जेई बिल्डिंग ब्रांच की इंचार्ज मैडम शिखा व उनकी टीम मौजूद है, क्या इन लोगों का काम सिरफ शहर की बिल्डिंग के नक्शे पास करना है।

बिल्डिंग नक्शे के मुताबिक बन रही है या नही यह देखना भी इनका काम है, अगर बड़ा हादसा हो जाता तो जिम्मेदार कौन होता, इस बात का खुलासा खन्ना अआम आदमी पार्टी के पार्षद सुखमनजीत सिंह ने किया, उन्होंने बताया कि इस निर्माण की शिकायत कौसिंल में की गई थी परन्तु कोई सख्त कार्यवाही नही हुई, अगर कार्यवाही की होती तो आज यह हादसा ना होता।

पार्षद ने बताया कि एसा लग रहा कि उक्त व्यक्ति नकशे के मुताबिक निर्माण नहीं कर रहा, क्योंकि अगर नक्शे के मुताबिक निर्माण होता तो यह हदासा सायद ना होता , उन्होंने बताया कि जब विभाग बेसमेंट का नक्शा पास करता है तो उसे पता होता है की कितनी जमीन की खुदाई की जा सकती है, नक्शे में उसकी संख्या लिखी होती है कि अआप कितने फूट खुदाई कर सकते है, देखने से ऐसा लग रहा है कि उक्त व्यक्ति ने नक्शे में लिखी संख्या के मुताबिक खुदाई नहीं की, जिससे यह हादसा हुआ, दूसरा उसने बेसमेंट की लंबाई भी नकशे में मुताबिक नहीं की, इसकी जांच होनी चाहिए, क्या गलत क्या सही, लोगों के सामने आना चाहिए, पार्षद ने कहा लोग घबराए हुए हैं अगर सड़क इसी तरह मिट्टी निकलती रही तो जानी- माली नुकसान भी हो सकता है।

इस संबंध में जब हमने ईओ चरणजीत सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि हम अपनी टेक्निकल टीम मौके पर भेजेंगे, अगर कुछ गलत हुआ तो कार्रवाई जरूर होगी।

# अवैध निर्माणों को लेकर डिप्टी कमिश्नर मोहाली ने अपनाया सख्त रवैया

नगर कौंसिल जीरकपुर से मांगी पिछले 6 महीने की विस्तृत रिपोर्ट

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 30 जून।** जीरकपुर शहर में हो रहे अवैध निर्माणों को लेकर अब डिप्टी कमिश्नर मोहाली ने सख्त रुख अपनाया हुआ है क्योंकि जीरकपुर में हो रहे अवैध निर्माण आजकल चर्चा का विषय बने हुए हैं। जिसके चलते पिछले दिनों डिप्टी कमिश्नर मोहाली द्वारा नगर परिषद जीरकपुर को एक पत्र जारी करके पिछले 6 महीने की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। जिसमें उन्होंने मांगा है कि अवैध निर्माण संबंधी नगर परिषद द्वारा कितने लोगों पर और क्या-क्या कार्यवाही की है।

इस पत्र के आने के बाद नगर परिषद के अधिकारी जानकारी जुटाना में लगे हुए हैं और विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जो रिपोर्ट डिप्टी कमिश्नर मोहाली को भेजी जा रही है उसके अनुसार नगर परिषद द्वारा पिछले 6 महीने में 87 नोटिस जारी किए गए हैं, 25 केस अदालत में ले जाए गए हैं, अदालत में छुट्टियां होने के कारण 19 कैसे पेंडिंग पड़े हुए हैं, 18 इमारत को सील किया गया है और 11 अवैध निर्माणों को तोड़ा गया है। जिक्र योग्य है कि जीरकपुर शहर में जगह-जगह पर अवैध निर्माण किए जा रहे हैं और लोगों द्वारा कोठियों के नक्शे बनाकर अवैध रूप से फ्लैट बनाए जा रहे हैं और बनाई भी जा चुके हैं लेकिन पिछले 6 महीने में 160 निर्माण पर ही कार्रवाई की गई है।

# अमृतसर में नशा तस्कर की प्रॉपर्टी पर चला बुलडोजर: अब तक 8 की संपत्तियां ढहाई, पुलिस कमिश्नर बोले-जो नशा बेचेंगे, उनकी जमीन भी नहीं बचेगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 30 जून।** पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुआई में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत सोमवार को अमृतसर में एक बड़ी कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने थाना मजीठा रोड क्षेत्र के नवी आबादी इलाके में कुख्यात नशा तस्कर राकेश उर्फ केशी की अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलाकर मकान गिरा दिया।

राकेश के खिलाफ अब तक 6 आपराधिक केस दर्ज हैं, जिनमें 4 एनडीपीएस एक्ट, 1 आबकारी एक्ट, और 1 लूटपाट व अन्य अपराधों से जुड़ा मामला शामिल है। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई उस अवैध संपत्ति पर की गई है, जिसे केशी ने नशे के धंधे से कमाई गई रकम से खड़ा किया था।

अधिकारियों के मुताबिक, केशी लंबे समय से अमृतसर में नशा तस्करी का नेटवर्क चला रहा था और उसके खिलाफ पहले से ही निगरानी रखी जा रही थी। यह कार्रवाई सरकार की उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत नशे से जुड़े अपराधियों की अवैध संपत्तियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में इसी तरह की और भी कार्रवाइयां की जाएंगी, ताकि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

### पुलिस कमिश्नर बोले- कोई नरमी नहीं बरती जाएगी

पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर खुद मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि जो लोग समाज में नशा रूपी जहर घोल रहे हैं, उनके साथ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा तस्करों की संपत्ति नष्ट करना अब एक नियमित प्रक्रिया बन चुकी है और कानून के शिकंजे से कोई भी नहीं बच पाएगा।

### अमृतसर कमिश्नरेट की तरफ से 8 नशा तस्करों पर कार्रवाई

कमिश्नर भुल्लर ने यह भी जानकारी दी कि इससे पहले अमृतसर शहर में 8 अन्य नशा तस्करों की संपत्तियां गिराई जा चुकी हैं। पुलिस का कहना है कि नशे के धंधे में शामिल लोगों को जेल भेजने के साथ-साथ अब उनकी अवैध कमाई से बनाई गई संपत्तियों को भी निशाना बनाया जा रहा है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा नशा पीड़ितों के इलाज की भी व्यवस्था की जा रही है ताकि युवा वर्ग को नशे के चंगुल से बाहर निकाला जा सके। भुल्लर ने जनता से अपील की कि यदि किसी को नशा तस्करों के बारे में जानकारी हो, तो वह पुलिस को बताएं। पुलिस सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखेगी और ऐसे एक्शन लिए जाएंगे कि आने वाली पीढ़ियां भी इन कार्रवाइयों को याद रखेंगी।

# अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने खाली प्लाटों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश किए जारी

डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया रोगों की रोकथाम के लिए जनहित में लिया गया निर्णय

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**लुधियाना/जगराओं 30 जून।** अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट लुधियाना राकेश कुमार, पीसीएस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला लुधियाना की सीमा के भीतर निजी या सरकारी स्वामित्व वाले खाली प्लाटों में कूड़ा, गंदगी और सीवेज के जमा होने से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए हैं।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के संज्ञान में आया है कि लुधियाना जिले में विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग व्यक्तियों के स्वामित्व वाले खाली प्लाटों में कूड़ा, गंदगी और गंदा पानी जमा होता रहता है, जिसके कारण विभिन्न प्रकार के हानिकारक जीव पैदा होते हैं जो विभिन्न प्रकार की बीमारियां (जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि) फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार ये बीमारियां शहरवासियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर एवं जानलेवा खतरा हैं, ऐसे में इन बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए इन खाली प्लाटों की सफाई करवाना आवश्यक है।

उन्होंने अपने आदेशों में आगे कहा कि शहर में खाली प्लाटों के मालिक/कब्जाधारी अपने खाली प्लाटों में जमा कूड़े के ढेर, गंदगी एवं रुके हुए बरसाती पानी की तुरंत सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे तथा भविष्य में इन ढेरों को अपने प्लाटों में लगने से रोकने के लिए कदम उठाएंगे। इस उद्देश्य से यह सुनिश्चित किया जाए कि मालिक के स्वामित्व वाले/कब्जा वाले खाली प्लाट के चारों ओर पक्की बाड़ या तार लगाई जाए अथवा प्लाट में कूड़ा-कचरा जमा होने से रोका जाए। इसी प्रकार, सरकार के स्वामित्व वाले या कब्जे वाले खाली प्लाटों की सफाई की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के मुखिया की होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया 10 जुलाई तक जल्द से जल्द पूरी कर ली जाए। आयुक्त नगर निगम लुधियाना तथा अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास) अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जारी इन आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करेंगे, जो पंजाब नगर निगम अधिनियम, 1976, पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम, 1986 तथा नगर निगम ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन एवं हैंडलिंग) नियम, 2016 के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं के खिलाफ उक्त नियमों के अनुसार जन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया जाए तथा कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, यदि 10 जुलाई, 2025 के बाद नगर निगम या नगर परिषद/पंचायत द्वारा प्लाट की सफाई का कार्य करवाया जाता है, तो सफाई खर्च की वसूली प्लाट के कब्जाधारक/ मालिक से की जाए।

# सरपंचों, नंबरदारों और पार्षदों को आवेदनों के ऑनलाइन सत्यापन के लिए विशेष प्रशिक्षण

नागरिक सेवाओं से संबंधित कई आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन होगा, काम होगा आसान

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**लुधियाना, 30 जून।** डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने आज सरपंचों, नंबरदारों और नगर पार्षदों (एमसी) की ई-सेवाओं के ऑनलाइन सत्यापन की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ज) रोहित गुप्ता ने बताया कि पंजाब सरकार के निर्देशानुसार सरपंच, नंबरदार और नगर पार्षद (एमसी) विभिन्न प्रमाण पत्रों के लिए आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल से नागरिकों के लिए सरपंचों, नंबरदारों और एमसी से हस्ताक्षर प्राप्त करने की प्रक्रिया और आसान हो जाएगी और लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि अब रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति (एससी, बीसी/ओबीसी) प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र तथा वृद्धावस्था पेंशन प्रमाण पत्र जैसी सर्वाधिक मांग वाली सेवाएं संबंधित सरपंच, नंबरदार तथा एमसी के पास सत्यापन के लिए ऑनलाइन जाएंगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच तथा नंबरदार इन आवेदनों का सत्यापन करेंगे, जबकि शहरी क्षेत्रों में पार्षद सत्यापन करेंगे। इस परियोजना के शुरू होने से पटवारी ऑनलाइन आवेदनों को सत्यापन के लिए सरपंच, नंबरदार या एमसी के पास भेजेंगे। उन्होंने बताया कि अब सरपंच, नंबरदार तथा पार्षद अपने गांव/वार्ड में रहने वाले व्यक्ति के आवेदन को ई-सेवा पोर्टल/व्हाट्सएप चैट-बॉट नंबर- 9855501076 के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से न केवल सरपंच, नंबरदार या पार्षद का समय बचेगा, बल्कि नागरिकों को भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि प्रमाण पत्रों के ऑनलाइन सत्यापन से लोग घर बैठे ही प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

# टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर फाउंडेशन, आईआईटी रोपड़ ने आधिकारिक तौर पर स्विच इंडिया हैकथॉन 2025 किया लॉन्च

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रोपड़ , 30 जून।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ में टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर फाउंडेशन (टीबीआईएफ) ने स्विच इंडिया हैकथॉन 2025 के आधिकारिक लॉन्च की घोषणा की, जो भारत के सबसे होनहार डीप-टेक इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स की पहचान करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए बनाया गया एक राष्ट्रीय मंच है।

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के उदार समर्थन और स्विच सिंगापुर के सहयोग से आयोजित इस पहल का उद्देश्य भारतीय उद्यमियों को नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता दिखाने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करना है। स्विच इंडिया हैकथॉन 2025 एक संरचित बहुचरणीय प्रक्रिया का पालन करेगा, जो जून 2025 में शुरू होगा और अक्टूबर 2025 में समाप्त होगा। इसमें शामिल हैं- आवेदन के लिए आमंत्रण, स्क्रीनिंग और शॉर्टलिस्टिंग, अंतिम जूरी चयन, तैयारी और प्रचार और स्विच 2025 में प्रतिनिधित्व। क्षेत्रीय दौर, विशेषज्ञ मूल्यांकन और सलाह से जुड़ी एक कठोर राष्ट्रव्यापी प्रक्रिया के माध्यम से चयनित, आठ उच्च-संभावित स्टार्टअप स्विच इंडिया पैवेलियन 2025 का निर्माण करेंगे, जो 29-31 अक्टूबर, 2025 को मरीना बे सैंड्स, सिंगापुर में आयोजित होने वाले स्विच 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्टार्टअप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायोटेक, स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आदि जैसे क्षेत्रों में फैले होंगे। इसके अलावा, एक स्टार्टअप दुनिया की सबसे प्रमुख वैश्विक पिचिंग प्रतियोगिताओं में से एक, स्लिंगशॉट 2025 में वाइल्ड कार्ड एंट्री अर्जित करेगा। फाइनलिस्ट 2.1 मिलियन सिंगापुर डॉलर तक के स्टार्टअप एसजी अनुदान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, साथ ही उन्हें वेंचर कैपिटलिस्ट, कॉर्पोरेट लीडर और वैश्विक नवाचार नेटवर्क के साथ बेजोड़ संपर्क का अवसर भी मिलेगा।

### आईआईटी रोपड़ के निदेशक और टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर राजीव आहूजा ने इस पहल के पीछे अपना दृष्टिकोण साझा किया

'स्विच इंडिया हैकथॉन 2025 भारत की नवाचार क्षमता को वैश्विक अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक कदम आगे है। यह आईआईटी रोपड़ की प्रतिबद्धता और मिशन को दर्शाता है, जो अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए भारतीय उद्यमियों को सशक्त बनाता है और विश्व मंच पर उनकी क्षमताओं को प्रदर्शित करता है। हम इस पहल को प्रायोजित करने के लिए भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और नवाचार के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुल बनाने में उनके निरंतर समर्थन के लिए स्विच सिंगापुर को अपना हार्दिक धन्यवाद देते हैं।' श्री सत्यम सरमा, सीईओ, टीबीआईएफ - आईआईटी रोपड़ ने हैकाथॉन के गहरे उद्देश्य पर जोर दिया- स्विच इंडिया हैकाथॉन 2025 केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि स्टार्टअप्स को वास्तविक दुनिया की समस्याओं को बड़े पैमाने पर हल करने के लिए आवश्यक एक्सपोजर, आत्मविश्वास और नेटवर्क से लैस करने का एक राष्ट्रीय मिशन है। स्विच 2025 में इंडिया पैवेलियन से महत्वपूर्ण आर्थिक, रणनीतिक और ज्ञान-आधारित लाभ मिलने की उम्मीद है। भारतीय स्टार्टअप्स को वैश्विक बाजारों, अंतरराष्ट्रीय निवेशकों और नीति प्रभावितों से जोड़कर, कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च प्रभाव वाले वित्तपोषण, वैश्विक भागीदारी और निर्यात-आधारित विकास को उत्प्रेरित करना है। चयनित स्टार्टअप वैश्विक विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन और सिंगापुर के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तक सीधी पहुंच से लाभान्वित होंगे, जिससे उनके बड़े पैमाने पर आगे बढ़ने की यात्रा में सहायता मिलेगी।

### आईआईटी रोपड़ टीबीआईएफ के बारे में

2016 में स्थापित और भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की निधि टीबीआई योजना द्वारा समर्थित, आईआईटी रोपड़ में प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर फाउंडेशन नवाचार को बढ़ावा देने और एक जीवंत उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### स्विच के बारे में

सिंगापुर वीक ऑफ इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी (स्विच) एक प्रमुख वैश्विक मंच है - एंटरप्राइज सिंगापुर द्वारा आयोजित और प्रधानमंत्री कार्यालय के नेशनल रिसर्च फाउंडेशन सिंगापुर द्वारा समर्थित एक पहल जो वैश्विक-एशिया नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र से नेताओं, उद्यमियों, शोधकर्ताओं और निवेशकों को एक साथ लाती है। स्विच क्रॉस-सेक्टर सहयोग को बढ़ावा देता है और स्वास्थ्य सेवा, स्मार्ट सिटी, कनेक्टिविटी और टिकाऊ प्रौद्योगिकियों जैसे भविष्य के लिए तैयार डोमेन पर ध्यान केंद्रित करता है।

# सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक उत्सव व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण : शिव प्रताप शुक्ल

उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए विवेकाधीन कोष से 2 लाख रुपये देने की घोषणा की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 30 जून।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला स्थित अटल ऑडिटोरियम में राजकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय फेस्ट 'इरप्शन-2025 के समापन समारोह में भाग लिया।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति एक-दूसरे को समृद्ध कर सकते हैं और 'इरप्शन' जैसे उत्सव इस तालमेल को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने इस तरह के जीवंत, रचनात्मक और प्रेरक कार्यक्रम के आयोजन के लिए कॉलेज प्रबंधन और छात्र परिषद को बधाई दी और छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गई उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की।

राज्यपाल ने कहा कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने न केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, बल्कि अपने प्रदर्शन के माध्यम से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की झलक भी दिखाई है। उन्होंने विद्यार्थियों की कला और सांस्कृतिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी विवेकाधीन कोष से 2 लाख रुपये देने की घोषणा की।

उन्होंने इस कार्यक्रम को सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक उत्सव से कहीं बढ़कर प्रतिभा, दूरदर्शिता, आत्मविश्वास और सामूहिक चेतना का मंच बताया। उन्होंने कहा कि कक्षा से बाहर ऐसे आयोजन छात्रों को कला और संगीत से लेकर टीमवर्क और नेतृत्व तक अपने व्यक्तित्व के अन्य आयामों को विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं।

अपने राज्यव्यापी नशा विरोधी अभियान का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह प्रधानमंत्री से प्रेरित एक मिशन है उन्होंने युवाओं से नशे के प्रति सदैव सतर्क रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हिमाचल अपनी ईमानदारी और भोलेपन के लिए जाना जाता है, जिसका असामाजिक तत्व लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। हमें इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नशीली दवाओं के दुरुपयोग को खत्म करने के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने इस दिशा में योगदान के लिए आईजीएमसी में चिकित्सकों के संघ 'मेडीविजन' के समर्थन की भी सराहना की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेताओं को सम्मानित भी किया। इससे पहले, प्राचार्य डॉ. आशु गुप्ता ने राज्यपाल का स्वागत किया और कॉलेज की शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों का अवलोकन प्रस्तुत किया। एससीए अध्यक्ष डॉ. मुस्कान ने इरप्शन-2025 के बारे में जानकारी साझा की और महासचिव डॉ. वैदेही शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर आईजीएमसी की प्राचार्य डॉ. सीता ठाकुर, संकाय सदस्य, विभागाध्यक्ष और अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

### राजकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, शिमला के योगदान की सराहना की

राज्यपाल ने मौखिक स्वास्थ्य देखभाल सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'मुस्कान एक वैश्विक भाषा है और यह देखकर खुशी होती है कि आप सभी अनगिनत चेहरों पर सच्ची मुस्कान लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।' उन्होंने राजकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, शिमला के योगदान की सराहना की, जिसने अपने स्थापना वर्ष 1994 से अब तक कुशल एवं दक्ष दंत चिकित्सक तैयार किए हैं। उन्होंने बल देते हुए कहा कि दंत चिकित्सा शिक्षा केवल एक पेशा नहीं है, बल्कि सेवा, सहानुभूति और जिम्मेदारी का क्षेत्र है। उन्होंने युवा पेशेवरों से उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ अद्यतन रहने का भी आग्रह किया।

# केन्द्र ने प्रदेश की सड़कों के लिए 3667 करोड़ रूपये की वार्षिक योजना को दी स्वीकृति : विक्रमादित्य सिंह

जलोड़ी जोत में सुरंग निर्माण को 1452 करोड़ रूपये मंजूर ब्रोनी नाला में 135 करोड़ से बनेगा पुल

रक्षा मंत्री से भुभू जोत सुरंग निर्माण का मामला भी उठाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 30 जून।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रदेश में सड़कों, पुलों इत्यादि के निर्माण कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के 3667 करोड़ रूपये के प्रदेश सरकार की वार्षिक योजना को स्वीकृति प्रदान की है। इनमें प्रदेश के सभी जिलों में राष्ट्रीय उच्च मार्गों में पुलों के निर्माण, सड़कों के स्तरोन्नयन और क्रैश बैरियर निर्माण इत्यादि के कार्य शामिल हैं।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कुछ दिन पूर्व उन्होंने केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर प्रदेश के महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधीन 1200 किलोमीटर सड़कें हैं जिनके रख-रखाव एवं सुधार कार्यों के लिए केंद्र सरकार से महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान प्रदेश सरकार ने 2600 करोड़ रूपये की वार्षिक योजना स्वीकृति के लिए भेजी थी लेकिन प्रदेश को मात्र 269 करोड़ रूपये ही प्राप्त हुए थे जो काफी कम थे। प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 3667 करोड़ रूपये का वार्षिक योजना भेजी थी, जिसे जून माह में केंद्र सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि इस दौरान उन्होंने कुल्लू जिला के राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 में जलोड़ी जोत के नीचे सुरंग निर्माण का मामला भी उठाया जिसे केंद्र सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर 1452 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। उन्होंने कहा कि इस सुरंग निर्माण से जहां इस क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बल मिलेगा, वहीं इसका लाभ इस क्षेत्र के लाखों लोगों को प्राप्त होगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग संख्या पांच में ब्रौनी नाला में लगातार हो रहे भू-स्खलन के कारण सड़क को नुकसान हो रहा है। इस स्थान पर पुल निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 135 करोड़ रूपये स्वीकृत किये हैं। इसके अतिरिक्त काला आंब-पांवटा साहिब-देहरादून सड़क के 4 लेन निर्माण कार्य जिसमें भू-अधिग्रहण, निर्माण पूर्व गतिविधियां शामिल हैं के लिए भी केंद्र सरकार ने 1385 करोड़ रूपये स्वीकृत किये हैं।

विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश के लिए धनराशि स्वीकृत करने के लिए केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार के बीच समन्वय की स्थिति भविष्य में भी बनी रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार केंद्र के सहयोग से राज्य के प्रत्येक क्षेत्र का समग्र व संतुलित विकास सुनिश्चित बनाने की दिशा में निरन्तर कार्यरत है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि उन्होंने दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर मंडी व कुल्लू जिला को जोडने वाली भुभू जोत सुरंग एवं सड़क निर्माण का मामला भी उठाया।

# भांग की खेती वैध करने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददात

**शिमला, 30 जून।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जनशिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज यहां समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भांग की खेती वैध करने को लेकर नियमों पर विचार विमर्श किया गया। अगली बैठक आगामी दो सप्ताह में आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसमें उद्योग विभाग के अधिकारी भी शामिल होंगे।

बैठक में प्रधान सचिव आबकारी एवं कराधान देवेश कुमार, प्रधान सचिव विधि शरद कुमार लगवाल, विशेष सचिव आबकारी एवं कराधान हरबंस ब्रसकोन, अतिरिक्त आयुक्त आबकारी एवं कराधान डॉ. राजीव डोगरा व वरिष्ठ निजी सचिव तुलसी राम शर्मा उपस्थित रहे।

# बांध सुरक्षा अधिनियम के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें उपायुक्त : जगत सिंह नेगी

मानसून को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 30 जून।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जनशिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज यहां मानसून को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति, बिजली बोर्ड, एसडीआरएफ, राजस्व व अन्यों विभागों के अधिकारी शामिल हुए। जगत सिंह नेगी ने सभी विभागों से वर्तमान स्थिति की जानकारी हासिल करने के साथ-साथ जिला स्तर पर तैयारियों को लेकर समीक्षा की। बैठक में अवगत करवाया गया कि कांगड़ा, मंडी में भारी बारिश हो रही है और यहां हर तरह की पूरी तैयारी और मशीनरी तैनात की गई है। प्रदेश में बारिश-भूस्खलन के कारण बाधित 234 सड़कों को आज शाम तक बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक सभी नेशनल हाईवे यातायात के लिए सुचारू हैं।

बिजली बोर्ड के 968 ट्रांसफॉर्मर प्रभावित हैं और बिजली बहाली के प्रयास जारी हैं। जलशक्ति विभाग की 23 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं जिन्हें शीघ्र बहाल किया जाएगा ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। रामपुर के सरपारा में बाढ़ की घटना हुई है लेकिन इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

जगत सिंह नेगी ने निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में घटना होने पर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तुरंत प्रतिक्रिया दें। उन्होंने कहा कि मंडी, कुल्लू और कांगड़ा में बड़े बांध हैं, इसलिए तीनों जिलों के उपायुक्त कड़ी निगरानी रखें और नियमों की उल्लंघना पाए जाने पर बांध सुरक्षा अधिनियम (डैम सेफ्टी एक्ट) और आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि मौसम विभाग की चेतावनी को मद्देनजर रखते हुए पर्यटक अपना गंतव्य चुनें और नदी-नालों के आसपास न जाएं। वहीं सभी एसडीएम को भी सतर्क रहने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि एसडीआरएफ को बजट जारी किया जा चुका है। इसलिए पूरी तैयारी के साथ मशीनरी को तैनात रखें।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत, निदेशक एवं विशेष सचिव आपदा प्रबंधन डीसी राणा, एसपी एसडीआरएफ अर्जित सेन ठाकुर, अतिरिक्त सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन निशांत ठाकुर, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग नरेंद्र पाल सिंह, प्रमुख अभियंता जल शक्ति विभाग अंजु शर्मा व वरिष्ठ निजी सचिव तुलसी राम शर्मा उपस्थित रहे।

## डीसी ने जारी किया 2 जुलाई तक जिले में येलो अलर्ट

**कुल्लू, 30 जून (अप्रस)।** डीसी कुल्लू ने जानकारी दी कि कुल्लू जिले में 2 तारीख तक मौसम का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अतः कोई नदी नालों के नजदीक न जाए सभी ट्रैकिंग करने के इच्छुक लोग भी मौसम को ध्यान मे रखते हुए ट्रैकिंग तथा भ्रमण का प्लान बनाएं। उन्होंने कहा कि उप मंडल स्तर पर 11 से 12 सड़के बाधित हैं सैंज - रैला पुल को बहाल कर दिया गया है जिसकी सुरक्षा का परीक्षण किया जा रहा है। मनिहार के पास की सड़क को बहाल करने का कार्य चल रहा है। बिंदु ढांक कुल्लू - मनाली रोड पर बहाली का कार्य चल रहा है जो दोतरफा ट्रैफिक के लिए एक-दो दिन में तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बारिश से पानी की 100 से अधिक स्कीमें बाधित थी इन सभी को बहाल कर दिया गया है। 30 से अधिक ट्रांसफार्मर बाधित हुए थे जिनकी बहाली का कार्य तेज़ी से चल रहा है।

## चरस तस्करी के आरोपी को 8 वर्ष की कठोर कारावास की सजा

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 30 जून।** विशेष न्यायाधीश-प्रथम, कुल्लू, श्री प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एक आरोपी चुन्नी लाल पुत्र रिदु राम, निवासी गांव शरण, डाकघर नग्गर, तहसील एवं जिला कुल्लू, हि.प्र. को एन.डी.पी.एस. अधिनियम की धारा 20(बी)(ii)(बी) के तहत दोषी करार दिया है। अदालत ने उसे आठ वर्षों के कठोर कारावास और ?80,000/- (अस्सी हजार रुपए) के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने की स्थिति में दोषी को अतिरिक्त छह माह के साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

जिला न्यायवादी, कुल्लू कुलभूषण गौतम ने जानकारी दी कि दिनांक 17.05.2017 को लगभग 4.40 बजे सायं, पुलिस थाना भुंतर, जिला कुल्लू से एसआई विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस पार्टी टीसीपी बजौरा पर नाकाबंदी ड्यूटी पर मौजूद थी। इसी दौरान आरोपी एक सफेद रंग की ऑल्टो च-10 कार (पंजीकरण संख्या एचपी 66ए-2232) में एक महिला के साथ जो सह-चालक सीट पर थी के साथ आया। संदेह के आधार पर पुलिस ने कार की तलाशी ली, जिसमें कार के डैशबोर्ड से 980 ग्राम चरस बरामद हुई।

पुलिस द्वारा मामले की जांच की गई और जांच पूर्ण होने पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध अदालत में चालान प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई पूर्ण होने के उपरांत, विशेष न्यायाधीश-प्रथम, कुल्लू ने उपरोक्त आरोपी को दोषी ठहराया और उसे निर्धारित सजा व जुर्माना सुनाया।

कार में बैठी महिला आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 13 गवाहों की गवाही अदालत में करवाई गई।

# तमन्ना हेड गर्ल व नवनीत को चुना हेड ब्वाय

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मौवी सेरी में विधिवत चुनाव सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर 30 जून।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मौवीसेरी में आज हेड गर्ल और हेड ब्वाय का चुनाव आयोजित किया गया । हेड ब्वाय के लिए तीन बच्चों ने भाग लिया हेड गर्ल में चार बच्चियों ने भाग लिया। यह चुनाव बिल्कुल वैसे ही करवाए गए जैसे चुनाव आयोग करवाता है। प्रधानाचार्या पूनम महाजन द्वारा चुनाव की अधिसूचना जारी की गई उसके तुरंत बाद आचार संहिता लागू कर दी गई। नियमित समय पर बच्चों ने चुनाव के लिए आवेदन किया जिसमें तीन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर भी थे और शपथ भी की न तो नशा करूंगा न नशा करने दूंगा। साथ में बच्चों से ?10 सिक्योरिटी फीस के रूप में लिए गए। उसके बाद बच्चों को अपना नामांकन वापस लेने का समय भी दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने प्रातः कालीन सभा में बच्चों को एक नेता की तरह संबोधित किया। नियमित समय पर बैलट पेपर के साथ चुनाव आयोजित किए गए जिसमें बच्चों ने अपने पसंदीदा उम्मीदवार के ऊपर मोहर लगाकर चुनाव किया । स्कूल के हेड ब्वाय और हेड गर्ल को राउंड वाइस गिनती का परिणाम पूरे पाठशाला में सुनाया गया। चुनाव आयोजित करवाने के लिए पीठासीन अधिकारी पोलिंग ऑफिसर एक पोलिंग ऑफीसर दो प्रोजाइडिंग ऑफीसर के साथ दो ग्रीन पोलिंग बूथ का निर्माण किया गया। पाठशाला के सभी सदस्यों ने चुनाव को सफल बनाने के लिए पूरी ईमानदारी के साथ कार्य का निर्वाह किया। स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने सुरक्षा अधिकारी का काम किया। हेड ब्वाय के चुनाव में चेतन चौहान को 33 मत गुलशन कुमार को 10 मत नोटा को तीन मत दो वोट अमान्य और नवनीत ठाकुर को 64 मत प्राप्त हुए। वहीं हेड गर्ल के चुनाव में अमृता ठाकुर को 7 मत लक्ष्मी देवी को 31 मत नोटा को 4 मत अमान्य हुए 7 मत, कविता चौहान को 89 मत और तमन्ना कुमारी को 105 मत प्राप्त हुए इस तरह से तमन्ना कुमारी और नवनीत ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मौवीसेरी के हेड गर्ल और हेड बॉय चुने गए। उनसे उम्मीद है कि वह पाठशाला में बेहतरीन माहौल व अनुशासन बनाने में, सभी कार्यों को अच्छे तरीके से संपन्न करवाने में पाठशाला का पूरा सहयोग करेंगे। नेतृत्व की भावना को विकसित करते हुए शिक्षा ने अपने अंतिम लक्ष्य को यानि दैनिक जीवन में शिक्षा को ले जाने को उद्देश्य को प्राप्त कर लिया।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम एवं वीवीपैट भंडारण कक्ष का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू/केलांग, 30 जून।** को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल के भंडारण कक्ष का त्रैमासिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मशीनों के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अग्निशमन उपकरणों और लॉगबुक संधारण जैसी व्यवस्थाओं की विस्तार से जांच की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार निर्वाचन पवन कुमार भी निरीक्षण के समय उपस्थित रहे और उन्होंने व्यवस्थाओं से जुड़ी तकनीकी जानकारी प्रदान की और बताया कि सभी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सीलिंग और भंडारण नियमों के अनुरूप की गई है तथा परिसर में किसी भी प्रकार की अनधिकृत पहुँच को पूर्णतः प्रतिबंधित है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, प्रतिनिधियों ने भी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संतोष व्यक्त किया।

# बाढ़ में बह रहा बंजार और सरकार पर दशहरे की धुन सवार : शौरी

अब 1 जुलाई के बजाए 2 जुलाई को आयोजित की जा रही दशहरा कमेटी की बैठक

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 30 जून।** बरसात की पहली बौछार ने ही बंजार विधानसभा क्षेत्र की दुर्दशा उजागर कर दी है। पिछले एक हफ्ते में क्षेत्र ने बाढ़ और भूस्खलन की भीषण मार झेली है। रोज़ाना सड़कों के बंद होने की खबरें आम हो चुकी हैं

आज मंगलौर पुल धंसने की कगार पर है, वहीं फागू पुल की मजबूती पर भी सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। यह बात बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि

मुख्य सड़क मार्ग की दुर्गति बताती है कि अन्य मार्गों पर क्या स्थिति है। फल व्यवसाय के इस सीजन में इस सड़क की महता और भी ज़्यादा बढ़ जाती है। पर सरकार व विभाग आंखे मूँदे सो रहा है।

विधायक शौरी ने कहा कहा है की सरकार को बंजार के मुख्य सड़क मार्ग पर यातायात बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम त्वरित प्रभाव से उठाने चाहिए।

विधायक शौरी ने सरकार के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि जनजीवन अस्त-व्यस्त है, लोग संकट में हैं, और प्रशासन सरकार और सत्तासीन नेता इस समय अक्टूबर में होने वाले दशहरे की बैठकों के आयोजन में व्यस्त हैं। ऐसे समय में जब गांव-गांव में राहत व बचाव कार्यों की ज़रूरत है। तब सत्ता पक्ष के लोगों की प्राथमिकता इस सरकार की संवेदनशीलता को उजागर कर रही है।

क्या जनता की पीड़ा अब सिर्फ त्योहारों के बाद ही सुनी जाएगी? क्या पुल गिरें, रास्ते बंद हों और लोग खतरे में जान गंवाएं तब भी सरकार जश्न की योजना बनाएगी? 1 जुलाई को आयोजित होने वाली बैठक अब 2 जुलाई को आयोजित की जा रही व अधिकारियों को अनावश्यक कार्यों में लगाया जा रहा है। यह रवैया न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि शर्मनाक भी है।

बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने सरकार से मांग की है कि वह तात्कालिक प्रभाव से आपदा प्रबंधन के लिए विशेष टीमों का गठन करे, इंजीनियरिंग निरीक्षणों की निगरानी सुनिश्चित करे, और राहत कार्यों के लिए पर्याप्त संसाधन तुरंत मुहैया कराए।

### बन्जार-मंगलौर पुल एक बार फिर गिरने की कगार पर, सावधानी से यात्रा करे, अढ़ाई महीने बाद ही पुल की नींव गिर गई

**कुल्लू 30 जून (अप्रस)।** बन्जार-मंगलौर पुल की नींव फिर एक बार गिर गई है।, जिससे पुल गिरने का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने पुल पर हैवी वाहनों की आवाजाही रोक दी है। यह पुल कुल्लू-रामपुर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर स्थित है। 12 अप्रैल 2025 को पुराना पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद नए पुल का निर्माण किया गया था। अढ़ाई महीने बाद ही पुल की नींव गिर गई, जिससे पुल की सुरक्षा को खतरा हो गया है। तीर्थन नदी के बहाव को पुल की नींव झेल नहीं पाई है। पुल पर हैवी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। बंजार क्षेत्र की जनता को परेशान होना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग 305 की लापरवाही का खामियाजा बंजार क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए ज़िला प्रशासन प्रतिबद्ध

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 30 जून।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि भारी वर्षा के दृष्टिगत ज़िला प्रशासन राष्ट्रीय राजमार्गों सहित अन्य मार्गों पर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सम्बद्ध विभागों को इस दिशा में उचित निर्देश जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने आज राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 05 पर चक्की मोड़ का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिए कि चक्की मोड़ पर भारी वर्षा के कारण नियमित अंतराल पर हो रहे भू-स्खलन के दृष्टिगत यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए सभी ऐहतियाती उपाय अपनाए जाएं।

उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र भू-स्खलन की दृष्टि से संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यहां यातायात सुचारू है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिए कि वर्षा के समय इस स्थान पर यातायात अवरुद्ध होने से बचाने के लिए आवश्यक उपकरण एवं मशीनरी दिन-रात तैनात की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस स्थान पर नियमित अनुश्रवण किया जाए और खतरे की स्थिति में वाहनों को सुरक्षित स्थान पर रोक कर यातायात सुचारू बनाया जाए। मनमोहन शर्मा ने कहा कि यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने और आपात स्थिति में त्वरित सहायता के लिए चक्की मोड़ पर यातायात पुलिस की तैनाती की गई है। पुलिस जवान भी यहां दिन-रात तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि भू-स्खलन की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण वर्षा के समय यहां पहाड़ से मलबा इत्यादि गिरने की सम्भावना रहती है। इस स्थिति से निपटने के लिए हर समय तैयारी आवश्यक है।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि शीघ्र ही सेब सीजन में ट्रकों की आवाजाही भी बढ़ेगी। इसके दृष्टिगत ज़िला प्रशासन हर स्तर पर तैयार है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग सहित ज़िला के अन्य मार्गों पर पर्यटकों, स्थानीय निवासियों इत्यादि को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। लोक निर्माण विभाग को भी विभिन्न मार्गों पर आवश्यक मशीनरी की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं ताकि मार्ग अवरूद्ध होने की स्थिति में शीघ्र बहाली की जा सके।

चक्की मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 05 के निरीक्षण के समय अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन, उपमण्डलाधिकारी कसौली महेन्द्र प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक परवाणु मेहर पंवार सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं निर्माण कार्य में संलग्न कम्पनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# तेजस्वी यादव वक्फ बोर्ड को नहीं बल्कि संसद को चुनौती दे रहे : विज

ऊर्जा मंत्री अनिल विज की आम आदमी पार्टी नेता को खरी खरी, बोले 'चींटी चली पहाड़ तोड़ने', किसी के घर पर कब्जा करना क्या यह शिष्टाचार है

भाजपा गरीब लोगों के लिए काम कर रही है, उन्हें मकान दे रही है : विज



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 जून।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी नेता गोपाल राय की खूब खरी-खरी की और आम आदमी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि ÷चींटी चली पहाड़ तोड़ने, जबकि आम आदमी पार्टी की यही फितरत है लेकिन ज्यादा मत उछले÷। इसके अलावा, उन्होंने केजरीवाल को घेरते हुए कहा कि यदि कोर्ट के आदेश से कहीं कुछ हो रहा है तो उसका आरोप भाजपा पर नहीं थोपा जा सकता। केजरीवाल में हिम्मत है तो वह कोर्ट में जाकर लड़ें।

श्री विज आज पत्रकारों द्वारा आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय के बयान, कि प्रधानमंत्री के घर में घुसकर वह कब्जा करेंगे, के संदर्भ में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

बातचीत के दौरान श्री विज ने आम आदमी पार्टी को उनके जमीन दिखाते हुए कहा है कि 'क्या गोपाल राय है, क्या उनकी फितरत है, क्या यह उनका शिष्टाचार है कि किसी के घर में घुस कर कब्जा करेंगे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज विज चेतावनी भरे अंदाज में बोले कि वे मानते है कि उनकी (आम आदमी पार्टी) यही फितरत है लेकिन ज्यादा मत उछले'।

**तेजस्वी यादव वक्फ बोर्ड को नहीं बल्कि संसद को चुनौती दे रहे हैं:** आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के बयान कि सरकार में हिम्मत है तो वह वक्फ को छू कर दिखाएं, के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में तंज कसते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि 'वक्फ बोर्ड का संसद में एक्ट पास हो गया है, ऑनलाइन साइट बन गई और सब उस पर दर्ज हो रहा है। तेजस्वी यादव वक्फ बोर्ड को चुनौती नहीं दे रहे बल्कि वह संसद को चैलेंज कर रहे हैं, क्योंकि इन लोगों का देश की किसी भी संवैधानिक संस्था में विश्वास नहीं है। जबकि विधिवत नियम अनुसार संसद में वक्फ बोर्ड का बिल पास हुआ है।

**भाजपा गरीब लोगों के लिए काम कर रही है, उन्हें मकान दे रही है:** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि जिस दिन 40 लाख लोग सड़कों पर उतर गए, भाजपा को नानी याद आ जाएगी, के बारेमी पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए जिस पर तंज करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि उन्हें नहीं याद कि भाजपा ने कहीं पर भी कोई झुग्गी-झोंपड़ी तोड़ी हो। भाजपा तो गरीब लोगों के लिए काम कर रही है, उन्हें मकान दे रही है रेहडी वालों के लिए हर शहरों में बसाने के लिए पैसे मंजूर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोर्ट के आदेश से कहीं कुछ हो रहा है तो उसका आरोप भाजपा पर नहीं थोपा जा सकता। केजरीवाल में हिम्मत है तो वह कोर्ट में जाकर लड़ें।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का अधिकतम तीन कार्य दिवस में संबंधित अधिकारी करें निस्तारण : डीसी

उपायुक्त ने चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करने के दिए सख्त निर्देश

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार व उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में सोमवार व गुरुवार को जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। जिला स्तर पर सोमवार को पलवल स्थित लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने समाधान शिविर को संबोधित करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत का निपटारा अधिकतम तीन कार्यदिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि समस्याओं के शीघ्र समाधान से ही प्रशासन की कार्यकुशलता और संवेदनशीलता प्रमाणित होती है।

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने हाल ही में चाइनीज मांझे से संभावित दुर्घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए बताया कि चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूर्णतया॰ प्रतिबंध है और जो दुकानदार इसका उल्लंघन करते पाए जाएं, उनके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों के घर तक पहुंचाया जाए, ताकि लाभार्थियों को बार-बार विभाग भटकने की जरूरत न पड़े। उन्होंने बताया कि प्रशासन की योजनाएं तभी सफल होंगी जब वे ज़मीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचेंगी।

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि समाधान शिविर लोगों के समाधान का एक सशक्त माध्यम है, जिसके द्वारा आमजन अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रख सकते हैं। उन्होने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में समाधान शिविरों का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

समाधान शिविर में सोमवार को जिला व उपमंडल स्तर पर बिजली, पानी, सड?, फैमिली आईडी, पेंशन, अवैध अतिक्रमण व पुलिस सहित अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न शिकायतें आई। इनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान करवाया गया। वहीं लंबित रही शिकायतों पर उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने संज्ञान लेते हुए उनके जल्द समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को उन पर तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त जयदीप कुमार, एसडीएम ज्योति, नगराधीश अप्रतिम सिंह, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, जिला राजस्व अधिकारी बलराज दांगी व तहसीलदार प्रेमप्रकाश सहित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### डीसी साहब ने बुजुर्ग महिला को कुर्सी पर बिठाकर ध्यान से सुनकर किया समाधान

समाधान शिविर में बुजुर्गों को पूरा सम्मान देखने को मिला। जब एक 82 साल की वृद्ध महिला अपने बेटै के साथ शिकायत लेकर समाधान शिविर में पहुंची। डीसी साहब ने तुरंत महिला को कुर्सी पर बिठाने को कहा और उनकी समस्या को ध्यान से सुनी। इस नजारे को देख शिविर में पहुंचने अन्य वरिष्ठ नागरिक भाव विभोर दिखाई दिए। एक बुजुर्ग ने तो यहां तक कहा कि हमारे अफसर बहुत अच्छे हैं। पहली बार हमें इस तरह के अफसर मिले हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### निजीकरण के खिलाफ हजारों बिजली कर्मचारी करेंगे 9 जुलाई को हड़ताल : सुरेश राठी



**पलवल (दयाराम वशिष्ठ)।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के बेनर तले सोमवार को सर्कल स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सर्कल सचिव राजेश शर्मा की और संचालन राज्य सचिव सामून खान ने किया। कन्वेंशन में होडल, पलवल व नूंह (मेवात) यूनिटों के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कन्वेंशन में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ईईएफआई के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के राज्य प्रधान सुरेश राठी,उप प्रधान जितेन्द्र तेवतिया, संजीव ढांडा,सुदाम पाल,सरोज,सीसी सदस्य राजन वर्मा आदि वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के राज्य प्रधान सुरेश राठी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार बिजली डिस्कॉम सहित सभी पीएसयू को कोड़ियां के भाव में निजी हाथों में सौंप रही है। उन्होंने कहा कि निजीकरण हुआ तो बिजली किसान व गरीब की पहुंच से दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हजारों की तादाद में बिजली कर्मचारी निजीकरण के खिलाफ 9 जुलाई को हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ के अब उप्र सरकार ने पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्कॉम को निजी हाथों में सौंपने का फैसला किया है। जिसका विरोध करने के कारण विधुत कर्मचारी संयुक्त संधर्ष समिति उत्तर प्रदेश के तीन नेताओं के खिलाफ विजिलेंस ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसके खिलाफ 2 जुलाई को राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। एएचपीसी वर्कर यूनियन के उप प्रधान जितेन्द्र तेवतिया ने कहा कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए आगामी दिनों में सब डिवीजनों, डिवीजनों सर्कल, कंप्लेंट सेंटर व सब स्टेशन में कर्मचारियों से सीधा संवाद करने के लिए मीटिंग की जाएगी। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ईईएफआई के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए युनाइटेड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को एकतरफा लागू करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यूपीएस में कर्मचारी के वेतन से 10 प्रतिशत और सरकार के खजाने से 18.5 प्रतिशत प्रति माह कटौती होगी और यह इतनी बड़ी रकम पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रहेगा। यह रकम को प्राईवेट सेक्टर के हवाले किया जाएगा।

### धरती को स्वच्छ बनाने के लिए सभी को वृक्ष लगाने चाहिएः राजेश नागर



**पलवल (दयाराम वशिष्ठ)।** हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने आज भतोला में पौधरोपण में भागीदारी की। इसका आयोजन लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल द्वारा किया गया था। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि वृक्ष धरती के आभूषण हैं हमें इनकी संख्या निरन्तर बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि धरती पर स्वच्छ हवा के लिए वृक्षों का होना बहुत जरूरी है। इसलिए सभी को वृक्ष लगाते रहना चाहिए। जितना अधिक धरती पर हरियाली होगी उतना अधिक प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पर नियंत्रण होगा। नागर ने कहा कि हमारी सरकार भी स्वच्छ पर्यावरण के लिए कार्य कर रही है लेकिन इसमें सामाजिक संगठनों का सहयोग मिलता है तो वह सोने पर सुहागा हो जाता है। उन्होंने लायंस क्लब की कोशिश की प्रशंसा की। नागर ने कहा कि वृक्षों को अपने बच्चों के जैसे ही पाल पोसकर बड़ा करना चाहिए क्योंकि हम बेशक अपनी एक दो पीढ़ियों का ख्याल रख पाते हैं लेकिन वृक्ष सैकड़ों पीढ़ियों का भी ख्याल रख लेते हैं। वृक्ष लंबे चलते हैं और हमें फल, छाया और औषधि भी देते हैं। इस अवसर पर ओंकार सिंह रेनू डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, योगेश गुप्ता कैबिनेट सेक्रेटरी, राहुल सिंघल रीजनल चेयरमैन, सी एल जैन प्रेसिडेंट लायंस क्लब फरीदाबाद सेंट्रल, आरके गुप्ता प्रोजेक्ट चेयरमैन ट्री प्लांटेशन, अजय शर्मा सेक्रेटरी, संदीप गोयल कोषाध्यक्ष, काजल अरोड़ा जोनल प्रेसिडेंट, शिव अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सविता अग्रवाल, सीमा गोयल, अनिल अरोड़ा, प्रियंका गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# स्वच्छ जल, गड्ढा मुक्त सड़कों जैसी मूलभूत सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी : कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

फरीदाबाद में पीडब्ल्यूडी व जनस्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** हरियाणा सरकार में लोक निर्माण (भवन एवं सड़क) और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने सोमवार को फरीदाबाद स्थित पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मंत्री गंगवा ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को जनहित में पारदर्शिता व समयबद्धता से कार्य करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि लोक निर्माण और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी जैसे विभाग आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। इसलिए इन विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल, सुचारु सीवरेज व्यवस्था, और गड्ढा मुक्त सड़कों जैसी सुविधाएं प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

मंत्री गंगवा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाएं बनाकर उन्हें प्रभावी रूप से लागू करें और किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के समग्र व संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। अधिकारी निर्माण कार्यों के एस्टीमेट बनाकर समय पर भेजें और स्वीकृत धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित करें।

उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि – चाहे वे विधायक हों, पार्षद, सरपंच या अन्य जनप्रतिनिधि – द्वारा सुझाए गए कार्यों को प्राथमिकता दी जाए और संबंधित अधिकारी उनके फोन कॉल्स को गंभीरता से लें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान मंत्री गंगवा ने जिले में सड़कों, भवन निर्माण, पेयजल आपूर्ति और सीवरेज प्रणाली से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई करने और निर्धारित समयसीमा में समाधान सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए।

# डीएवी स्कूल में मेंटल हेल्थ एंड वैलनेस विषय पर हुआ सेमिनार

अर्थ प्रकाश/ रवि पहुजा

अम्बाला /बराड़ा । डी ए वी स्कूल बराड़ा में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत 'प्रमोटिंग मेंटल हेल्थ एंड वैलनेस विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका प्रारंभ यज्ञ के साथ हुआ ताकि यज्ञ द्वारा बच्चों के अंदर शारीरिक तथा मानसिक एकाग्रता को विकसित किया जाए। इसके मुख्य ब्रह्मा धर्मेंद्र शास्त्री यमुनानगर रहे और प्रमुख यजमान की भूमिका विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने निभाई । इस दौरान प्रिंसीपल ने अपने संबोधन में कहा कि योग बच्चों तथा अध्यापकों की शारीरिक, मानसिक व भावात्मक स्वस्थ्य को सुदृ? करता हैं इस सत्र में कुलदीप चौहान योगा इंस्ट्रक्टर और मुस्कान चौहान योग एक्सपर्ट के द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से हम बच्चों के अंदर अनुशासन और एकाग्रता को विकसित कर उन्हें सफल अध्ययन के लिए प्रेरित कर सकते हैं। उसके बाद आचार्य गोपाल शर्मा प्रधान यज्ञ अनुसंधान संस्थान भंबोली द्वारा सत्र लिया गया। आचार्य गोपाल एक प्रकृति प्रवक्ता , मोटिवेशनल स्पीकर व वेद व गीता के मर्मज्ञ ज्ञाता है। अपने वाचन में उन्होंने कहा कि हमारे वेद और गीता के श्लोक बच्चों के जहां मानसिक स्तर विकसित करते हैं तो वहीं वे उनकी शारीरिक क्षमता को भी ब?ाते हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मानसिक और शारीरिक विकास व भावात्मक स्तर आपस में जु? हुए हैं और बच्चों के जीवन में अध्यापक किस प्रकार परिर्वतन कर सकता है। उसके बाद का सत्र विक्रांत वशिष्ठ डिप्टी डायरेक्टर एमएम यूनिवर्सिटी मुलाना द्वारा लिया गया उनके भाषण का मुख्य विषय रहा, विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच भावनात्मक सामाजिक मनोवैज्ञानिक स्तर पर संतुलन कैसे बनाया जाए क्योंकि आज की परिपेक्ष में इसकी बहुत अधिक आवश्यकता है।

# राजनीति के साथ सामाजिक कार्यों की मिसाल बन रहा अग्रवाल वैश्य समाज : राजेश सिंगला

अर्थ प्रकाश /अर्पण वधवा

'कुरुक्षेत्र, 30 जून ॰ अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा पिछले 16 वर्षों से समाज सेवा का नया अध्याय लिखा जा रहा है। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि जो सबको सुख बांटे, वही वैश्य है। इसी धारणा के साथ वर्ष 2009 में समाज के लिए कुछ कर गुजरने की मंशा से पानीपत में कुछ वैश्य बंधुओं ने मिलकर अग्रवाल वैश्य समाज के नाम से संगठन का गठन किया। यह संगठन प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के नेतृत्व में 500 लोगों की प्रदेश कार्यसमिति के साथ सभी जिला, लोकसभा एवं विधानसभा स्तर पर मुख्य कार्यकारिणी के अलावा, महिला, युवा एवं छात्र विंग की अलग-अलग टीमों व अपने 50 हजार से भी ज्यादा सक्रिय सदस्यों के साथ प्रदेश के कोने-कोने में सामाजिक कार्यों को नए आयाम दे रहा है। प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज समय-समय पर विभिन्न निजी और सरकारी अस्पतालों के साथ समझौता ज्ञापन कर मरीजों को रियायती दरों पर इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाने का काम कर रहा है। इसका उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को समय पर और उचित चिकित्सा सुविधा मिल सके। इसके अलावा अनेक जगहों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, नेत्र जांच, रक्तदान शिविर, कैंसर जांच और आयुर्वेदिक चिकित्सा सलाह जैसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। सिंगला ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देते हुए एवं शिक्षा को समाज के उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम मानते हुए अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा छात्रवृत्तियों, पुस्तक वितरण, डिजिटल शिक्षा उपकरणों और कोचिंग सहायता के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# पानी निकासी की लापरवाही से व्यापारी ने किया आत्मदाह का प्रयास, दो लाख से अधिक का नुकसान

अर्थ प्रकाश/ रवि पहुजा





अम्बाला /मुलाना । स्थानीय पंचायत की उदासीनता से नाराज़ एक दुकानदार ने सोमवार को मुलाना में आत्मदाह का प्रयास किया। दुकानदार का आरोप है कि नाले की सफाई न होने और गंदे पानी की निकासी बाधित रहने के कारण उसकी दुकान की बेसमेंट में पानी भर गया, जिससे करीब 2.5 लाख रुपये मूल्य का फर्नीचर खराब हो गया। दुकानदार सुमेरचंद ने बताया कि वह पिछले कई दिनों से पंचायत और संबंधित अधिकारियों को जलभराव की समस्या से अवगत करा रहा था, परन्तु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हताश होकर उसने डीजल छिड़ककर आत्मदाह करने की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने समय रहते उसे बचा लिया।

सुमेरचंद के परिजनों ने बताया कि समस्या को लेकर सरपंच, पंचायत सचिव और बीडीपीओ को शिकायतें दी गई थीं। प्रस्ताव पारित होने के बावजूद कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रही। ग्रामीण महेश ने भी बताया कि बारिश के बाद उनके घर और आसपास की दुकानों में पानी भर गया, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया है।

उधर, सरपंच प्रवीण कुमार ने बताया कि लगातार हो रही बारिश से गांव की अधिकतर गलियों और नालियों में जलभराव है। नालों की सफाई कार्य शुरू कर दिया गया है, लेकिन निकासी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। आत्मदाह के प्रयास की सूचना मिलते ही प्रशासन ने जेसीबी भेजकर सफाई कार्य तेज कर दिया। यह घटना स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। जलनिकासी की यह पुरानी समस्या यदि समय रहते सुलझाई जाती, तो स्थिति इस हद तक नहीं पहुंचती।

# एसवीएसयू में स्किल से युवाओं का भविष्य बनाने का संकल्प

20 गांवों के सरपंचों, पंचों और प्रतिनिधियों ने किया श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के स्किल मॉडल का अवलोकन

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि यह विश्वविद्यालय स्किल से युवाओं का भविष्य बनाने का संकल्प है। इस विश्वविद्यालय में जर्मनी के मॉडल पर पढ़ाई होती है। देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय ने जर्मनी मॉडल को अपनाते हुए इसे भारत के अनुकूल बनाया है। यहां टीचिंग-लर्निंग का सबसे सशक्त इकोसिस्टम विकसित हुआ है। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार सोमवार को 20 गांवों के सरपंचों, पंचों और प्रतिनिधियों की सभा को संबोधित कर रहे थे। गांव से आए सरपंचों ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय मॉडल को समझा और सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में बनी एडवांस लैब का अवलोकन किया। लैब की कार्यप्रणाली देख सभी सरपंचों ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के इस मॉडल की सराहना की।

कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि यह पलवल, फ़रीदाबाद ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का सौभाग्य है कि यह विश्वविद्यालय दुधौला गांव में स्थापित हुआ है। इस विश्वविद्यालय ने क्लासरूम और इंडस्ट्री को इस तरीके से आपस में जोड़ा है कि विद्यार्थी इंडस्ट्री में काम करने योग्य होकर ही निकलते हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कोर्स में रोज़गार के अवसर बहुत कम होते हैं, जबकि कौशल आधारित प्रोग्राम में रोज़गार लगभग तयशुदा होता है। कुशल लोगों की पूरी दुनिया में मांग है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री के साथ प्रोग्राम जुड़े होने से विद्यार्थियों को डिग्री तो मिलती ही है, साथ ही उन्हें एक ऐसी स्किल भी मिलती है, जो सीधा उन्हें रोज़गार के साथ जोड़ती है। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने सरपंचों और गांव के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को सही दिशा में लेकर जाएं और कौशल आधारित शिक्षा के साथ जोड़कर उन्हें स्वावलंबी और सशक्त बनाएं।

इससे पूर्व कुलसचिव प्रोफ़ेसर ज्योति राणा ने सभी सरपंचों और गांव से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कुशल विद्यार्थी दूसरों को भी रोज़गार दे सकते हैं और कौशल विश्वविद्यालय हरियाणा सरकार का एक अनूठा प्रयास है। विद्यार्थी इस विश्वविद्यालय में आकर अपना भविष्य संवार सकते हैं। अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर सुरेश कुमार ने विश्वविद्यालय में चलाए जा रहे सभी प्रोग्राम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सही प्रोग्राम और सही क्षेत्र का चयन विद्यार्थी का भविष्य सुनहरा बना सकता है।

# मार्केटिंग कंपनी में निवेश के नाम पर 12.37 लाख रूपये की ठगी

अर्थ प्रकाश/ रवि पहुजा

**अम्बाला।** गांव कसेरला के एक व्यक्ति से कंपनी में निवेश के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधडी़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कसेरला खुर्द निवासी राम सिंह ने मनोज कुमार नामक व्यक्ति पर गंभीर धोखाध?ी का आरोप लगाते हुए आर्थिक अपराध शाखा के माध्यम से थाना बरा?ा में मामला दर्ज करवाया है। पी?ित राम सिंह बीएसएनएल से सेवानिवृत्त हैं और उन्होंने 12,37,599 रुपये वीयूएनओ मार्केटिंग कंपनी में निवेश किए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनोज कुमार निवासी शाहकमेशपुर, जगाधरी जिला यमुनानगर ने खुद को वीयूएनओ मार्केटिंग कंपनी का डिप्टी जनरल मैनेजर बताकर राम सिंह से संपर्क किया। मनोज ने उन्हें कंपनी में निवेश करने पर हर महीने 41,243 रूपये की मासिक किस्त और 10 वर्षों के बाद मूलधन वापसी का लालच दिया। पी?ित राम सिंह ने विश्वास कर 25 जुलाई 2024 को अपने केंद्रीय बैंक शाखा उगाला के खाते से बताई गई बैंक डिटेल्स में आरटीजीएस के माध्यम से 12,37,599 रूपये आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। शुरू में तीन महीनों तक उन्हें लगभग 89,000 की राशि किस्तों के रूप में प्राप्त हुई लेकिन इसके बाद कोई भुगतान नहीं हुआ। आरोपर से कई बार संपर्क करने और पंचायत कराने के बाद भी जब कोई समाधान नहीं निकला, तो राम सिंह ने 7 अप्रैल 2025 और 5 मई 2025 को पुलिस अधीक्षक अंबाला को शिकायत सौंपी। लेकिन कार्रवाई ना होते देख, उन्होंने उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की। जांच के दौरान यह सामने आया कि मनोज कुमार का भाई जोकि यमुनानगर पुलिस में कार्यरत था, वह इस मामले में हस्तक्षेप कर रहा था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी दबाव में अब तक कोई भी उचित कार्रवाई नहीं हुई। अंत में आर्थिक अपराध शाखा अंबाला और बरा?ा पुलिस द्वारा तफ्तीश के बाद मामला सुसंगत पाया गया और थाना बरा?ा में यह मामला दर्ज किया गया।




# हरियाणा में 13 साल बाद होंगे स्टेट गेम, एचओए ने बनाई सर्च कमेटी

- जगह और समय तय करेगी कमेटी, जिलों के स्टेडियम का होगा दौरा
- फुटबाल के लिए 2 व 3 को ट्रायल, बनाई गई एडहॉक कमेटी
- हरियाणा ओलंपिक संघ की बैठक में हुए कई फैसले




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 जून।** हरियाणा के खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। लगभग 13 वर्षों के बाद प्रदेश में 'स्टेट गेम्स' होंगे। हरियाणा ओलंपिक संघ ने ये खेल करवाने का निर्णय लिया है। स्टेट गेम्स इसी साल होंगे। इससे पहले 2012 में आखिरी बार स्टेट गेम्स हुए थे। हालांकि समय और जगह अभी तय नहीं की है। इसके लिए संघ ने सर्च कमेटी बनाने का निर्णय लिया है। वहीं फुटबाल खिलाड़ियों के लिए ट्रायल 2 व 3 जुलाई को पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में होंगे।

ट्रायल के लिए फुटबाल की एडहॉक कमेटी का गठन किया है। सोमवार को पंचकूला स्थित हरियाणा ओलंपिक संघ कार्यालय में हुई सालाना जनरल बॉडी और मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में ये निर्णय लिए गए। ओलंपिक संघ के अध्यक्ष जसविंद्र सिंह कप्तान मीनू बेनीवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संघ के महासचिव व हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार भी मौजूद रहे। बैठक में खिलाड़ियों की समस्याओं, खेल परिसरों में सुधार सहित कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

साथ ही, यह तय किया गया कि मैनेजमेंट कमेटी (प्रबंधन समिति) की बैठक अब हर माह के पहले मंगलवार को होगी। बैठक में संघ कोषाध्यक्ष मनजीत सिंह, उपाध्यक्ष - मुकेश शर्मा विधायक, नीरज तंवर, सुनील मलिक, अनिल खत्री, जितेंद्र सिंह व राकेश सिंह तथा कार्यकारी सदस्य रोहित पुंडीर, सुरेखा व प्रिया मौजूद रहे। वहीं एजीएम में सभी 22 जिलों के ओलंपिक संघ सचिव, खेल विश्विविद्यालय, पुलिस खेल टीम, एचएसआईआईडीसी तथा बिजली निगमों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

फुटबाल के लिए बनाई गई एडहॉक कमेटी का अध्यक्ष नीरज तंवर को बनाया है। कमेटी में अनिल खत्री, रोहित पुंडीर, सुरेखा व प्रिया को बतौर सदस्य शामिल किया है। बैठक में संघ अध्यक्ष जसविंद्र सिंह कप्तान मीनू बेनीवाल ने कहा कि सभी फेडरेशन को खिलाड़ियों को तैयार करने पर विशेष फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओलंपिक संघ 2036 के ओलंपिक खेलों की तैयारियों के हिसाब से काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि ओलंपिक संघ सभी फेडरेशन के साथ सहयोग से आगे बढ़ेगा। कैबिनेट मंत्री व महासचिव कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलों को लेकर काफी गंभीर हैं। उन्होंने सभी सांसदों को भी निर्देश दिए हुए हैं कि वे खेलों के साथ जुड़ें ताकि अच्छे खिलाड़ी तैयार किए जा सकें। उन्होंने कहा कि सभी खेल फेडरेशन का फर्ज बनता है कि वे अच्छे खिलाड़ी तैयार करें ताकि देश व प्रदेश का नाम रोशन हो। इस मौके पर गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि अगर स्टेट गेम्स का आयोजन गुरुग्राम में होता है तो वे हरसंभव मदद करेंगे।

## सीआईडी पार्क में दो किशोरों पर जानलेवा हमला

**पंचकूला (अप्रस)।** सेक्टर 19 के सीआईडी पार्क में घूमने गए दो किशोरों पर अज्ञात हमलावरों ने चाकू से हमला कर दिया। एक किशोर के गुप्तांग और दूसरे की छाती में चाकू से कई बार करने के बाद हमलावर फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस ने घायलों को सेक्टर 6 के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाकर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस की जांच में दोनों किशोरों की पहचान सेक्टर 19 निवासी फैजान और बलटाना निवासी नकुल के रूप में हुई। पुलिस इस हमले को आपसी रंजिश से जोड़ कर जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नकुल बलटाना से फैजान के साथ घूमने के लिए आया। पुलिस की पड़ताल में फैजान के मुताबिक वे जैसे ही पार्क में दाखिल हुए तभी हथियारबंद कुछ लड़के दाखिल हुए और उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने चाकू से फैजान के गुप्तांग पर चाकू से वार किए। वह गंभीर होकर जमीन पर गिर गया। हमलावरों ने नकुल को पकड़ कर उसकी छाती पर वार किया और फरार हो गए। बताया जा रहा है कि हमलावर भी किशोर हैं। पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंची और घायलों को उठाकर अस्पताल ले गई। दोनों की हालत अस्पताल में स्थिर बनी हुई थी। पुलिस का कहना है कि वारदात की जगह आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई जिसके आधार पर हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

## आजादी की लड़ाई में शहीद सैनिकों के वंशज परिवारों की समस्या का समाधान करें सरकार: श्रीभगवान फौगाट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 30 जून।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की सेना अमर शहीद गुमनाम रह गए स्वतंत्रता सेनानी सैनिकों का आजाद हिन्द फौज राष्ट्रीय अभिलेखागार से रिकॉर्ड ढूंढ कर सम्बंधित विभागों के माध्यम से रिकॉर्ड वंशज परिवारों को सौंपने स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दिलाने में लगे स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी श्रीभगवान फौगाट द्वारा बताया गया है कि इस विषय में संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार द्वारा सभी जिला प्रशासन को जांच पड़ताल कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजने के लिए पत्र 17/09/2019,14/01/2020,22/07/2021,16/06/2022,07/07/2023 व पुनः 17/06/2025 को भी रिमाइंडर पत्र भी लिखे गए हैं।

सम्बंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा भी इसी प्रकार से जांच रिपोर्ट मंगवाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा भी लिखे जा रहे हैं उदाहरण के लिए चरखी दादरी जिला प्रशासन द्वारा पत्र 18/05/2018,18/06/2018,26/10/2018,28/11/2018,16/01/2019,12/02/2019,28/06/2019,30/09/2022 व पुनः 12/122022 रिमाइंडर पत्र लिखें जा चुके हैं।

जिला प्रशासन गुरु ग्राम द्वारा लेफ्टिनेंट अमर सिंह गांव विलासपुर के रिकार्ड आजाद हिन्द फौज की जांच अभिलेखागार से करा स्वतंत्रता सेनानी होने कि सिफारिश सहित रिपोर्ट भेजने पर 23 जनवरी 2025 को स्वतंत्रता सेनानी का सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है जिसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया है जबकि ऐसे सैंकड़ों मामले विचाराधीन है

शोधकर्ता फौगाट के द्वारा बताया गया है कि उन्होंने गांव गांव जाकर परिवारों को ढुंढ कर रिकॉर्ड भी उपलब्ध कराएं जाने से जानकारी प्राप्त हुई है कि ऐसे कुछ अमर शहीद सैनिकों का नाम गांव के गौरव पट्ट पर लिखा हुआ है जबकि उन्हें स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा नहीं है शायद इसलिए सम्बंधित अधिकारियों के लिए भी स्वतंत्रता सेनानी होने कि जांच रिपोर्ट तैयार कर भेजना चुनौती बना हुआ है जबकि ऐसे सैंकड़ों अमर शहीद सैनिकों का रिकॉर्ड आजाद हिन्द फौज ढुंढ कर दिया जा चुका है लेकिन आज तक अनेकों परिवारों तक रिकॉर्ड नहीं पहुंच पाया है जो कि शर्मनाक है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस विषय में संज्ञान लेते हुए कोई ठोस कदम उठाकर जल्द स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद सैनिक होने कि जांच रिपोर्ट मंगवाकर परिवार वंशजों का सम्मान करें ताकि उन्हें भी गर्व हो कि वह भी स्वतंत्रता सेनानियों के बंशज है।




## स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन पंचकूला सीटू ने किया 9 जुलाई को हड़ताल का ऐलान

- यूनियन प्रधान रमा ने कहा हरियाणा के सभी स्वास्थ्य ठेका कर्मचारियों को किया जाए पक्का

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 30 जून।** स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन पंचकूला के बैनर तले देश के केन्द्रीय श्रमिक संगठन और कर्मचारी संगठन अपनी मांगों को लेकर 9 जुलाई को एक दिवसीय हड़ताल करेंगे। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, सभी बेरोजगारों को रोजगार देने जैसे मुद्दे भी इस हड़ताल के प्रमुख मुद्दे हैं। यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन की सीटू जिला प्रधान रमा ने पंचकूला सिविल हॉस्पिटल सेक्टर 6 के सभी कर्मचारियों की पुरानी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल का ऐलान किया है। प्रधान रमा ने कहा कि हड़ताल में सभी मेहनतकश वर्कर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बार बार आश्वासन देने के बावजूद कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा है। यही कारण है की सभी स्वास्थ्य ठेका कच्चा कर्मचारियों में भारी रोष है और हड़ताल करने पर मजबूर हैं। रमा ने कहा जब तक सभी कच्चे कर्मचारियों को सरकार पक्का नहीं कर देती तब तक सरकार का पीछा नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा जिला पंचकूला की तरफ से ठेका कर्मचारी आशा वर्कर, मिड डे मील वर्कर, भवन निर्माण के मजदूर, रेहड़ी फड़ी के मजदूर, ग्रामीण चौकीदार, भट्ठा मजदूर, नगर पालिका संघ कर्मचारी, और सभी कर्मचारियों से प्रधान हड़ताल में हिस्सा लेंगे।

उन्होंने बताया कि पिछले दिनों हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक लेटर जारी किया था जिसमें लिखा था कि सभी कच्चे कर्मचारियों को 58 साल से 60 साल तक की जॉब सिक्योरिटी दी जाएगी। सभी पक्के कर्मचारी की तरह सभी कच्चे कर्मचारियों को वेतन दिया जाएगा लेकिन अभी तक कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया है। इस वजह से सभी स्वास्थ्य ठेका कर्मचारियों में भारी रोष है। सचिव सतीश कुमार, उप प्रधान रीता देवी, भीम कुमार, यूनियन के सदस्य जगत राम, जगदीश फरहा, मनजीत, पवन कुमार, सुनील, रिंकू, शेखर, अक्षय, संजीव, बलराम, एकता, अनुराधा सभी ने इकट्ठे होकर किया 9 जुलाई की हड़ताल का ऐलान किया।

## विनय दीवान बने अग्रवाल समाज सफीदों के प्रधान

अर्थ प्रकाश/दीवान



**सफीदों, 30 जून।** प्रमुख समाजसेवी एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े विनय दिवान को अखिल भारतीय अग्रवाल समाज खंड सफीदों का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार गोयल के दिशा-निर्देश पर जिला खंड प्रभारी सावर गर्ग द्वारा की गई है। विनय दीवान पहले भी समाज में उल्लेखनीय भूमिका निभा चुके हैं और उनकी कार्यशैली के कारण उन्हें पुनः यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ साथ प्रमुख समाजसेवी महावीर मितल को अग्रवाल समाज सफीदों खंड का संयोजक नियुक्त किया गया है। महावीर मित्तल समाज सेवा और संगठित कार्यों में वर्षों से सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वही साथ ही प्रमुख व्यापारी प्रवीण मितल को महासचिव की जिम्मेवारी दी गई है। इन तीनों पदाधिकारियों की नियुक्तियां करते हुए साथ ही प्रदेश मुख्यालय द्वारा ये निर्देश जारी किए गए है कि खंड अध्यक्ष अपने संयोजक एवं महासचिव के मार्गदर्शन में आगामी एक सप्ताह के भीतर पूरी कार्यकारिणी का गठन सुनिश्चित करें और समाज हित में योजनाबद्ध ढंग से कार्य प्रारंभ करें।

अग्रवाल समाज सफीदों के प्रधान विनय दीवान, संयोजक महावीर मितल और महासचिव प्रवीण मित्तल की नियुक्ति पर क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने खुशी जताई है और कहा है कि ये तीनों पदाधिकारी पिछले लम्बे समय से समाज सेवा से जुडे है। इनके नेतृत्व में अग्रवाल समाज के बैनर तले क्षेत्र में और ज्यादा समाज के कार्य होंगे ऐसा उन्हे विश्वास है। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का कहना है कि वे समाज द्वारा सौंपी गई अपनी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और समाज को संगठित और सशक्त बनाने का कार्य करेंगे। उनका उद्देश्य समाज को संगठित करते हुए सेवा, सहयोग और विकास के कार्यों को गति देना रहेगा।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)